


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, डिजिटल और जातिगत जनगणना पहली बार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 316, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



**आज का मौसम** 32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना | सूर्योदय 05 : 21 सूर्यास्त 07 :06

कानपुर नगर, रविवार, 6 जुलाई 2025

अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है भारत : गोयल...12

## रामबन में काफिले की 5 बसों में टक्कर, 36 श्रद्धालु घायल

**रामबन / जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को एक बस के चार अन्य बसों को टक्कर मारने से अमरनाथ यात्रा पर जा रहे 36 श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ये बसें जम्मू के भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे काफिले का हिस्सा थीं।

दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुई, जिसने बाद में चार अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने बताया कि बस पर से चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस ने चंद्रकूट लंगर स्थल पर वाहनों को टक्कर मार दी।

**अमरनाथ यात्रा**

### जम्मू आधार शिविर से 6,900 से अधिक श्रद्धालु रवाना

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भारी बारिश के बीच शनिवार तड़के 6,900 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि दो जुलाई को 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक करीब 30,000 श्रद्धालु 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।

## हड्डियों के स्वास्थ्य और विकिरण जोखिम का किया अध्ययन

### शुभांशु के साथ अन्य अंतरिक्ष यात्री हुए शामिल, इससे पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर इलाज की संभावना



अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शुभांशु शुक्ला।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य यात्रियों ने एक दिन के अवकाश के बाद शनिवार को अध्ययन किया कि हड्डियां सूक्ष्मगुरुत्व स्थितियों पर किस प्रकार प्रतिक्रिया करती हैं।

यह एक ऐसा प्रयोग है, जिससे पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर इलाज की संभावना बढ़ सकती है। शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत 26 जून को आईएसएस पर पहुंचे थे। उड़ान के दसवें दिन, शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर विकिरण जोखिम की निगरानी के लिए एक प्रयोग में भी हिस्सा लिया, जो पृथ्वी से दूर लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशनों पर अंतरिक्ष यात्रियों की बेहतर सुरक्षा में मदद कर सकता है। एक्सिओम-4 चालक दल में शुक्ला (39) और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि शुक्ला ने अंतरिक्ष सूक्ष्म शैवाल जांच के लिए नमूने तैनात किए। ये छोटे जीव एक दिन अंतरिक्ष में जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, भोजन, ईंधन और यहां तक कि सांस लेने योग्य हवा भी प्रदान कर सकते हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर हड्डियों के प्रयोग में हिस्सा लिया, जिससे यह जानकारी मिली कि अंतरिक्ष में हड्डियां किस प्रकार खराब होती हैं और पृथ्वी पर वापस आने पर वे किस प्रकार ठीक हो जाती हैं।

### अंतरिक्ष में डिजिटल ट्विन का निर्माण कर रहे शोधकर्ता

एक्सिओम स्पेस ने कहा कि हड्डियों के निर्माण, सूजन और वृद्धि से संबंधित जैविक मार्कर का विश्लेषण करके, शोधकर्ता एक 'डिजिटल ट्विन' का निर्माण कर रहे हैं। 'डिजिटल ट्विन' एक भौतिक वस्तु, प्रक्रिया, या प्रणाली का एक आभासी, डिजिटल रूप है। यह वास्तविक दुनिया की वस्तु के साथ वास्तविक समय में डेटा का आदान-प्रदान करके, उसके व्यवहार को समझने, समस्याओं का पता लगाने और भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि शुक्ला ने आईएसएस पर 'टार्डिग्रेड्स' से जुड़े सूक्ष्मगुरुत्व प्रयोग को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने कहा कि अध्ययन अंतरिक्ष में उनके अस्तित्व, पुनरुत्थान और प्रजनन व्यवहार पर केंद्रित था।

**एक नजर**

### संभल हादसा पीड़ितों के लिए मदद राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में कार दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के निकट परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा प्रत्येक घायल को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के संभल में दुर्घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। उल्लेखनीय है कि संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक कार के दीवार से टकराने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

### तकनीकी खराबी से थाई लायन एयर की उड़ान रद्द

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की एक उड़ान शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार विमान शुक्रवार देर रात करीब 1.35 बजे कोलकाता में उतरा। विमान को कोलकाता से बैंकॉक डॉन मुआंग के लिए 2.35 बजे उड़ान भरनी थी।

# बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं को सरकार देगी तीर्थ यात्रा का खर्च

### मुख्यमंत्री योगी ने किया बौद्ध तीर्थ दर्शन और पंच तख्त यात्रा योजना का एलान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बौद्ध व सिख श्रद्धालुओं के लिए बौद्ध तीर्थ दर्शन और पंच तख्त यात्रा योजना का एलान किया। इसमें श्रद्धालुओं को यात्रा की पूरी व्यवस्था के साथ 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। योगी ने कहा कि नई तीर्थ यात्रा योजनाएं धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को अपने आवास पर बौद्ध और सिख धर्म के अनुयायियों के लिए तीर्थ यात्रा अनुदान के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से तैयार कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण देखा। इस दौरान बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए बड़ा निर्णय लिया। निर्देश दिए कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं हेतु 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारम्भ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें। प्रस्तावित दोनों ही योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10 हजार की धनराशि अनुदान के रूप में दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए, श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनों ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से संचालित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ये योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और सबका साथ, सबका विकास की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।



अपने सरकारी आवास पर धर्मार्थ कार्य विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- श्रद्धालुओं को योगी सरकार से यात्रा की पूरी व्यवस्था और 10 हजार रुपये मिलेंगे
- धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी नई तीर्थ यात्रा योजनाएं : योगी

### बौद्ध भिक्षुओं को दी जाएगी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री के मंशानुसार बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### देश के पांच पवित्र तख्त साहिब की यात्रा करेंगे सिख

योगी सरकार की पंच तख्त यात्रा योजना सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के सिख श्रद्धालुओं को भारत के पांच पवित्र तख्त साहिब की यात्रा कराई जाएगी। जिसमें श्री आनंदपुर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब, श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना साहिब) शामिल हैं।

## नीरव मोदी का भाई निहाल अमेरिका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे।

प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है।

निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है। सीबीआई के आरोप-पत्र के अनुसार, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के माध्यम से फर्जी 'लेटर ऑफ अंडरटेकिंग' (एलओयू) जारी करके पीएनबी से लगभग 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी।



निहाल मोदी

- पीएनबी धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कार्रवाई

### ब्रिटेन में रह रहा हथियार डीलर भंडारी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया। इस आदेश से संघीय जांच एजेंसी को मजबूती मिली है, क्योंकि अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी। हाल ही में ब्रिटेन की एक अदालत ने भंडारी के प्रत्यर्पण के खिलाफ फैसला सुनाया था, जिसके बाद उसके भारत आने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था।

## सुखबीर सिंह बादल को घोषित किया तनखैया

**चंडीगढ़।** बिहार की राजधानी पटना में स्थित तख्त श्री पटना साहिब के जत्थेदारों ने शनिवार को शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को उनके समक्ष उपस्थित न होने और निर्देशों की अनदेखी करने के लिए 'तनखैया' (धार्मिक दंड का दोषी) घोषित किया। तख्त श्री पटना साहिब सिख धर्म की पांच प्रमुख धार्मिक तख्त में से एक है। अमृतसर में अकाल तख्त सर्वोच्च धार्मिक तख्त है। पिछले साल अगस्त में अकाल तख्त ने बादल को 'तनखैया' घोषित किया था।

उन्हें दिसंबर में पंजाब में शिरोमणि अकाली दल सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई 'गलतियों' के लिए धार्मिक सजा (तनखाह) दी गई थी। तख्त श्री पटना साहिब के जत्थेदार और मुख्य 'ग्रंथी' ज्ञानी बलदेव सिंह ने शनिवार को बिहार के पटना में बादल को तनखैया घोषित करने का फैसला सुनाया।

- तख्त पटना साहिब के मुख्य ग्रंथी ने सुनाया फैसला

## श्रीराम से जुड़े तीर्थस्थलों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लोकप्रियता के मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई से श्रीरामायण यात्रा के नाम से अपनी पांचवीं विशेष ट्रेन यात्रा शुरू करने जा रहा है।

यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित समारोह के बाद से शुरू हुई श्रृंखला का हिस्सा है। आईआरसीटीसी के अनुसार श्री रामायण यात्रा 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और इसमें भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक स्थलों को शामिल किया जाएगा।

यात्रा की शुरुआत अयोध्या से होगी और इसके बाद नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर, बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और अंत में दक्षिण भारत के रामेश्वरम द्वीप तक जाएगी, जिसके बाद यह यात्रा दिल्ली लौटकर समाप्त होगी।

**आईआरसीटीसी ने की घोषणा**

- श्रीरामायण यात्रा के तहत 30 से अधिक स्थलों के होंगे दर्शन

## फूल किसानों को बड़ी राहत मंडी शुल्क से मिली मुक्ति

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल की खेती करने वाले किसानों को बड़ी राहत दी है। अब मंडी परिसर से बाहर व्यापार करने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा, जबकि मंडी परिसर में उनसे मात्र प्रयोक्ता शुल्क लिया जाएगा। इसी के साथ मंडियों में 'शबरी कैंटीन' स्थापित होगी, जहां सस्ता और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मंडी परिषद की ओर से एफडीआर तकनीक से ही नई सड़कों का निर्माण हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को हुई उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक में सभी प्रकार के फूलों को विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद की श्रेणी से हटाकर गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मंडी शुल्क से मुक्ति दे दी गई।



- मुख्यमंत्री योगी ने लिया फैसला

## 20 साल बाद साथ आए ठाकरे बंधु

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का करीब 20 वर्ष बाद शनिवार को 'मिलन' हुआ और दोनों के महाराष्ट्र और मराठी-मानुष के मुद्दे पर मंच साझा करने पर राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के नेता ठाकरे बंधुओं के मिलन पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

उद्धव ठाकरे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संस्थापक अध्यक्ष राज ठाकरे फिलहाल किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे से मतभेद के बाद वर्ष 2005 में बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से खुद को अलग कर लिया था। वर्ष 2026 में शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जयंती और शिवसेना का 60वां स्थापना वर्ष होगा।

- उद्धव-राज की एकता से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल



### यह तो बालासाहेब भी नहीं कर सके थे : राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को विजय रैली में मजाकिया अंदाज में कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें और उद्धव को साथ ला दिया, यह ऐसा काम है जो बालासाहेब ठाकरे भी नहीं कर सके। विजय रैली का उद्देश्य राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाना था।

## पुंछ में आतंकी ठिकाना ध्वस्त हथियारों का जखीरा बरामद

**मेंढर/जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के जंगलों में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले (हैंड ग्रेनेड), एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की छह गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की गईं। इस बीच, किश्तवाड़ जिले के चतरू के वन क्षेत्र में आतंकवाद रोधी अभियान शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सुरक्षा बलों ने बुधवार शाम जंगल में छिपे आतंकियों को घेरकर यह अभियान शुरू किया था। इस दौरान कई घंटों तक सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ भी हुई थी, लेकिन वे (आतंकी) अंधेरे, घने जंगल और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर वहां से भाग गए थे।

- किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाबलों का आतंकवादरोधी अभियान जारी

## मानव तस्करी में एनआईए ने दो को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अवैध मार्ग के जरिए अमेरिका में मानव तस्करी के एक मामले में कथित रूप से शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। एनआईए के अनुसार आरोपियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धर्मशाला निवासी सनी उर्फ सनी डोनकर और पंजाब के रोपड़ निवासी शुभम संधल उर्फ दीप हुंडी के रूप में हुई है।

## आदित्य-एल 1 ने सूर्य के रहस्यों को खोलना किया शुरू

### मिशन के शुरुआती चरण के परिणाम उत्साहवर्धक, हल्द्वानी में बना सूर्य की गतिविधि का डेटा प्रोसेसिंग केंद्र

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** भारतीय सौर मिशन आदित्य-एल1 ने सूर्य की रहस्यमय गतिविधियों की तस्वीरों को उजागर करना शुरू कर दिया है। इस सोलर साइकिल में सौर ज्वालाओं की रिकॉर्डिंग करने में शानदार सफलता हासिल की है।

अभी तक की टेस्टिंग में आदित्य एल 1 के अधिकांश उपकरणों ने सटीक रिजल्ट दिए हैं। सूर्य की गतिविधि का डेटा प्रोसेसिंग का एक केंद्र हल्द्वानी में भी बनाया गया है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम (केरल) के निदेशक एवं आदित्य-एल1 के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि सूर्य की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आदित्य-एल1 को 6 जनवरी 2024 में लैगरेंज बिंदु1 (एल1) स्थापित किया गया था। तभी से इससे टेस्टिंग कार्य को शुरू कर दिया गया था। इसका प्रमुख कार्य सूर्य में होने वाली हलचल, जैसे कि सौर ज्वाला, सौर तूफान, सौर कलंक समेत अंतरिक्ष मौसम की जानकारी जुटाना है। आदित्य के कैमरे ने एक्स फ्लेयर कही जाने वाली सबसे बड़ी ज्वालाओं को देखा और रिकॉर्डिंग की है। प्रो. बनर्जी के अनुसार प्रारंभिक जांच में अधिकांश उपकरणों ने सटीक रिजल्ट देने शुरू कर दिए हैं, जबकि अन्य उपकरणों का टेस्टिंग कार्य जारी है, जिसमें अभी समय लगेगा। हाल के दिनों में आदित्य द्वारा ली गई तस्वीरें उत्साहवर्धन करने वाली रही हैं। बहरहाल मिशन का पहला चरण सफल साबित हुआ है। तस्वीरों के डेटा प्रोसेसिंग के कार्य को लेकर विभिन्न स्थानों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। अब डेटा प्रोसेसिंग से सामने आने वाले वैज्ञानिक निष्कर्षों का महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। हल्द्वानी के बीएसएनएल परिसर में भी डेटा प्रोसेसिंग सेंटर बनाया गया है।




सूर्य की सतह पर उभरे सौर कलंक।

### दुनिया की मदद करेगा आदित्य-एल 1

**नैनीताल।** प्रो. दीपांकर बनर्जी से फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि सूर्य की निगरानी को लेकर आदित्य एल 1 मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष स्पेस एजेंसी नासा व यूरोपियन स्पेस एजेंसी ईसा का संयुक्त मिशन सोहो के बाद दूसरा मिशन है। सोहो का कार्यकाल बहुत कम रह गया है और आदित्य-एल1 मिशन सोहो की तरह अपना दायित्व निभाने के लिए तैयार है, जिस कारण भविष्य में दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर आदित्य एल1 पर रहेगी।


सीसामऊ नाला उफनाने से ग्वालटोली में भरा पानी। अमृत विचार


शहर की सबसे पॉश बाजार नवीन मार्केट का हाल। अमृत विचार


गोविंदनगर में घुटने-घुटने भर भरा पानी। अमृत विचार

**सीसामऊ नाला ओवरफ्लो, घरों और बाजारों में घुसा पानी, खलवा पुल फिर बंद**

# सड़कों पर घुटने तक पानी और गले तक जाम, स्मार्ट सिटी को सलाम...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने एक बार फिर शहर को पानी-पानी कर दिया। बरसात से मुख्य सड़कों के साथ गली मोहल्लों में भी पानी भर गया। सीसामऊ नाला उफनाया और तीन फीट ऊपर बहने लगा। इससे ग्वालटोली और आस-पास के क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जलभराव की वजह से जूही पुल पर यातयात ठप हो गया। शहर की प्रमुख बाजारों में भी पानी भर गया। गलीपिट और जाम नालों की वजह से काफी देर तक पानी भरा रहा। खुदी सड़कों में बरसात का पानी भरने से लोगों को चलना दूभर हो गया है।

ग्वालटोली क्षेत्र में कमर तक पानी भर गया। जिसके बीच राहगीर व स्थानीय लोग परेशान रहे। सिविल लाइंस, वीआईपी रोड, मॉल रोड, मोतीझील, स्वरूप नगर समेत शहर के पॉश इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गईं। जूही खलवा पुल एक बार फिर से भर गया। जिससे पुल के दोनों ओर बैरीकेडिंग लगाकर यातायात रोका गया। मरियमपुर से फजलगंज, गोविंद नगर, साकेत नगर, जालपा नगर, परमपुरवा, बर्रा, सचान रोड, यशोदा नगर समेत दक्षिण के कई इलाके पानी में डूबे रहे। बरसात की वजह से छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार भी थम गई। कई चौराहों पर भीषण जाम की स्थिति बनी।

### सैकड़ों वाहन जलभराव में बंद, खींचकर ले गए

बकरमंडी ढाल समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव के कारण लोगों के दो पहिया एवं चार पहिया वाहन बंद हो गए जिससे लोग परेशान हुए। किसी तरह धक्का लगाकर वाहनों को पानी से बाहर निकला। जलभराव से सबसे अधिक दिक्कत चमनगंज के मौला दूध का चौराहा, मुद्दी पान का चौराहा, रशीद बनिया चौराहा, कंघी मोहाल मदरसा इख्वानुल मुसलमीन, नाजिम चौराहा, नाला रोड, कर्नलगंज नीची सड़क पर दिक्कत आई। यहां घंटों लोग जलभराव के कारण घरों में कैद रहे और कई राहगीर वाहन सहित पानी में गिरे।


गोविंदपुरी पुल रात तक जाम से जकड़ा रहा। अमृत विचार


दादानगर पुल और सर्विस लेन भी रात तक जाम रही। अमृत विचार

## यातायात ध्वस्त, जाम में लोग पस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बकरमंडी ढाल पर भीषण जलभराव, चुन्नीगंज व ईदगाह में वाहन उलझे रहे
- पांडु नगर गुरुद्वारा, फंड ऑफिस के सामने समेत कई जगह यातायात फंसा

**अमृत विचार।** शनिवार शाम बारिश ने यातायात व्यवस्था को चौपट कर दिया। हर इलाके में जाम लगा। जलभराव और जाम से झुंझलाए लोग सिस्टम को कोसते रहे। हजारों वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। सबसे अधिक दिक्कत जलभराव वाले मार्गों पर आई, जहां उलटे सीधे वाहनों के आने से लोग जाम से निकलने में पस्त पड़ गए। रात तक गोविंदपुरी, दादानगर और जाजमऊ पुल भी जाम रहा। गोविंदपुरी पुल पर भीषण जाम लगा रहा।

शनिवार को शाम 4 बजे के बाद पूरा शहर जाम के शिकंजे में जकड़ गया। बकरमंडी ढाल पर घुटनों तक जलभराव के कारण दर्जनों दो पहिया, चार पहिया वाहन पानी में जाते ही बंद हो गए। लोगों ने स्लाटर हाउस और थाना बजरिया की ओर निकलने की कोशिश की जिससे चुन्नीगंज से बड़ी ईदगाह बकरमंडी तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं।

यही हाल परेड से बड़ा चौराहा जाने वाले मार्ग का था। यहां वाहनों की कई किमी लंबी लाइन लगी रही। इसी प्रकार प्रेमनगर में घुटनों तक जलभराव होने के कारण पी रोड जाने वाला मार्ग घंटों बंद रहा और सैकड़ों राहगीर फंसे रहे। गुरुद्वारा पांडुनगर के पास जलभराव होने के कारण दर्जनों वाहन फंसे रहे जिससे वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। फंड ऑफिस के सामने जलभराव के कारण हैलट पुल तक जाम लगा रहा। जेके मंदिर के गेट पर जलभराव के कारण वाहन उलझे रहे। आरटीओ आफिस के बाहर श्रम न्यायालय तक घुटनों तक जलभराव होने से लोग बदले रास्ते से निकले।

### वाहन सवारों के बीच विवाद

- आईटीआई चौराहे पर लगे जाम से वाहन सवार हलकान रहे। इसी तरह काकादेव नीरक्षीर चौराहे पर भी जाम की झल्लाहट से वाहन सवारों के बीच विवाद होता रहा। पराग दूध डेरी से फजलगंज चौराह तक भी भीषण जाम रहा। जाम में जनप्रतिनिधि भी फंसे रहे। जलभराव के बीच पनपे जाम से वाहन सवारों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।



क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की बैठक। अमृत विचार

## भाजपा हर बूथ पर लगाएगी 10 पौधे

**कानपुर।** भाजपा 9 जुलाई से विशेष वृक्षारोपण अभियान शुरू करेगी। इस अभियान में क्षेत्र के 17 जिलों के प्रत्येक बूथ पर 10 वृक्ष लगाए जाएंगे। शनिवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा क्षेत्रीय मुख्यालय में बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर लगाए जाने वाले 10 वृक्षों की देखभाल के लिए 10 वृक्ष पालक नियुक्त किए जाएंगे, जो नियमित रूप से इन पौधों की निगरानी और सुरक्षा का दायित्व निभाएंगे। क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है, जो जिलावार निगरानी करेगी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि मॉनिटरिंग टीम में 17 और सदस्यों को जोड़ा गया है जो जिलों में निगरानी करेंगे। बैठक में पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, मोहित सोनकर, वीरेंद्र तिवारी, शोभा श्रीवास्तव, दिनेश मौर्या आदि थे।

## बारिश से गंगा में उफान, बैराज के सभी गेट खोले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लगातार हो रही बारिश से गंगा नदी उफान पर है। पिछले तीन दिनों में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। शहर में अटल घाट की सीढ़ियां डूब गईं हैं। वहीं, परमट, सरसैया घाट, गोला घाट समेत अन्य घाटों पर भी ऊपर तक पानी आ गया है। बैराज पर 113 मीटर के करीब गंगा का जलस्तर पहुंच गया है। नरोरा से शहर आ रहे पानी को मैनेज करने के लिए बैराज के सभी 30 गेट खोलने पड़ गए।

गंगा बैराज की अपस्ट्रीम पर जलस्तर 112.900 मीटर पर और डाउन स्ट्रीम में 112.320 मीटर पर रहा। शुक्लागंज की तरफ भी जलस्तर बढ़कर 110.630 मीटर पर पहुंच गया। शुक्लागंज के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग सामान को सुरक्षित करने में जुट गए हैं। शनिवार को 83 हजार 594 क्यूसेक पानी को छोड़ा गया, इससे बैराज के आगे तेजी से पानी गया और घाटों पर ऊपर तक पहुंच गया है। चेतावनी बिंदु से डेढ़ मीटर पानी नीचे है। आपदा प्रबंधन जुगबीर सिंह ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए अपने पास सारे इंतजाम हैं।


अटल घाट में गंगा तट तक पानी पहुंच गया है। अमृत विचार

- अटल घाट की सीढ़ियां पानी में डूबीं, 113 मीटर के करीब पहुंचा जलस्तर
- शुक्लागंज और गंगा किनारे रहने वाले लोग हटाने लगे अपना सामान

**05 जुलाई शाम तक गंगा का जलस्तर**

| | |
|---|---|
| अप स्ट्रीम में पानी | 112.900 मीटर |
| डाउन स्ट्रीम | 112.320 मीटर |
| शुक्लागंज | 110.630 मीटर |
| हरिद्वार से छोड़ा गया पानी | 89776 क्यूसेक |
| नरोरा से छोड़ा गया पानी | 86603 क्यूसेक |
| कानपुर से छोड़ा गया पानी | 105011 क्यूसेक |

## विवाहिता का शव लटका मिला परिजनों का हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू में महिला का शव फंदे से लटका देख परिजनो में चीख-पुकार मच गई। ससुरालियों ने फांसी लगाने, जबकि मायकेवालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दहेज के लिए गला कसकर हत्या की गई है। आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से पर लटकाया गया है।

मझावन निवासी मुजीब खान की शादी 2022 में औरैया के फंफूद की रहने वाली सैयदा से हुई थी। वह बाइक रिपेयरिंग का काम करता है। मुजीब के अनुसार शुक्रवार रात सभी खाना खाने के बाद सोने चले गए। रात में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। औरैया से आए सैयदा के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि मुजीब दहेज में कार की मांग कर रहा था। वह अक्सर मारपीट करता था। बड़े भाई हसमत के अनुसार बीते कई माह में 50-50 हजार करके तीन बार में डेढ़ लाख रुपये दे चुके हैं। उसके बाद भी मुजीब की डिमांड खत्म नहीं हो रही थी। बहन के ससुरालीजनों ने उसका गला कसकर हत्या की है। बाद में फंदे से लटकाया है। बिधनू पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके वालों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।


सैयदा खान।

**राजनीति** | दो दशक के बाद तिलक हाल रहा कार्यकर्ताओं से फुल, नवनियुक्त कमेटी का पदभार एवं संकल्प समारोह

## बागी कांग्रेसी घबराए-शपथ ग्रहण में दौड़े-दौड़े आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजन 2027 विस चुनाव को ध्यान में रखते हुए युवाओं संग नए कलेवर-तेवर के साथ कांग्रेस एक बार फिर मैदान में उतरी है। हाईकमान की नजरें टेढ़ी देख न चाहते हुए भी बागी कांग्रेसी शपथग्रहण समारोह में पहुंचे और अपने को सबसे वफादार दिखाने की कोशिश की।

शनिवार को कानपुर महानगर कांग्रेस की नवनियुक्त कमेटी का पदभार एवं संकल्प समारोह पार्टी मुख्यालय तिलक हाल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र चौधरी एवं कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कांग्रेसियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर उन्हें मनोनयन पत्र देकर उनका स्वागत किया। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम से हुई। मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र चौधरी ने संबोधन में कहा कि सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाए रखने व संविधान विरोधी ताकतों से संविधान को बचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस संगठन के लिए काम करें। कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी बांटते हुए तत्काल काम शुरू करने और बूथ स्तर तक कांग्रेस का मजबूत संगठन खड़ा करने के लिए जुटने का आह्वाहन किया। संचालन प्रवक्ता मोहित दीक्षित ने किया। वंदे मातरम और राष्ट्र गान वरिष्ठ नेता और महानगर उपाध्यक्ष शंकर दत्त मिश्रा ने गाया। मखलू पांडे, आलोक मिश्रा, नरेश चंद त्रिपाठी, सोहिल अख्तर अंसारी, प्रतिभा अटल पाल, मदन मोहन शुक्ला, नौशाद आलम मंसूरी, विकास अवस्थी, कनिष्क पांडे, अवनीश सलूजा, विकास सोनकर आदि थे।


तिलक हाल में शपथ ग्रहण करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

### महानगर के पदाधिकारी

**सोशल मीडिया प्रभारी :** अजय प्रकाश तिवारी, **प्रवक्ता :** मोहित दीक्षित, **कोषाध्यक्ष :** अब्दुल्ला मालिक

**उपाध्यक्ष :** सैमुअल लकी सिंह, शंकर दत्त मिश्रा, बृजेश शर्मा, हरीश बाजपेई, रितेश यादव, पद्मा मोहन मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, सुनील राठौर, नईम उमर, नदीम अहमद सिद्दीकी, भूपेंद्र भदौरिया, बृजेश गुप्ता, मोहम्मद इरफान, इखलाक अहमद डेविड, नरेश पाठक, बैतूल खां मेवाती, सतीश वाल्मीकि, रमाकांत मिश्रा व पूजा भारद्वाज।

**महासचिव :** राजेश गौतम, हाजी तौसीफ खान, आनंद शुक्ला, सीता अग्निहोत्री, राकेश साहू, अजय श्रीवास्तव शीलू, जिया उर रहमान अंसारी, राज कुमार यादव, हाजी अफजाल कुरैशी, राम स्वरूप तिवारी, रमाकांत शर्मा, संजय दीक्षित, संजीव मिश्रा, दिनेश बाजपेई, डॉ आर के जगत, आसिफ इकबाल, के के बाजपई, राम शंकर राय, वसुंधरा वर्मा, जावेद उस्मानी, महेंद्र भदौरिया, शबनम आदिल, अरविंद त्रिवेदी, मुकेश वाल्मीकि, महेश तिवारी, साकिर आदि।

समर्थ हॉस्पिटल
डा० मिलन सचान
M.S., FAIS, FIAGES, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
कन्सलटेन्ट सर्जन
हमारे यहाँ हर प्रकार के ऑपरेशन तथा हर प्रकार के मरीजों का इलाज उपलब्ध है।
नम्बर लगवाने के लिए सम्पर्क करें – 7081011022
3- कॉम 1/14 आवास विकास, अम्बेडकर पुरम, कानपुर
एलआईसी बिल्डिंग के सामने

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
SUNDAY OPEN
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना भर्ती मरीज़ों के लिए मान्य होगी।
आयुष्मान योजना / ECHS / CGHS की सुविधा उपलब्ध
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
समस्त प्रकार की बीमारियों का सम्पूर्ण इलाज एवं निःशुल्क ऑपरेशन
सभी जांचें एवं दवाइयों पर 50% तक की छूट
3 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक के लिए मान्य
यह निःशुल्क सेवा सीमित समय तक के लिए है, इस योजना का लाभ उठायें
OPD - प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा) निःशुल्क
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
*T&C Apply
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है ।

| 32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 07 : 06 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## चालिहा महोत्सव 16 जुलाई से

**कानपुर।** सिंधी समाज का पर्व चालिहा महोत्सव 16 जुलाई से शुरू होगा। श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट गुजैनी के मीडिया प्रभारी प्रकाश पंजवानी ने बताया कि 16 जुलाई से चालिहा महोत्सव आरंभ होगा और 24 अगस्त को शोभा यात्रा निकलेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान भक्त 40 दिन व्रत रखेंगे और 40 दिनों तक मंदिर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

### अपने मित्र वार्ड ब्वाय की जगह करते ड्यूटी करते मिला बाहरी युवक, डीएम ने पकड़ा

# अवॉर्ड विजेता सीएचसी में 'बटाई' पर हो रहा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कायाकल्प अवॉर्ड विजेता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने छापेमारी की तो वहां जैसे खेत को बटाई पर दिया जाता है, उसी प्रकार काम चल रहा था। एक युवक अपने दोस्त वार्ड ब्वाय की जगह काम कर रहा था। ओपीडी में भी एक प्राइवेट कर्मचारी काम कर रहा था। हॉस्पिटल में डॉक्टर समेत कुल 78 कर्मचारी हैं जिसमें 5 डॉक्टर समेत 33 कर्मचारी नदारद मिले। इनका एक दिन का वेतन काटा गया।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू में निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

- ओपीडी में भी प्राइवेट कर्मचारी कर रहा था काम कार्रवाई का आदेश
- हॉस्पिटल में 78 कर्मियों में 5 डॉक्टर समेत 33 कर्मी अनुपस्थित मिले

शनिवार की सुबह 9.30 बजे जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सबसे पहले ओपीडी काउंटर पहुंचे जहां सत्यम निवासी ओरियारा ओपीडी पर पर्ची बना रहा था। ओपीडी रजिस्टर के पंजीकरण में पर्ची संख्या 49,314 के बाद 49,320 का अंकन मिला। बीच की पर्चियों के विषय में जब डीएम ने सख्त तेवर में सवाल पूछे तो सत्यम ने बताया कि उसकी मां आशा कार्यकत्री हैं। वे अपने मित्र वार्ड ब्वाय अनुपम की जगह ड्यूटी करने आये हैं। सीएचसी में उनकी तैनाती नहीं है। डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्र पर एमओआईसी सहित 8 डॉक्टर, 29 स्थायी एवं 41 संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मियों की तैनाती है जिसमें से 5 डॉक्टर 15 स्थायी एवं 13 संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मी अनुपस्थित मिले। 78 स्वास्थ्यकर्मियों में से 33 अनुपस्थित मिले। उपस्थिति पंजिका का पर्यवेक्षण एमओआईसी द्वारा नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। डीएम ने अनुपस्थित कार्मिकों के एक दिन का वेतन काटने तथा प्राइवेट व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### पूर्व में तैनात डॉक्टरों के नाम की पट्टिका

- जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के कक्ष के बाहर पूर्व में तैनात डॉक्टरों के नाम लिखे मिले। डीएम ने वर्तमान में तैनात चिकित्सकों का नेम प्लेट लगाने का निर्देश दिया जिससे आम जनता को डॉक्टरों का नाम खोजने में सहूलियत हो। उन्होंने पैथोलॉजी का भी निरीक्षण किया।

### 2024 में बिधनू को मिला था कायाकल्प अवार्ड

- वर्ष 2023-24 में अच्छी व्यवस्था और रखरखाव के लिए बिधनू सीएचसी को 80 .86 प्रतिशत अंक हासिल करने पर कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक इंफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी सर्विसेज, स्वच्छता जैसे मानकों के आधार पर सीएचसी का मूल्यांकन किया जाता है। जिन सीएचसी को 70 फीसदी से अधिक अंक मिलते हैं उन्हें ही कायाकल्प का अवार्ड दिया जाता है। अवार्ड का उद्देश्य ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित करना है, जो कि स्वच्छता और संक्रमण पर नियंत्रण के लिए मानक प्रोटोकॉल का पालन कर अनुकरणीय कार्य करते हैं।

## ब्रह्म नगर में फिर सड़क धंसी

**कानपुर।** ब्रह्म नगर चौराहा पर पिछले रविवार को धंसी सड़क की मरम्मत कार्य शुरू ही हुआ है कि शनिवार सुबह एक बार फिर दूसरी जगह सड़क धंस गई। नगर निगम की टीम ने बैरीकेडिंग की और गड्ढे को मिट्टी से भरना शुरू किया। अधिशाषी अभियंता नानक चंद ने बताया कि डॉट नाला पूरी तरह से बैठ गया है।

करीब 2 सप्ताह कार्य होने में लगेगा। बीच में केस्को की दो मोटी केबिल खोदाई कार्य में बाधा बनी हैं। केस्को अधिकारियों को भी बुलाया गया है। उधर, शनिवार को पुराना सेलटैक्स रोड पर भी सड़क धंस गई। यहां एक नेटवर्किंग कंपनी ने पाइप लाइन को तोड़ दिया, जिससे सड़क धंसी गई है।

FUTURE UNIVERSITY Learn · Assimilate · Transcend
Rooted in Tradition Healing with Future
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
BAMS
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# सीएम तक पहुंचा केडीए का घूसकांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने दिए जांच के आदेश
- वीसी से मांगी रिपोर्ट, रजिस्ट्री रोकने पर जांच शुरू

**अमृत विचार।** केडीए में रजिस्ट्री के लिए रिश्वत मांगने और फाइल दबाने का मामला मुख्यमंत्री ऑफिस तक पहुंच गया है। पीड़ित नीरज गुप्ता की शिकायत पर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने जांच के आदेश दिए हैं और केडीए उपाध्यक्ष से पूरी रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले केडीए उपाध्यक्ष ने रजिस्ट्री के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और रजिस्ट्री की फाइल छह माह तक दबाने में ओएसडी अजय कुमार समेत सहायक अभियंता संदीप मोदनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। लिपिक अतुल सोनकर को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है।

> रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सहमति तो दे दी गई थी। इसमें समय लगता है। ज्यादा जानकारी ओएडी ही दे सकते हैं।
> – अभय कुमार पांडेय, सचिव, केडीए

> शासन को पूरे मामले की जानकारी दी जा रही है। हमने इस मामले में कार्रवाई की है।
> – मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष, केडीए

पीड़ित नीरज गुप्ता ने ओएसडी अजय कुमार पर रजिस्ट्री के नाम पर 30 हजार घूस मांगने का आरोप लगाया था। इस मामले में ओएसडी जोन 3 की रिपोर्ट पर डीएस भूतल योजना-बर्रा-6 के द्वितीय श्रेणी लिपिक अतुल सोनकर को निलंबित कर दिया था। आरोपी ओएसडी अजय कुमार ने अपना पलड़ा झाड़ते हुए सफाई दी थी कि उनतक फाइल पहुंची ही नहीं। नीरज ने शासन को शिकायत की है कि फाइल ओएसडी अजय कुमार के पास पहुंची थी और उन्होंने बिना किसी टिप्पणी के ई फाइल वापस कर दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि ओएसडी को बचाया जा रहा है। शासन की ओर से शुरू हुई कार्रवाई के बाद केडीए में हड़कंप है।

बिपिन कुमार द्विवेदी
बी. आर. डी. स्कूल, निर्देशक एवं पूर्व संकाय फिटजी आकाश, न्यू लाइट, नारायना, ब्रेवगार्ड
बी. आर. डी. स्कूल – प्री विंग ड्रीमबेरी एक प्रीमियम प्री–स्कूल है, जो बर्रा–6 कानपुर में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल में ए.सी. क्लासरूम, विशाल खेल का मैदान, इनडोर मल्टीपरपज़ हॉल, विशेष कला एवं संगीत कक्ष तथा झूले की सुविधा जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। नामांकन (Admission) प्रारंभ हो चुके हैं।
B. R. D. SCHOOL
PRE WING
Dreamberry
A PREMIUM PRE SCHOOL
ADMISSION OPEN
The Best Choice for Education and Growth
Our Facilities
➡ AC Class Rooms.
➡ Playground.
➡ Indoor Multipurpose Hall.
➡ Specialist Art & Music Rooms.
➡ Swing Facility.
M-04, New M.I.G. Barra-6
Near Pal Tawer, Kanpur
dreamberry398@gmail.com
Contact : 8707891208 9956271913

# ऊंची-नीची सड़क पर उछली स्कूटी, युवक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऊंची-नीची सड़क और अनियमित पैचवर्क के कारण पीडब्ल्यूडी विभाग के संविदा कर्मी की मौत हो गई। आठ दिन पहले वह स्कूटी से घर लौट रहे थे तभी बेतरतीब पैचवर्क के कारण स्कूटी से उछलकर दूर जा गिरे। सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।


संदीप सोनवानी।


इसी ऊंची-नीची सड़क पर हुआ था हादसा।

रावतपुर के गणेशनगर निवासी 37 वर्षीय संदीप सोनवानी पीडब्लूडी विभाग में सविंदा कर्मी थे। उनके परिवार में पत्नी शिवानी और आठ साल का बेटा वेदांश है। बड़े भाई मनीष ने बताया कि बीती 27 जून की रात को वह कार्यालय से घर लौट रहे थे। रास्ते में बीएनएसडी इंटर कॉलेज के पास ऊंची-नीची सड़क और बेतरतीब पैचवर्क के कारण स्कूटी रोड से करीब दो फुट ऊपर उछल गई थी। जिससे संदीप उछलकर दूर जा गिरे थे। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह मौक पर ही बेसुध हो गए थे। कर्नलगंज पुलिस ने उन्हें हैलट में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। कर्नलगंज थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों ने ऊंची-नीची सड़क को मौत का कारण बताया है।

J.D. EDUCATION CENTRE
An English Medium Co-Educational School | www.jdeducationcentre.com
PG TO XII | AFFILIATED TO CBSE, New Delhi | AFFILIATION NO. 2131685
UPTO CLASS XII (SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES)
Congratulation to all Students
TOPPERS CLASS - X 2024-25
94.2% Shruti Singh | 93.6% Amber Mishra | 92% Aditya Singh | 91% Ansh Sachan
90.8% Akshat Sengar | 90.8% Ashikant | 90.6% Kartik Nishad | 90.6% Aviral Mishra
TOPPERS CLASS - XII 2024-25
93.2% Shubh Shukla | 93.2% Shweta | 91% Himanshu Mishra | Biology (100) Harsh Kumar
Phy. Edu. (99) Nikhil Pratap Singh | English (97) Akhya Kanyakubja
ADMISSION OPEN Session 2025-26
ARRA ROAD, NEAR GALLA MANDI, NAUBASTA, KANPUR
9336231307, 7307907575, 9369241307

स्मृति शेष – स्व0 सन्तोष पाल की प्रेरणा से
विद्यालय स्थापना दिवस : 8 जुलाई 1988
एच.पी. शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज
एस–12, सेक्टर–जी, गुजैनी, कानपुर
शुभकामनाओं सहित संजय कुमार पाल
ADMISSION OPEN Class KG to 9th
शाखाएं :
1. एच.पी. शिक्षा निकेतन गर्ल्स हा0से0 स्कूल, गुजैनी
2. श्रीमती राम कुमारी गर्ल्स हा0से0 स्कूल, सरायंमीता
3. एच.पी. चिल्ड्रेन जू.हा. स्कूल, गुजैनी, कानपुर
अध्यक्ष : श्री अनिल कुमार पाल
महामंत्री/प्रबन्धक : श्री सरजू प्रसाद पाल
उपप्रबन्धक : श्रीमती कुसुमा पाल
प्रधानाचार्य : श्री संजय कुमार पाल (एम.ए., एम.कॉम., बी.एड., एलएलबी)

# इमामबाड़ों से कर्बला तक ईरानी राष्ट्रपति के पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जब हमने अल्लाह को सजदा कर दिया तो फिर हमारे सामने सुपर नहीं... शहर के कई स्थानों पर ईरानी राष्ट्रपति सैयद अली खामेनई के इन शब्दों के साथ जगह जगह पोस्टर, बैनर लगाए गए हैं।

करबला के मैदान में इंसानियत को बचाने के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने वाले पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम के मौके पर ईरान के राष्ट्रपति अयातुल्लाह खामेनई के बड़े पैमाने पर बैनर पोस्टर लगाए गए हैं और उनके पैगाम भी लिखे गए हैं। मकबरा ग्वालटोली में छोटी करबला और उसके पास सैकड़ों की संख्या में पोस्टर लगाए गए हैं। कई स्थानों पर खामेनई के पोस्टर, बैनर उतरवाने की खबर मिलने के बाद एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ईरानी राष्ट्रपति खामेनई बैठे हैं। ईरान के राष्ट्रपति को भारत के शिया मुसलमान सुप्रीम धर्मगुरु भी मानते हैं और फतवा भी उनके द्वारा जारी किया जाता है। ऐसे में भारत के मुसलमानों में खामेनई की बहुत इज्जत है।



ग्वालटोली में लगे खामेनई के पोस्टर ।

## एक नजर

### जुलाई के अंत तक प्रवेश

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में नए शिक्षण सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया इस महीने के अंत तक जारी रहेगी। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि सीयूईटी का परिणाम एक दिन पहले आया है। इससे प्रवेश प्रक्रिया को थोड़ा विस्तार देना जरूरी हो गया है। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया को विस्तार देने से महाविद्यालयों को अपनी खाली सीट भरने का मौका मिल जाएगा। प्रदेश सरकार ने जो शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है उसके अनुसार 15 जुलाई तक प्रवेश पूरे होने हैं और दूसरे पखवारे में कक्षाएं शुरू की जानी हैं।

### लापता की लोकेशन इटावा कानपुर मिली

**कानपुर।** टिब्बी, जिला हनुमानगढ़ राजस्थान से सिरसा, हरियाणा काम के सिलसिले में निकले सुनील कुमार 3 जुलाई से लापता हैं। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। थानाध्यक्ष टिब्बी के अनुसार जांच में पता चला कि 4 जुलाई को उनका फोन इटावा, कानपुर के पास ऑन हुआ और फिर बंद हो गया। इसलिए इटावा और कानपुर तक छानबीन की जा रही है।



सुनील कुमार।

# गवाह के हत्यारोपी को मुठभेड़ में लगी गोली, साथी भी दबोचा

## निशानदेही पर तीन और हत्यारोपी दबोचे गए, एक की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा के बिनगवां में गवाह विमल कुमार गौतम की हत्या में मुख्य आरोपी इरफान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। इरफान के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छह में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार हत्यारोपी कानपुर देहात निवासी अंकित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। आरोपियों ने कबूल किया कि पीटने और गला कसने के बाद विमल को नहर में फेंका था।

बिनगवां गांव निवासी गवाह ट्रैक्टर चालक 55 वर्षीय विमल कुमार गौतम को बुधवार रात घर के पास से एसयूवी सवार आधा दर्जन हत्यारोपियों ने अगवा किया था। विमल को कार में मारापीटा, इसके बाद लाठियों व हथौड़ा से पीटकर, अगौंछा से गला कसकर डांडेपुरवा गांव के पास पनकी नहर में शव फेंक दिया था। सेनपश्चिम थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य हत्यारोपी रमईपुर निवासी इरफान भागने की फिराक में है। इस पर शुक्रवार रात रमईपुर-सचेंडी मार्ग पर गढ़ेवा मोहसिनपुर गांव पास उसकी घेराबंदी की। बाइक से निकला इरफान ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में इरफान के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे व उसका साथी कानपुर देहात का रोहित उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास एक तमंचा व दो कारतूस मिले। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल बिनगवां निवासी करन वर्मा, राजा और आलोक को दबिश देकर दबोच लिया। फरार आरोपी कानपुर देहात निवासी अंकित की टीम तलाश कर रही है।



विमल के हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में। अमृत विचार

- सेन पश्चिम पारा में गवाह को अगवाकर की थी हत्या, नहर में फेंका था

### विमल के घर पर पीएसी की सुरक्षा लगाई

गवाह विमल कुमार की हत्या के बाद बिनगवां के ग्रामीणों में नाराजगी और आक्रोश था। तनावपूर्ण स्थिति को देखते पुलिस अधिकारियों ने विमल के घर थाना पुलिस के साथ पीएसी जवानों की सुरक्षा की है। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों ने नजफगढ़ घाट पर विमल का अंतिम संस्कार किया।

### लेन-देन व गवाह बनना ही हत्या का कारण

पुलिस के अनुसार विमल कुमार गांव के खागल पासवान का ट्रैक्टर चलाता था। पहले हत्यारोपी का पिता जाकिर भी बिनगवां में ही रहता था। उसका 5-6 हजार रुपये का लेनदेन बाकी था। तगादे को लेकर विवाद होने पर खागल ने दखल दिया तो जाकिर ने उसे बल्ली मार दी थी। जिसमें विमल गवाह बना था। दोनों मामलों को लेकर जाकिर का बेटा इरफान रंजिश मानता था और साथियों के साथ मिलकर अपहरण के बाद विमल की हत्या की घटना को अंजाम दिया।

## सांसद का दावा-जेके कैंसर में सुविधाएं बढ़ीं

**कानपुर।** जेके कैंसर संस्थान बदहाली से जूझ रहा है। यहां पर न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मानक के तहत स्टाफ है। सांसद रमेश अवस्थी ने दावा किया है कि उनके प्रयासों से जेके कैंसर संस्थान की सुविधाओं में विस्तार हुआ है।

जेके कैंसर संस्थान की बदहाल व्यवस्था के संबंध में सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 31 दिसंबर 2024 को पत्र लिखकर अवगत कराया था। आग्रह किया था कि मरीजों को सस्ती, सुलभ और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सभी जांच और उपचार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पत्र के उत्तर में जानकारी दी है कि सांसद रमेश अवस्थी के आग्रह पर अस्पताल में बेड के साथ ही अन्य सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, कीमोथैरेपी और अन्य जांचें एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गईं हैं। जन सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, प्रतीक्षालय आदि में सुधार किया गया। मरीजों के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र को सांसद रमेश अवस्थी ने साझा किया।

## सार-संक्षेप



नागरिक सुरक्षा कोर ने बच्चों को बस्ते बांटे। अमृत विचार

### पौधे लगाए, बच्चों को बस्ते बांटे

**कानपुर।** शनिवार को नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर नगर एवं मेरा परिवार मेरा स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट द्वारा विशाल पौधरोपण कार्यक्रम उजियारी देवी मंदिर पार्क मैनावती मार्ग पर किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने पौधे लगाकर शुभारंभ किया। शिक्षा से वंचित बच्चों की पाठशाला के बच्चे तख्तियों पर पर्यावरण संदेश तथा मां के नाम एक पेड़ लिखे संदेश लेकर मौजूद रहे। उजियारी देवी मंदिर प्रबंध समिति, चित्रांशी महासभा समिति कानपुर के सुरेश श्रीवास्तव महामंत्री, अश्विनी श्रीवास्तव अध्यक्ष द्वारा बच्चों को बस्ते बांटे गए। हर्ष माथुर, विष्णु सहाय डिवीजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह, डिप्टी डिवीजनल वार्डन बृजेंद्र कुमार अग्निहोत्री, राजीव सिंह, शशांक शुक्ला शिवांग मिश्रा, अनिल सिंह बाबा, उमेश निगम, मनीष त्रिपाठी, प्रकाश श्रीवास्तव, ददन मिश्रा आदि शामिल रहे।

### इस्कॉन ने निकाली बाल जगन्नाथ रथयात्रा

**कानपुर।** इस्कॉन मंदिर परिसर में शनिवार को दूसरी बार बाल जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इसकी अगुवाई इस्कॉन के अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभुजी ने की। रथयात्रा में छोटे-छोटे बच्चों ने भक्ति भाव से जय जगन्नाथ का उद्घोष करते हुए प्रभु जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की झांकी वाले रथ को खींचकर सेवा की। रथ को आकर्षक पुष्पों, ध्वजों और झांकियों से सजाया गया था। कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन, भक्ति गीत, बच्चों का नृत्य और प्रसाद वितरण हुआ। प्रभुजी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज आपको भगवान की कृपा प्राप्त करने एवं नैतिक मूल्यों का विकास करने का सुंदर अवसर मिला है। भगवान की सेवा में भाग लेने से संस्कार, भक्ति और सेवा का भाव विकसित होता है। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन धर्म की परंपराओं से जोड़ना और ईश्वर के प्रति प्रेम व श्रद्धा की शिक्षा देना था।



बाल जगन्नाथ यात्रा निकली। अमृत विचार

### वरिष्ठ सीए को किया गया सम्मानित

**कानपुर।** सीआईसीएएसए कानपुर की ओर से 'सीए डे सेलिब्रेशन 2025' का आयोजन हुआ। आईसीएआई भवन लखनपुर में हुए आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम हुए। यह कार्यक्रम छात्रों द्वारा छात्रों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक-दूसरे से जोड़ना, आपसी संवाद को बढ़ावा देना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत क्विज प्रतियोगिता से हुई। सीआईआरसी के सीपीई चेयरमैन सीए. अंकुर गोयल ने सदस्यों व छात्रों का स्वागत किया। पेशे से जुड़े पेशेवरों को सम्मानित किया गया। इनमें सीए मनु अग्रवाल, सीए. डीसी शुक्ला, सीए. यूएस. गुप्ता, सीए. अनिल सक्सेना, सीए. हिमांशु कपूर, सीए. अक्षय गुप्ता, सीए. आरके. शुक्ला, सीए. दीपक कपूर, सीए. शरद शाह, सीए. अतुल अग्रवाल, सीए. राजीव मेहरोत्रा, सीए पियूष अग्रवास शामिल रहे। समारोह में सीए. अविरल रोहिरा द्वारा प्रस्तुत स्टैंडअप कमिडी को सभी ने सराहा। समारोह में सीए अमित अग्रवाल, सीए नितिन ओमर, सीए शाश्वत गुप्ता एवं सीए स्वाति कुरेन सहित अन्य मौजूद रहे।



एलिवेटेड सेक्शन में सिग्नल लगाए गए। अमृत विचार

### बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन पर सिग्नल लगाने का काम पूरा

**कानपुर।** मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 में 5 किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में सिविल निर्माण कार्य के साथ सिस्टम इंस्टॉलेशन का कार्य हो रहा है। बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता कुल 5 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में सिग्नल लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब सिग्नलिंग प्रणाली के टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। 30 मई को मोती झील से कानपुर सेंट्रल तक यात्री सेवा के विस्तार का शुभारंभ किया गया था। कानपुर सेंट्रल के बाद पड़ने वाले दो अंडरग्राउंड स्टेशन झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर के लिए टनलिंग प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। इसके बाद पड़ने वाले बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के पांच स्टेशनों पर तकनीकी कक्षों के निर्माण व फिनिशिंग कार्य के अलावा ट्रैक, थर्ड रेल, टेलीकॉम, सिग्नलिंग, इलेक्ट्रिकल से जुड़ी प्रणालियों को इंस्टॉल करने का कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। बारादेवी से नौबस्ता तक कुल 24 सिग्नल लगाए जाने हैं। बारादेवी में 8 में से 8 सिग्नल लगाए जा चुके हैं। किदवई नगर, वसंत विहार और बौद्ध नगर में भी सभी सिग्नल लगा दिए गए हैं।

### कंट्रोल रूम में शिकायतें, कोई सुनवाई नहीं

**कानपुर।** मर्दनपुर निवासी शिव गोविंद पाल ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले मर्दनपुर केस्को के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। उन्होंने शिकायत की कि उनका मकान एकता पार्क मेन रोड ट्रांसफार्मर वाली गली में है। चार जुलाई की रात क्षेत्र की बिजली गुल थी। क्षेत्र के करीब 25 मकानों में रहने वाले सैकड़ों लोग गर्मी में सोने को मजबूर रहे। शिकायत कंट्रोल रूम में की गई लेकिन कोई लाइनमैन नहीं आया। शनिवार सुबह दोबारा कंट्रोल रूम फोन किया लेकिन फिर भी लाइनमैन को नहीं भेजा गया। दो दिन तक लोग बिना बिजली के रहे। मर्दनपुर क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि अघोषित कटौती से रहना दूभर है।



यति जर्नल के विमोचन में मौजूद कुलपति और अधिकारी। अमृत विचार

# यति जर्नल से रिसर्च को मिलेगा आयाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 5 सितंबर को प्रकाशित होगा पहले अंतरराष्ट्रीय जनरल का प्रथम अंक
- ह्यूमैनिटीज, साइंस, एजुकेशन जैसे विषयों पर रिसर्च पेपर होंगे प्रकाशित

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को 'यति जर्नल' के कवर पेज विमोचन हुआ। इस जर्नल से रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय के पहले अंतरराष्ट्रीय जनरल का प्रथम अंक 5 सितंबर को प्रकाशित होगा। इस जर्नल में खासतौर पर ह्यूमैनिटीज, साइंस, एजुकेशन सहित अन्य विषयों पर रिसर्च पेपर प्रकाशित होंगे।

सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुए आयोजन में वीएसएसडी कॉलेज की शोध एवं नवाचार परंपरा को बढ़ावा देने वाली अंतरानुशासनिक शोध पत्रिका के कवर पेज का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और वीएसएसडी कॉलेज की प्रबंध समिति की सचिव सीए नीतू सिंह ने संयुक्त रूप से जर्नल के कवर पेज का अनावरण किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि वीएसएसडी कॉलेज ने अपनी 100 वर्ष की समृद्ध विरासत को कायम रखते हुए शोध के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस जर्नल की शुरुआत रिसर्च एवं शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि का संकेत है। सचिव सीए नीतू सिंह ने कहा कि 'यति' जर्नल निश्चित रूप से शोधकर्ताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। इस पत्रिका का उद्देश्य मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान एवं तकनीक, विधि, शिक्षा और पर्यावरण अध्ययन जैसे विविध विषयों के बीच संवाद को सशक्त बनाना है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम का संयोजन प्रो. नीरू टण्डन (उप प्राचार्या एवं कार्यकारी संपादक, यति जर्नल) द्वारा किया गया। संचालन डॉ. अंशू सिंह (एसोसिएट डीन, अकेडमिक्स) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशू सिंह सेंगर (निदेशक, स्ववित्तपोषित) ने प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, रजिस्ट्रार राकेश कुमार, प्रो. सुधांशु पाण्ड्या, प्रो. वृष्टि मित्रा, प्रो. बिपिन चन्द्र कौशिक (प्राचार्य), प्रो. आनन्द शुक्ल (मुख्य संपादक, यति जर्नल), प्रो. प्रमोद सिंह डोबाल, प्रो. आरके पाण्डेय, प्रो. इन्द्र मणि और प्रो. मंजरी श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

# गोल्ड लोन कंपनी का मैनेजर, दो सर्राफ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारी के घर 70 लाख की चोरी का खुलासा, सात दबोचे गए
- जेवर गलाकर बनाया बिस्कुट, मैनेजर ने सोने पर दिलाया गोल्ड लोन

**अमृत विचार।** चकेरी में घर से 70 लाख की नकदी-जेवर की चोरी में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें गोल्ड लोन कंपनी के मैनेजर समेत दो सर्राफ भी हैं। सराफों ने जेवर को गलाकर बिस्कुट का रूप दे दिया था। वारदात में शामिल एक आरोपी चोरी के दूसरे मामले में गुजैनी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने 160 ग्राम जेवर बरामद किया है। वहीं पीड़ित के अनुसार पुलिस ने सिर्फ 60 फीसदी जेवर बरामद किया है।

रामपुरम निवासी मोबाइल एसेसरीज कारोबारी जटाधर दीक्षित के घर 28 जून की रात चोरी हुई थी। चोर 35 हजार रुपये और करीब 70 लाख के जेवर चोरी कर ले गए थे। सीसीटीवी में सफेद रंग की कार नजर आई थी। उसमें सवार तीन युवक 17 मिनट में आते और जाते दिखे थे। चकेरी एसीपी अभिषेक पांडेय ने बताया कि करीब 150 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस कार के मालिक तक पहुंची। उससे पूछताछ में हनुमंत विहार के शिवम के बारे में पता चला। शिवम ने कार करीब दो लाख 60 हजार रुपये में खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से सभी आरोपियों को दबोच लिया। चोरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### गोवा में मौज-मस्ती फिर चोरी

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता के अनुसार आरोपी मौज-मस्ती के शौकीन हैं। चोरी से पहले गोवा घूमने गए थे और लौटने के बाद घटना को अंझाम दिया। मास्टरमाइंड हिमांशु गौतम अपनी महिला मित्र के साथ काठमांडू घूमकर आया। चोरी से पहले रेकी हिमांशु व रोहन सचान ने की थी।

### गिरोह में फर्रुखाबाद, उन्नाव के भी शातिर

डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मास्टरमाइंड कर्रही रोड निवासी हिमांशु गौतम है। कर्रही के ही रोहन सचान व हनुमंत विहार के शिवम राजपूत और कैंट के हरिओम के साथ चोरी की है। उन्होंने बताया कि कार हरिओम चला रहा था। गिरोह में फर्रुखाबाद के मैरापुर का रोहित दुबे, उन्नाव के गंगाघाट निवासी संजय सोनी और शिवाला बाजार का निमिष गुप्ता शामिल है। रोहित मालरोड स्थित गोल्ड लोन कंपनी की ब्रांच मैनेजर है, जबकि संजय सोनी और निमिष सराफा कारोबारी हैं। आरोपियों ने जेवर दोनों सराफा करोबारियों को दिया और उन्होंने गलाकर सोने का बिस्कुट बना दिया।



आईटीआई में युवाओं का इंटरव्यू हुआ। अमृत विचार

## आईटीआई के रोजगार मेले में 60 को मिली नौकरी

**कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में शनिवार को रोजगार मेला लगा। इस दौरान 105 युवाओं का चयन किया गया। इनमें 60 युवाओं को नौकरी मिली। कंपनियों ने 45 युवाओं को अप्रेंटिस के लिए भी चुना। मेले में युवाओं की काउंसिलिंग कर उनमें आत्मविश्वास भी भरा गया। 7 जुलाई को संस्थान में निजी कंपनी दोबारा युवाओं का चयन करने आएगी।

युवाओं को निजी कंपनियों और उनकी जरूरतों के बारे में बताया गया। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य हरीष मिश्रा ने युवाओं को विभिन्न उदाहरण के माध्यम से आत्मविश्वास भरा। मेले में न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी नोएडा ने अप्रेंटिसशिप व जीनस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कानपुर ने युवाओं को जॉब देने के लिए प्रतिभाग किया। न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में 60 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 45 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। कंपनी ने 35 आईटीआई व 10 डिप्लोमा अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 18 हजार से 19500 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड व अन्य सुविधाएं जैसे कैंटीन, यूनिफार्म, शूज, रिफ्रेशमेट सहित अन्य सुविधाएं अलग से दी जाएंगी। इसके साथ ही दूसरी कंपनी जीनस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने युवाओं को नौकरी देने के लिए परखा। कंपनी ने आईटीआई पास इलेक्ट्रीशियन वायरमैन ट्रेड से व डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल ब्रांच से पास लगभग 85 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 60 अभ्यार्थियों का चयन जॉब के लिए किया गया।

**मोहर्रम की 9वीं तारीख** जरी, मोती, मोम की खूबसूरत ताजिए, जियारत के लिए महिलाओं का तांता

# इमामबाड़ों में ताजियों पर मन्नती चढ़उवा, फातिहा को उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम की 9 तारीख शनिवार को इमामबाड़ों पर ताजिए रख दिये गये। जियारत करने के लिए रातभर भीड़ उमड़ती रही। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। ताजियों पर मन्नती चढ़उवा छोटे ताजिये चढ़ाने के लिए हजारों लोग इमामबाड़ों पर पहुंचे।

जगह-जगह कुरानख्वानी, नौहाख्वानी, मातम, मजलिस का दौर जारी रहा जबकि कई स्थानों पर अलम जुलूस निकले। कुली बाजार बड़ा बूचड़खाना से कुरैशी बिरादरी का 119 साल पुराना अलम जुलूस निकला जिसकी अगुवाई जुल्फिकार अहमद कुरैशी, इफ्तिखार अहमद, मुख्तार अहमद कुरैशी कर रहे थे। नवाब इतरत हुसैन का इमामबाड़ा कर्नलगंज में मजलिसें हुई और जुलूस उठाया गया जो कर्नलगंज छोटे मिया हाता में पहुंचकर समाप्त हुआ। इसी तरह कुरसवां पटकापुर की मस्जिद से अंजुमन मोईनुल मोमेनीन के द्वारा अलम जुलूस उठाया गया। जुलूस का नेतृत्व नवाब पप्पू मिजा कर रहे थे। रातभर शहर के इमामबाड़ों में शब्बेदारियां सम्पन्न हुई और मजलिस, मातम व नौहाख्वानी और कुरानख्वानी का सिलसिला रात भर जारी रहा। मजलिसों व जुलूसों में नवाब हुसैन ,डा जुल्फिकार अली रिजवी, डा. अयाज हैदर रिजवी, बबलू, असर कानपुरी अफसर हुसैन एवं एहसान हुसैन आदि थे।



नई सड़क पर जरी का ताजिया रखा गया। अमृत विचार

## हुसैन के दीवानों का दहकते अंगारों पर मातम

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में कई स्थानों पर दहकते अंगारों पर मातम किया गया। ग्वालटोली में बच्चों ने भी आग पर मातम किया।देर रात अंजुमन गुंचए जाफरिया की ओर से ग्वालटोली में बच्चों ने दहकते अंगारों पर मातम किया। इससे पूर्व मौलाना ने मजलिस पढ़ी जिसमें बताया कि किस प्रकार से हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों पर यजीदी फौज ने जुल्म ढाया।

ग्वालटोली मकबरा शिया जामा मस्जिद में रात 11.45 बजे अंजुमन मोहम्मदी मुईनउल अजा के तत्वाधान में मजलिस हुई जिसको मौलाना जहीरअब्बास ने संबोधित किया। मजलिस के उपरांत हजारों लोग मातम करते हुए ( सीना जनी ) या हुसैन या अब्बास या सैय्यदी या अब्बास या अली के गगनभेदी नारे के साथ अलम हजरत अब्बास का जुलूस निकला। ये जुलूस मातम करता हुआ छोटी कर्बला पहुंचा जहां लगभग 15 फिट लम्बे गड्ढे में आग के अंगारे दहक रहे थे। या हुसैन या अब्बास नारों के साथ लोगों ने उस वक्त तक आग पर मातम किया जब तक वह राख में तब्दील नहीं हो गई। जुलूस बड़े जोश के साथ मातम करता हुआ नवाब कम्पाउण्ड सिविल लाइन्स में देर रात समाप्त हुआ। सकेरा स्टेट में अंजुमन बज्मे हुसैनी के द्वारा आग पर मातम किया गया। नवाब अली अब्बास, आसिफ अब्बास, अख्तर सीतापुरी, सिकन्दर सीतापुरी, डा जुल्फिकार थे।

### जलभराव से टेंशन, आज सुर्पुद-ए-खाक होंगे ताजिये

**कानपुर।** रविवार को यौमे आशूरा मोहर्रम की दस तारीख को करबला में ताजिये दफन कर दिये जाएंगे। भारी बारिश के चलते ताजियादार टेंशन में हैं क्योंकि करबला में जलभराव हो गया है। मकबरा ग्वालटोली स्थित छोटी करबला में काफी जलभराव हो गया है और नाले का गंदा पानी भी करबला में भरा हुआ है जिससे लोग परेशान हैं। हुसैनी फेडरेशन के प्रवक्ता डॉ. जुल्फिकार अली रिजवी का कहना है कि मशीन से पानी निकलवाने की कोशिश की जाएगी और छोटी करबला में जहां ऊचाई वाला हिस्सा है, वहीं पर ताजिए दफ्न करने की योजना है। इसी प्रकार बगाही में भी ताजिये सुपुर्द-ए-खाक होंगे लेकिन यहां भी जलभराव है। रावतपुर करबला में भी पानी और कीचड़ है।

IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,**
आफिस काम्पलेक्स केशवपुरम, कल्यानपुर, कानपुर
E-Mail Address: emoy1knp@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 BUREAU OF INDIAN STANDARDS SQMS

पत्रांक: 812/सं0प्रं0/ **सर्वसाधारण सूचना** दिनांक: 03.07.2025

परिषद की अम्बेडकरपुरम योजना संख्या-03 कानपुर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 6/71 श्री प्रहलाद कुमार पाण्डेय पुत्र श्री राम प्रसाद द्वारा उक्त भवन का फ्री होल्ड विक्रय विलेख परिषद से दिनांक 28.03.2007 को कराने के उपरान्त भवन का विक्रय दिनांक 25.11.2025 को श्रीमती ऊषा साहू पत्नी स्व0 राम राज साहू के पक्ष में कर दिया गया। श्रीमती ऊषा साहू द्वारा उक्त भवन का विक्रय दिनांक 23.02.2016 को श्री अंकुर मिश्रा पुत्र श्री सुबोध मिश्र एवं श्रीमती प्रीती मिश्रा पत्नी श्री अंकुर मिश्रा के पक्ष में कर दिया गया। तदोपरान्त श्री अंकुर मिश्रा एवं श्रीमती प्रीती मिश्रा द्वारा उक्त भवन का विक्रय दिनांक 11.03.2022 को श्रीमती कल्पना द्विवेदी पत्नी श्री अनुराग पाण्डेय एवं श्री अनुराग पाण्डेय पुत्र श्री ज्ञानेन्द्र प्रकाश के पक्ष में कर दिया गया।
श्रीमती कल्पना द्विवेदी एवं श्री अनुराग पाण्डेय ने अपने दिनांक रहित प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया गया है, कि उक्त भवन के विक्रेताओं द्वारा अपना निवास स्थान छोड़कर कहीं अन्यत्र स्थान पर चले जाने तथा निवास पर न मिलने के कारण उनसे सम्पर्क नहीं होने की दशा में उनसे सम्बन्धित प्रपत्र न प्रस्तुत करने तथा नामान्तरण सम्बन्धी अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुये उक्त भवन को अपने नाम पर अन्तरण हेतु अनुरोध किया गया है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या भवन संख्या 6/71 को श्रीमती कल्पना द्विवेदी एवं श्री अनुराग पाण्डेय के पक्ष में नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, आफिस काम्पलेक्स कल्यानपुर, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता श्रीमती कल्पना द्विवेदी एवं श्री अनुराग पाण्डेय के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा, जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।
**(आनन्द कुमार) सम्पत्ति प्रबन्धक**

**कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लिमिटेड**
**अधिशासी अभियन्ता (जानपद), केस्को, कानपुर।**

**ई-निविदा सूचनाः दिनांकः 05/07/2025**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरणः**

1. अतिअल्पकालीन ई-निविदा सं0 09/सी/2025-26, केसा हाउस (मु0) में प्रस्तावित AMISP के कार्यालय की क्षतिग्रस्त छत के जीर्णोधार के कार्य। कार्यावधि 15 दिन, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000 + 18% जी0एस0टी0 सहित, धरोहर धनराशि रू0 4,000.00 , निविदा अपलोड करने एवं निविदा खुलने की तिथि 14.07.2025

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधिशासी अभियन्ता (सिविल)**
**आर0पी0एच0, केस्को, कानपुर**

# आसरा आवासों में खामियां मिलने पर भड़के डीएम

## घाटमपुर तहसील दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर उनके सामने तमाम फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों ने कुछ शिकायतों को निस्तारित कराने के साथ साथ शेष शिकायतों के जल्द निस्तारण के लिये मातहतों को निर्देशित किया।



समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम जीतेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**डीएम ने घाटमपुर में बने आसरा आवासों का किया निरीक्षण:** घाटमपुर में शनिवार को तहसील दिवस मे पहुंचे जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने घाटमपुर में शहरी आसरा आवास योजना के अंतर्गत 725 आसरा आवासों निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां पाए जाने पर सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। बताते चलें की शहरी विकास योजना के अंतर्गत घाटमपुर में आसरा आवास योजना के अंतर्गत 35 करोड़ रुपये की लागत से 725 आवासों का निर्माण सन 2013 व 2019 के बीच कराया गया था।

आवास लगभग बन चुके हैं। परंतु डेढ़ करोड़ रुपये के चलते आवास आवंटन का लाभ लाभार्थियों को अभी तक नहीं मिला है। इसको लेकर घाटमपुर नगर पालिका के ईओ पर सवाल उठाते हुए जवाब देही तह करने के निर्देश दिए हैं। वही सीडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर जांच के आदेश दिए गए हैं।

# एडीएम और एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** शनिवार को बिलहौर ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 161 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, संजीव दीक्षित और सहायक पुलिस आयुक्त अमरनाथ यादव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में आये त्रिवेणीगंज के विनय कुमार ने अपनी पैतृक भूमि पर कब्जे की मांग की, जो 1976 में उनके पिता को पट्टे पर मिली थी। खतौनी में नाम दर्ज होने के बावजूद, पड़ोसी ने उस पर कब्जा कर रखा है। वहीं काजीगंज हसौली के अरुण कुमार ने बताया कि हाईवे निर्माण के कारण उनका आधा घर हाईवे में चला गया है। सर्विस रोड और नाले का निर्माण अधूरा होने के कारण बरसात का पानी उनके घर में भर जाता है। वहीं सुजावलपुर के छुन्ना बाबू ने बताया कि उन्हें 2007 में पट्टे पर जमीन मिली थी, लेकिन 17 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें उस पर कब्जा नहीं मिला है। उन्होंने जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाने की मांग की। वहां पर मौजूद अधिकारियों ने सभी लंबित शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से उनके निस्तारण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान तहसीलदार अनुभव चंद्रा ,नायाब तहसीलदार सीपी राजपूत ,रंजीत यादव व बीडीओ यशवीर सिंह ,बलराम मौजूद रहे ।

# उदेतपुर मार्ग पर मिला मूकबधिर बच्चा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के उदेतपुर मार्ग पर शनिवार सुबह एक अज्ञात मूक बधिर बच्चे को अकेला देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। तमाम प्रयास के बावजूद बच्चे का कुछ न पता लगने पर पुलिस ने बच्चे को एक गांव निवासी चिकित्सक के सुपुर्द कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



क्षेत्र के डिंगरापुर गांव निवासी निजी चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार की किशुनपुर गांव में क्लीनिक है। बताया गया है कि शनिवार सुबह चिकित्सक घर से कार द्वारा अपनी क्लीनिक जा रहे थे। तभी मैनावती मार्ग से जुड़े उदेतपुर मार्ग पर लगभग 12 वर्षीय बच्चे को अकेला देखकर उन्होंने उससे पूछताछ करना चाहा, लेकिन बच्चे द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। तमाम प्रयास के बावजूद बच्चे के न बोलने पर जल्द ही मालूम पड़ गया कि बच्चा न तो सुन सकता है और नहीं बोल सकता है। इसके बाद चिकित्सक उक्त मूकबधिर बच्चे को लेकर थाने पहुंचा। पुलिस ने बच्चे का पता ठिकाना मालूम करने के प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद बच्चे को चिकित्सक के सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि बच्चा मूकबधिर होने के साथ ही मंदबुद्धि भी लग रहा है, जिसका नाम पता मालूम करने का प्रयास किया जा रहा है।

APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India

# ऑपरेशन से प्रसव के कुछ दिन बाद महिला की मौत

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र के अंतर्गत द्विवेदी नगर के शुभम हॉस्पिटल में बीती 17 जून को सीढ़ी गांव थाना सचेंडी निवासी मजदूर अखिलेश कुमार की पत्नी सीमा उम्र 30 वर्ष को गांव की ही आशा बहु रामप्यारी ने भर्ती कराया था। वहां पर प्रसव के बाद सीमा के पेट में दर्द हुआ और कुछ दिनों बाद 4 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इससे उत्तेजित परिजनों ने सीमा के शव को अस्पताल के सामने रख कर जमकर हंगामा काटा।

सीमा के पति अखिलेश ने बताया की 17 जून को शुभम हॉस्पिटल में जांच के बाद उसकी पत्नी सीमा का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद सीमा को लड़का हुआ। पांच बेटियों जानवी, माही, शिवानी, अनन्या, व अनुष्का के बाद हुए बेटे से पूरा परिवार खुश था। तीन दिन के बाद हॉस्पिटल से सीमा को घर भेज दिया गया और वहां पर अखिलेश से अस्सी हजार रुपये लिये गए। सीमा के घर पहुंचने के बाद उसके पेट में दर्द रहने लगा। अखिलेश पत्नी को लेकर फिर से शुभम हॉस्पिटल पहुंचा। वहां से उसे दवा देकर वापस घर भेज दिया गया लेकिन सीमा की हालत दिन पर दिन बिगड़ने पर उसे 28 जून को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर इलाज के दौरान 4 जुलाई को उसकी मौत हो गयी।


अस्पताल के बाहर मौजूद मृतका के परिजन। अमृत विचार

सीमा की मौत की वजह इन्फेक्शन बताया जा रहा है। परिजनों ने सीमा के शव को नर्सिंग होम के गेट पर रखकर इलाज के दौरान खर्च हुए अस्सी हजार रुपये की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाने के साथ ही तहरीर मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की बात कह रही है।

बिधनू सीएचसी प्रभारी डॉक्टर नीरज सचान ने बताया कि हमारे यहां से अपनी मर्जी से लिखित में देकर प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाने की बात कहकर गये थे। आशा के खिलाफ अभी कोई शिकायत नहीं आई है अगर आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# फतेहगढ़ से भागे जोड़े की तलाश में बस अड्डे की घेराबंदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ में घर से भागे जोड़े की तलाश में फतेहगढ़ की पुलिस ने शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर घेराबंदी की और सीसीटीवी कैमरे देखे। पुलिस को शक है कि दोनों बस अड्डा के पीछे बेंच पर बैठे थे लेकिन पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गए।

शनिवार को फतेहगढ़ की पुलिस झकरकटी बस अड्डा पहुंची। झकरकटी बस अड्डे पर तलाश करने के बाद पुलिस सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी के कार्यालय में पहुंची और सीसीटीवी कैमरे देखे। स्टेशन और बस अड्डे के आसपास होटलों को भी खंगाला। बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी का कहना है कि फतेहगढ़ से भागे युवक-युवती की तलाश में पुलिस आई थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**खरीद - फरोख्त**

जमीन बिकाऊ है, नेशनल हाईवे NH-2 से 127मीटर अंदर रास्ते पर दूसरी तरफ ,नहर से रास्ता है, अजीतमल में स्थित है 4एकड रकवा है। **संपर्क करें -9412273895 -7533847751, विपिन चन्द्र दुबे गोपालपुर**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं शशि देवी पत्नी स्व. हरी कृष्ण गोपाल अपने पुत्र शक्तिराज के गलत कृत्य एवं बुरे आचरण की वजह से अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ एवं उसके गलत कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि देवी पत्नी स्व. हरी कृष्ण गोपाल, निवासी- बहादुर खेड़ा खुजेहटा, खुजेहरा, लखनऊ, उ0प्र0**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शादाब अहमद गलत संगत में पड़ गया है। मेरे कहने-सुनने में नहीं है। आए दिन पैसे मांगता है। इससे मैं व मेरा परिवार मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं। मैं अपने पुत्र शादाब को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इससे मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं है। शादाब अहमद के किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **हबीब अहमद पुत्र स्व. मुन्ने खां, निवासी 238 मोहदा दक्षिण खोजनपुर, थाना-कोतवाली नगर अयोध्या।**

**सूचना**

मेरा पुत्र गजेंद्र बाबू गलत सोहबत में पड़ गया है जो नैतिक अनैतिक कार्य करने पर आमादा है। मेरे समझाने बुझाने पर नहीं मानता इस कारण मैने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति उससे लेनदेन करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **महिपाल सिंह पुत्र स्व. दीनानाथ निवासी डूंगरी फ्रेंड्स कालोनी इटावा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश सुरभि (SURBHI) अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम शुभि (SHUBHI) है अबसे मैं सभी जगह कानूनी रूप से शुभि (SHUBHI) नाम का उपयोग करूंगी और इसी नाम से जानी जाऊँगी। **शुभि (SHUBHI) पुत्री गुलशन कुमार - 1/17/2, जियामऊ, हजरतगंज, लखनऊ उ0प्र0 - 226001**

**सूचना**

सूचित किया जा रहा कि मेरे पुत्र अमीरुद्दीन व उसकी पत्नी के द्वारा आए दिन मुझे व मेरे देवर उसकी पत्नी और बेटे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी जाती है। जिनकी हरकतों से परेशान होकर मैं अपने छोटे पुत्र अमीरुद्दीन व उसकी पत्नी सबाबानो को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं। इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के यह दोनों जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं रहेगा। **-वहीदा बानो पत्नी स्व. कमरुद्दीन, निवासी मोहल्ला नेवातीटोला, ग्राम रौनाही थाना,रौनाही जिला अयोध्या।**

**सूचना**

मैं **आलोक कुमार पांडे पुत्र श्री सुरेन्द्र नाथ पांडे निवासी-सी -2,1001 एलडएको गार्डन रायपुरवा स्टेट ,अनवरगंज कानपुर नगर ,उत्तर प्रदेश-208003** , मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आलोक कुमार पांडे अंकित है। जबकि लोग मुझे आलोक पांडे के नाम से भी जानते हैं। यह कि आलोक कुमार पांडे और आलोक पांडे दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है ,और दोनों मेरे ही नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

# बिजली की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की गई जान

**बिल्हौर।** बीते शुक्रवार देर रात ककवन कस्बे के समीप रेखा पुरवा गांव में तेज बारिश के साथ गिरी बिजली की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को तेज हवा के साथ क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई थी। इसी दौरान बिजली एक पेड़ पर गिरी, जिस पर एक मोर बैठा हुआ था। बिजली गिरने से मोर की मौके पर ही मौत हो गई। बिल्हौर तहसीलदार अनुभव चंद्र ने बताया कि सभी राजस्व निरीक्षक और लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि वे वाली दैवीय आपदा पर नजर रखें।

# किशोर ई-रिक्शा चालकों से हादसों का डर

**चौबेपुर।** जब सवारी वाहनों की स्टेरिंग इन किशोरवय बच्चों के हाथों में होगी, तो भला दुर्घटनाओं पर रोकथाम कैसे लग सकती है। कस्बा स्थित जीटी रोड हो अथवा बेला मार्ग या फिर बंदी माता मार्ग, प्रायः सभी मार्गों पर किशोरवय बच्चों को सुबह से शाम तक ई-रिक्शा से सवारियां व भाड़े का सामान ढोते देखा जा सकता है। आयेदिन होती दुर्घटनाओं के बावजूद प्रमुख मार्गों पर फर्राटा भर रहे इन वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। परिणामस्वरूप अवैध रूप से वाहन चला रहे नाबालिकों के हौसले बुलंद हैं। लोगों को कहना है कि कोई बड़ा हादसा हो जाए, इसके पहले ई रिक्शा चला रहे इन नाबालिगों पर प्रशासनिक शिकंजा कसना बेहद जरूरी है।


ई-रिक्शा चलाता हुआ किशोर। अमृत विचार

# गल्ला मंडी समिति में फिर चोरी

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कस्बा एवं क्षेत्र में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं क्षेत्र में हर दिन हो रही चोरियों से पुलिस लाचार दिख रही है। शुक्रवार की देर रात में शिवराजपुर की गल्ला मंडी में एक बार फिर चोरी हो गई। यहां से छह बोरी उड़द चोरी हो गया। इससे आढ़तियों में रोष व्याप्त है।

शनिवार को मंडी समिति के आढ़ती संजय कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि मेरी जय मां शारदा ट्रेडर्स कंपनी के नाम से उपमंडी समिति शिवराजपुर में आढ़त की दुकान है। यहां से शुक्रवार की रात में छह बोरी उड़द चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि पिछले 6 जून को भी विजय लक्ष्मी ट्रेडर्स में चोरी हुई थी। उसके पहले शिवमती मौर्य ट्रेडर्स कंपनी में भी चोरी हुई थी। शिवाय ट्रेडर्स कंपनी में भी चोरी हुई थी किंतु अभी तक ना तो चोर पकड़े गए ना ही माल बरामद हुआ । आए दिन हो रही चोरियों से व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में व्यापार करना मुस्किल हो रह है। सभी आढ़तियों का कहना है कि जहां पर जान माल की सुरक्षा न हो वहां पर व्यापार कैसे किया जा सकता है। रोष्स व्यक्त करते हुए सभी आढ़तियों ने शिवराजपुर शिवली रोड जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की व सुरक्षा देने का आश्वासन दिया इसके बाद यातायात बहाल हो सका।

अभी चार दिन पहले थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर कस्बे के वार्ड नंबर तीन स्थित दिशा ज्वैलर्स में चोरी हुई थी। जिसमें चोर सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं । इस मामले में थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि उप मंडी समिति में हुई चोरी की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल चल रही है वहीं कुछ संदिग्धों को उठाया भी गया है जल्द ही चोरियों का पर्दाफाश होगा।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा

**कानपुर।** समन्वय सेवा समिति की ओर से 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता गोल्डी ने बताया कि रूमा सलेमपुर स्थित समन्वय कुटीर में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें सुंदरकांड का पाठ गुरु पूजन और प्रार्थना शामिल है। महामंत्री राधे श्याम शर्मा ने बताया की गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की याद में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

**कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
**नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर**
E-mail-ddcknpngr@gmail.com

पत्रांक: नि0ख0का0 (ई-टेण्डर)/2025-515 दिनांक 05/07/2025

नविदा सूचना (ई-टेण्डर)

मण्डी समिति अछल्दा, जनपद औरैया के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत, वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से दिनांक 28.07.2025 को ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई-निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 28.07.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 07.07.2025 से दिनांक 28.07.2025 की अपरान्ह 01:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www-etender-up-nic-in पर देखी, पढ़ी व डाउनलोड की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है: -
कार्य का विवरण (1) सम्पर्क मार्ग खेरा टरैया से घसारा पुल तक मरम्मत / नवीनीकरण का कार्य (लं0 2.44 किमी0)। (Tender Id: 2025-RKUMP-1054818&1), कार्य की अनुमानित लागत- रू0 49.56 लाख, धरोहर धनराशि रू0 4.48 लाख, निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 7500+1350-8850, कार्य पूर्ण करने की अवधि 4 माह, पंजीकरण श्रेणी ''स'' श्रेणी।
शर्ते-
1. ई-निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण0, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा नौबस्ता कानपुर में संचालित खाता संख्या- 30394511570, IFSC code SBIN0002586 में तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या 30394511831, IFSC code SBIN0002586 में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी।
2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांक:मु0अभि0-2/ (1168/ भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक: 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में ''द'' श्रेणी को छोड़कर ''अ'', ''ब'' एवं ''स'' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्तर्घात्मक दरें प्राप्त करने के उदद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 3.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम व शर्तो के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र व सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वॉछित टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीट Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे भी प्रतिभाग कर सकती है। किसी अन्य विभाग के ठेकेदार / फर्म उक्त निविदा में प्रतिभाग नहीं कर सकते है।

**उपनिदेशक (निर्माण)**
**मण्डी परिषद, कानपुर**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26
CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

## डेरापुर-मंगलपुर मार्ग पर फत्तेपुर गांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा, रतनियापुर से लौट रहे थे दोनों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



सुशांत पाल।



अंकित शेखर।

- दोनों को डेरापुर सीएचसी ले गई पुलिस, पर नहीं बची जान
- हादसे की सूचना पहुंचते ही दोनों परिवारों में गूंजीं चीखें



युवक की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



अस्पताल में छानबीन करती पुलिस।

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने दोनों को डेरापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ईएमओ ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी अंकित शेखर (25) शनिवार को अपने साथी सुशांत पाल (22) के साथ किसी काम से रतनियापुर गांव गया था। वहां से दोनों बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। डेरापुर से मंगलपुर जाने वाले मार्ग पर फत्तेपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई, मगर राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को डेरापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ईएमओ ने परीक्षण के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पहुंचने पर दोनों युवकों के परिवारों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। परिजनों के मुताबिक दोनों युवक मजदूरी करते थे। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि बाइक अनियंत्रित होने के कारण पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों की मौत हो गई।

### हादसे के बाद पानी भरे गड्ढे में पड़े रहे दोनों

डेरापुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के पास पेड़ से टकराने के बाद बाइक सवार दोनों युवक पास में ही पानी भरे गड्ढे में गिर गए थे और काफी देर तक उसी में पड़े रहे। जब वहां से फत्तेपुर गांव के रहने वाले राजेश यादव गुजरे तो उन्होंने गड्ढे में युवकों को पड़ा देख इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने जब तक उन्हें अस्पताल पहुंचाया, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। लोगों में चर्चा रही कि अगर समय रहते उन्हें अस्पताल भेज दिया गया होता तो शायद जान बच सकती थी।

# ट्रांसफॉर्मर के लटकते तार की चपेट में आने से युवा किसान की गई जान

संवाददाता, राजपुर

- राजपुर थाना क्षेत्र के सिलरहा गांव में शुक्रवार रात हादसा
- परिवार वालों के साथ सुबकता रहा डेढ़ साल का बेटा सक्षम



रोहित की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



रोहित सिंह।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव में मंगलवार रात खेत पर गया किसान ट्रांसफार्मर से निकले तार के करंट की चपेट में आने से झुलस गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राजपुर थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव के रहने वाले संजय सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात उसका चचेरा भाई रोहित सिंह (28) खेत में फसल देखने गया था, तभी गांव के बाहर लगे टावर के नजदीक रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल से लटक रहे सपोर्टर वायर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से रोहित गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार के लोग उसे फौरन अकबरपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंचे एसआई वीरेंद्र शाहू ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि करंट से मौत की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एकलौते बेटे की मौत से पिता जंटर सिंह, मां कल्लन देवी पत्नी सोमवती बदहवास हो गई। डेढ़ वर्ष का बेटा सक्षम भी है।

## एक नजर

### राजपुर में आज चार घंटे होगी बिजली की कटौती

**राजपुर।** बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए मरम्मत कार्य किया जा रहा है। राजपुर के जेई प्रवीण मिश्रा ने बताया कि बिजलीघर में लगे फीडर ब्रेकरों में मरम्मत कार्य के चलते रविवार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक राजपुर उपकेंद्र से जुड़े कस्बा राजपुर समेत भाल, कमलपुर, बैना, जैनपुर समेत सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जेई ने बताया कि रोस्टिंग के दौरान ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा। फिर भी सभी उपभोक्ता पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले।

### बाजार गया किशोर लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**राजपुर।** सट्टी थाना क्षेत्र के अफसरिया गांव निवासी मोहम्मद अजम का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद मुअज्जम शुक्रवार की दोपहर शाहजहांपुर बाजार जाने के लिए घर से निकला और फिर वापस नहीं आया। परिजनों ने मुअज्जम की दोस्तों व रिश्तेदारों में खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शनिवार को सटटी थाना में मोहम्मद अजम ने पुत्र के लापता होने के संबंध में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

### रसूलाबाद में क्षय रोगियों को बांटी गई पोषाहार किट

**कानपुर देहात।** शनिवार को रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयूष त्रिपाठी एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अरविंद कुमार ने टीबी के मरीजों को पोषाहार किट वितरित की। यहां 40 क्षय रोगियों को पोषाहार दिया गया। इस मौके पर डॉक्टर बृजेश कुमार, गौरव कुमार बीसीपीएम, पंकज कुमार पाल फार्मासिस्ट, ब्रजकिशोर व्यास एल टी आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 8 से शुरू होगी बॉक्सिंग और कुश्ती प्रतियोगिता

**कानपुर देहात।** जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 8 व 10 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 8 जुलाई को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसमें बाक्सिंग की प्रतियोगिता 8 जुलाई और कुश्ती प्रतियोगिता 10 जुलाई को संपन्न होगी।

# पत्नी की हत्या के प्रयास में पति को 10 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- ककवन थाना क्षेत्र के हरीपुरवा गांव में 4 साल पहले का मामला

**अमृत विचार।** ककवन क्षेत्र के हरीपुरवा गांव में करीब चार साल पहले दहेज के लिए सोते समय पत्नी को जलाकर मारने का प्रयास करने वाले पति को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर के ककवन निवासी अशर्फीलाल ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसने अपनी पुत्री की शादी 30 अप्रैल 2017 को हरीपुरवा के दीपू के साथ की थी। उसने अपनी समर्थ से दान दहेज दिया था, लेकिन इससे दीपू व उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे और पुत्री को प्रताड़ित करते थे। पुत्री मायके आकर रहने लगी थी। सामाजिक लोगों के दबाव में 5 जून 2021 को दीपू अपने पिता रामनरेश, मां श्रीदेवी, भाई रामू व भाभी ममता के साथ पुत्री को विदा करा ले गया। 8 जून 2021 की रात जब उसकी पुत्री सो रही थी, तभी दीपू व उसके घरवालों ने उसे जिंदा जलाने की नियत से आग लगा दी। उसने गंभीर हालत में पुत्री को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने विवेचना कर आरोपी पति दीपू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर नाम हटा दिए थे। अपर जिला जज पंचम की अदालत में शनिवार को आरोपी पति दीपू को 10 साल सजा सुनाई। 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड का 85 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# पैर फिसला, नदी में डूब गया युवक

**पुखरायां।** बरौर थाना क्षेत्र के मोहलिया गांव में शनिवार को मवेशी चराकर घर लौट रहे युवक का पैर फिसल गया, जिससे वह नदी में गिरकर डूब गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

बरौर थाना क्षेत्र के मोहलिया गांव का रहने वाला मान सिंह (35) शनिवार को मवेशी चराकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के समीप से निकली नदी के किनारे उसका पैर फिसल गया, जिससे वह नदी में गिर गया और डूब गया। नदी में युवक के डूबने की खबर मिलते ही परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मोहम्मदपुर में 10 लाख के जेवर-नकदी चोरी

संवाददाता, पुखरायां



मोहम्मदपुर में शातिरों ने अलमारी खंगाली। अमृत विचार



चोरी के दौरान शातिरों ने सामान बिखेर दिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहम्मदपुर गांव में गर्मी के कारण छत पर सोये गृहस्वामी के घर में घुसे चोरों ने करीब दस लाख रुपये से अधिक के जेवरात-नगदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार देर शाम अधिक गर्मी होने के कारण वह अपनी घर की छत पर हो रहा था। भोर पहर नींद खुलने पर वह लघुशंका के लिए छत से नीचे जाने का प्रयास किया तो जीने का दरवाजा अंदर से बंद मिला। वह दीवार की सहायता से नीचे आया तो कमरे के ताले टूटे पड़े थे और अंदर रखे बक्से व अलमारी खुली हुई थी। पीड़ित ने बताया कि चोर उसकी पत्नी के जेवर में करीब तीन तोला की सोने की चेन, दो तोला झुमकी, टॉप्स, चांदी की पायल, बिछुआ, दो अंगूठी, पुत्री रचना के जेवर में सोने के झाले, हार, सोने की चूड़ी, मंगलसूत्र, लेडीज अंगूठी, दो जेंटस अंगूठी, चांदी की पायल, कमरबंद तथा बहू प्रियंका की सोने की चूड़ी, सोने का हाथफूल, हार, बाजूबंद, चेन, लेडीज व जेंटस अंगूठी, नथुनी, सोने की नथ, सोने का डबल लॉकिट कुंडा, मंगलसूत्र, इंगेजमेंट में मिला सोने का हार, कान के झाला व दस हजार रुपये समेत लाखों रुपये का सामान पार कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

### भोगनीपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहीं वारदातें

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में पिछले कई दिनों से वारदातों में खासा इजाफा हुआ है। जिससे पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों पुखरायां के स्वर्णकार पर हमला कर आंखों में मिर्च झोंककर आभूषण लूटने व 4 जुलाई को अकबरपुर के गल्ला व्यापारी से लूट के प्रयास का मामला हल नहीं हो सका है। ऐसे में मोहम्मदपुर गांव में करीब दस लाख रुपये से अधिक की चोरी पर उच्चाधिकारियों के निर्देश व पुलिसिया गश्त पर सवालिया निशान खड़े कर रही है।

# पौधरोपण का डाटा अपलोड होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



दौलतपुर में मियांबाकी पद्धति से पौधरोपण का जायजा लेतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

- मियांबाकी पौधरोपण के लिए जिले में 62 स्थल चिह्नित

**अमृत विचार।** दौलतपुर गांव में मियांबाकी पद्धति से कराए गए पौधरोपण का सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पौधरोपण प्रगति की ऑनलाइन निगरानी के लिए पोर्टल पर डेटा अपलोड करने समेत अन्य निर्देश दिए।

जनपद में पौधरोपण को प्रभावी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. ने विकासखंड अमरौधा की ग्राम पंचायत दौलतपुर में मियांबाकी पद्धति से कराए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पौधरोपण मियांबाकी पद्धति से किया जाएगा, जो अधिक घनत्व में पौधरोपण की एक उन्नत जापानी तकनीक है। इससे कम समय में अधिक हरियाली सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीडीओ व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मियांबाकी पद्धति के अनुसार गड्ढे खोदने, खाद मिश्रण व पौधों को रोपने का कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त चूने से ग्रिड मार्किंग करते हुए पौधों की सुरक्षा व पानी की समुचित व्यवस्था आदि सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही पौधरोपण के बाद पौधों की देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नामित करें। उन्होंने कहा कि मियांबाक़ी पौधरोपण के लिए विकासखंडवार स्थलों का चिंहांकन किया गया है। जिसमें विकासखंड अमरौधा में 8 स्थल, अकबरपुर में 5, डेरापुर 3, झींझक 4, मैंथा 9, मलासा 6, राजपुर 8, रसूलाबाद 10, संदलपुर 4 व सरवनखेड़ा में 5 समेत कुल 62 स्थल चयनित हैं। उन्होंने मौके पर अनार का पौधा रोपित किया।

# अवैध मिट्टी खनन कर प्लाट की पुराई

**सिकंदरा।** तहसील क्षेत्र के बुधौली गांव में दिनदहाड़े जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन कर प्लाटों की पुराई की जा रही है। लोगों की शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी का खनन जोरों पर है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। सूत्रों की मानें तो जिम्मेदारों की मिलीभगत से माफिया खनन में संलिप्त हैं। बुधौली गांव में जेसीबी से अवैध मिट्टी खुदाई कर ट्रैक्टर ट्राली से लोडकर नए मकानों के निर्माण कार्य और प्लाट की पुराई की जा रही है। इस काम में बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्रालियों का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। जेसीबी से खेत की मिट्टी खोदकर निर्माणाधीन मकान मालिकों को बेचकर माफिया खासा मुनाफा कमा रहे है। सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है। एसडीएम शालिनी उत्तम ने कहा कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# सिकंदरा के जुलूस में 8 ताजिये निकले

संवाददाता, सिकंदरा

- ताजिया जुलूस मार्गों पर तैनात रहा भारी पुलिस बल
- मोहर्रम की नौ तारीख पर ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी



सिकंदरा में ताजिया बांधते कारीगर।



ताजिया मार्ग पर मुस्तैद पुलिस बल।

**अमृत विचार।** पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लाह अलय वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाए जाने वाला मोहर्रम के त्योहार पर ताजिया का जुलूस रात निकाले गए। जिसको लेकर तहसीलदार व थाना प्रभारी ने ताजिए के रूट मार्ग का भ्रमण किया।

शनिवार को सिकंदरा तहसीलदार राकेश चंद्र व थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने भ्रमण के दौरान मार्गों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती के साथ ड्रोन व अन्य तकनीकी संसाधनों से निगरानी की। जिससे ताजिया जुलूसों को सकुशल संपन्न कराया जा सके। धर्म गुरुओं ने मोहर्रम के संबंध में बताया कि इस्लाम को बचाने के लिए इमाम हुसैन शहीद हुए थे। इमामे हुसैन का संदेश केवल मुसलमान के लिए नहीं है। बल्कि संपूर्ण इंसानियत को भलाई का पैगाम है। शनिवार को मोहर्रम माह की नौ तारीख को ताजिया का जुलूस निकाला गया। खजूर वाली मस्जिद के इमाम हाफिज मुजीब रज़ा ने बताया कि इस दिन अधिक से अधिक नफली नमाज पढ़कर रब से गुनाहों की माफी व रोजगार में बरकत के लिए दुआ करनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लंगर किया जाए और भूखों को खाना खिलाया जाए। सदर मदीना मस्जिद परवेज आलम व मोहम्मद कलाम उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि ताजियों का जुलूस शनिवार रात अशोक नगर से शुरू हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस इमाम चौक पहुंचा, इसमें कुल आठ ताजिये शामिल हुए।

# विधायक के जनता दरबार में पहुंचा स्कूल विलय का मुद्दा

संवाददाता, मंगलपुर



रसूलाबाद विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- झींझक नहर कोठी के जनता दरबार में प्राथमिक शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** झींझक नहर कोठी में शनिवार को रसूलाबाद विधायक ने जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने परिषदीय स्कूलों के विलय के विरोध में ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग उठाई है।

प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसको लेकर पूरे प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों में आक्रोश है और विरोध जता रहे हैं। झींझक में विधायक पूनम संखवार के जनता दरबार में पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शासन के विद्यालय मर्ज के आदेश को खारिज करने की संस्तुति के लिए विधायक को ज्ञापन सौंपा। कहा कि इस प्रक्रिया से कई प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त हो रहे हैं। कई रसोइयों की सेवा समाप्ति का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए मुसीबत खड़ी होने की स्थिति बनी हुई है। विधायक ने कहा कि मांग को सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। इस दौरान आदित्य गौतम, हेमलता कोविंद, बलराम संखवार, विजय माथुर, इकबाल खान समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस** — डीएम-एसपी ने अकबरपुर तहसील में सुनी फरियाद, पौधरोपण के लिए शत-प्रतिशत पौधे उठाने के निर्देश

# समाधान के लिए सबसे ज्यादा पहुंच रहे राजस्व विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



अकबरपुर तहसील में शिकायतें सुनते डीएम आलोक सिंह व अधिकारी। अमृत विचार



मैथा तहसील में शिकायतें सुनते एडीएम दुष्यंत कुमार मौर्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने अकबरपुर तहसील में शिकायतें सुनीं। कुल 184 शिकायतें आईं, जिनमें सर्वाधिक राजस्व की रहीं। भोगनीपुर तहसील में सीडीओ लक्ष्मी एन. के सामने भी राजस्व की सबसे ज्यादा शिकायतें आईं।

शनिवार को अकबरपुर में डीएम आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्रा ने समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। भूमि विवाद संबंधी मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने 9 जुलाई को वृहद पौधरोपण अभियान के लिए सभी विभागों को लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त इन्डेंट के अनुसार 7 जुलाई तक पौधे उठाने को कहा। यहां राजस्व की 118, पुलिस 18, विद्युत 12, विकास 11, जल निगम एक, जिला पंचायत 7, बेसिक शिक्षा एक, चकबंदी 3, बैंक 2, लोक निर्माण विभाग 3, नगर पंचायत 3, प्रोबेशन एक, डीआईओएस समेत कुल 184 शिकायतें आईं । यहां सीएमओ डॉ. एके सिंह, एडीएम न्यायिक दिग्विजय सिंह, एसडीएम सदर एके सिंह समेत जिला स्तरीय अधिकारी रहे। इसी तरह सीडीओ लक्ष्मी एन. ने संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील भोगनीपुर में जनसुनवाई की। तहसीलदार व बीडीओ को निर्देश दिए कि शिकायतों का रजिस्टर में भी अंकन किया जाए। यहां राजस्व की 34, पुलिस 20, विद्युत 8, चकबंदी 8, नगर पालिका 5, बीडीओ मलासा 3 समेत कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुईं।

### साहब ! सीलिंग की जमीन पर प्लाटिंग कर बेच रहे

**शिवली।** तहसील मैथा में एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य ने एसडीएम देश दीपक सिंह व तहसीलदार सुनील कुमार के साथ शिकायतें सुनीं। मदरापुरवा गांव के अनुज पाल ने बताया कि मांडा गांव में मैथा-रनियां रोड पर बेशकीमती सीलिंग के गाटा नंबर 171 व 172 की जमीन पर प्लाटिंग कर बिक्री की जा रही है। जिम्मेदार लोग भी शामिल हैं। यह कुल 82 शिकायतों में राजस्व की सर्वाधिक 42, पुलिस 25, विद्युत 3, ब्लाक की 12 शिकायतें आईं। एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक, एडीओ संजय मिश्रा, कानूनगो नंद किशोर, समाज कल्याण अधिकारी धीरज सविता, आपूर्ति निरीक्षक गौरव राजपूत, बीईओ सपना सिंह, प्रभारी सीडीपीओ सुमन लता यादव आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### विश्व युवा कौशल दिवस पर दिखेगी प्रतिभाओं की चमक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व युवा कौशल दिवस पर 15 जुलाई को सभी जिलों में युवा प्रतिभाओं की चमक दिखेगी। इससे पहले 12 से 14 जुलाई के बीच रोजगार मेला आयोजित होगा। इसकी तैयारी में सभी जिलाधिकारियों ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर लिए हैं। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में कौशल विकास की सफल कहानियां, प्रशिक्षण केंद्रों की प्रदर्शनी, प्रेरक संवाद सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। जिले के सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मंच पर अपनी कहानी साझा करने का अवसर मिलेगा। जनपद में स्थापित महत्वपूर्ण उद्योगों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा।

### अयोध्या में उधैला झील का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या इको-पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, इसके लिए उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका पर्यटन विकास करेगा, उक्त क्रम में मिल्कीपुर स्थित उधैला झील को लगभग 3.81 करोड़ रुपये की लागत से इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस झील में, खास तौर पर सर्दियों में प्रवासी पक्षियों की बहुलता रहती है। यह जानकारी शनिवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या शहर से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह स्थल आदर्श प्राकृतिक गंतव्य के रूप में विकसित हो रहा है। उप्र. ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा यहां मुख्य प्रवेश द्वार, कैफेटेरिया, टिकट काउंटर, वॉकवे, दो विश्राम स्थल, गजेबो हट, शौचालय, बच्चों के खेलने का क्षेत्र और एक वॉच टावर आदि पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पर्यटकों को झील और उसके आस-पास आने वाले रंग-बिरंगे पक्षियों का विहंगम दृश्य भी देखने को मिलेगा।

# विदेशी फंडिंग से अवैध धर्मांतरण कराने वाला जमालुद्दीन गिरफ्तार

- युवतियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराता था जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिना अनुमति धर्मांतरण कराने वाले बड़े गिरोह का खुलासा एटीएस ने शनिवार को किया। इस गिरोह के मास्टर माइंड बलरामपुर स्थित उतरौला कस्बा निवासी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में दूसरी आरोपी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बलरामपुर इलाके में लंबे समय से धर्मांतरण का गिरोह चला रहा था। इस गिरोह का नेटवर्क मुस्लिम देशों में फैला है। गिरोह को मुस्लिम देशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग की गई है।

लखनऊ में तीन दिन पहले छांगुर बाबा के चंगुल में फंस कर धर्म बदलने वालों ने फिर से अपना पुराना धर्म अपना लिया था। इस दौरान ही पीड़ितों के कई चौंकाने वाले खुलासे के बाद एटीएस ने छांगुर की तलाश तेज कर दी थी। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक यूपी एटीएस को जानकारी मिली थी कि बलरामपुर के उतरौला कस्बे में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन बताकर धर्मांतरण का गिरोह चला रहा है। छांगुर पर 50 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया था।

**सिंधी परिवार का कराया धर्मांतरण :** जांच में सामने आया कि जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा बलरामपुर के उतरौला में रहता है। उसके साथ मुंबई निवासी नवीन घनश्याम रोहरा, उसकी पत्नी नीतू नवीन रोहरा, बेटी समाले नवीन रोहरा के साथ रहता था। तीनों मूलरुप से सिंधी है। इनका ब्रेनवॉश करके छांगुर बाबा ने इस्लाम धर्म स्वीकार करा दिया। तीनों ने अपना नाम बदलकर जमालुद्दीन, नसरीन और सबीहा रख लिया। इनके साथ छांगुर बाबा मधपुर में चांद औलिया दरगाह के पास रहने लगा। खुद को पीर बाबा व सूफी बासफा हजरत बाबा जलालुद्दीन कहता है। इसने शिजर-ए-तैय्यबा नाम से एक पुस्तक प्रकाशित करवाई गई। जिसके माध्यम इस्लाम का प्रचार करता है।

**गिरोह बनाता था दबाव, धमकाता :** एटीएस के मुताबिक छांगुर बाबा, महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी (खुद को पत्रकार बताता), सगीर और नीतू रोहरा गिरोह में शामिल है। यह सब मिलकर धर्मांतरण कराते है। युवतियों पर दबाव बनाते थे। अगर युवती तैयार नहीं हुई तो उसे फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देते थे।

**पिछले साल दर्ज हुई थी रिपोर्ट :** एटीएस ने छांगुर बाबा के खिलाफ धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और धोखाधड़ी व सांप्रदायिकता की रिपोर्ट दर्ज की थी। छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी मूलतः बलरामपुर के मधपुर उतरौला के रहने वाले हैं। एटीएस के मुताबिक कई पीड़ितों ने बयान दिया है कि दोनों आरोपित विधवा महिलाओं को प्रलोभन देकर, आर्थिक मदद करने के साथ ही शादी कराने का भरोसा देकर जाल में फंसाते थे। कई असहाय लोगों को धमका कर इन लोगों ने धर्म परिवर्तन कराया है। छांगुर का बेटा व साथी अप्रैल में पकड़े गए एटीएस के मुताबिक धर्मांतरण में लगे इस गिरोह का सरगना छांगुर बाबा ही है। उसका बेटा महबूब भी उसके साथ इस काम में लगा हुआ था। महबूब और उसके एक साथी नवीन उर्फ जमालुद्दीन को इसी साल आठ अप्रैल को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये दोनों लखनऊ जेल में ही बंद हैं।

### हर जाति का अलग दाम

एटीएस अधिकारियों के मुताबिक गिरोह ने धर्मांतरण कराने के लिए दाम भी तय कर रखे हैं। यह दाम जाति व वर्ग के नाम पर तय किये गये है। अगर ब्राह्मण, क्षत्रिय, सरदार के घर की युवतियां है तो 15-16 लाख रुपये, पिछड़ी जाति की युवतियों के लिए 10-12 लाख रुपये, अन्य जातियों के लिए 8-10 लाख रुपये का दाम तय किया गया है।

### 50 बार मुस्लिम देशों की यात्रा, 100 करोड़ से अधिक की फंडिंग

जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा अपने एजेंटों के जरिये युवतियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराता था। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक छांगुर अब तक 50 बार मुस्लिम देशों की यात्रा कर चुका है। बलरामपुर में कई संपत्तियां खरीदी है। जिसमें विदेशों से आने वाले धन का प्रयोग किया गया है। इस गिरोह का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। गिरोह को विदेशी फंडिंग खाड़ी देशों से 100 करोड़ से अधिक की हो रही है। इन देशों से आये फंड से बाबा ने बंगले, लग्जरी गाड़ियां और शोरूम खरीदे हैं। इसके लिए गिरोह से जुड़े लोगों के खातों की जांच की जा रही है।

### प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण

लखनऊ की गुंजा गुप्ता को आरोपी अबू अंसारी ने खुद को अमित बताकर प्रेमजाल में फंसाया और फिर छांगुर बाबा की दरगाह ले जाकर नीतू रोहरा और जमालुद्दीन की मदद से ब्रेनवॉश कर इस्लाम कबूल करवाया गया। उसका नया नाम अलीना अंसारी रखा गया। जांच में पता चला कि छांगुर बाबा ने मुंबई के निवासी नवीन घनश्याम रोहरा, उनकी पत्नी नीतू और बेटी समाले का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया था।

# पीपीपी मॉडल पर बनाएं नई मंडियां : योगी

## राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उप्र. कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया है कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार नई मंडियों की स्थापना की जाए और इसके लिए पीपीपी मॉडल पर संभावनाएं तलाश कर योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही, लखनऊ के विकल्प खंड, गोमतीनगर में एग्रीमॉल के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक देरी पर जिम्मेदारों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को हुई उप्र. राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी परिषद के पास लगभग 20 हजार किमी लंबी सड़कें हैं। नई सड़कों का निर्माण एफडीआर तकनीक से कराया जाए। प्रदेश में 10 नए मंडी एवं उपमंडी स्थलों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिनमें से चार पूरी तरह बनकर तैयार हो गए हैं, जबकि शेष छह पर निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद की सभी प्रधान कृषि मंडी स्थलों में 'शबरी कैंटीन' स्थापित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इन कैंटीनों का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि सेवा भावना के साथ सस्ता, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट भोजन सुनिश्चित करना होना चाहिए।

### 1994.55 करोड़ की आय दर्ज कर तोड़ा रिकॉर्ड

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी परिषद ने 1994.55 करोड़ की आय दर्ज कर पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह पिछले साल से 16.2 प्रतिशत अधिक है। इस वित्तीय वर्ष में मंडी एवं उपमंडी स्थलों के निर्माण, उन्नयन और जीर्णोद्धार हेतु 195.30 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त 242.27 करोड़ की लागत से नए संपर्क मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

### 'रज्जू भइया' विवि के छात्र भी पाएंगे कृषक छात्रवृत्ति

बैठक में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि प्रयागराज स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के छात्र भी 'मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत लाभान्वित होंगे। वर्तमान में यह योजना प्रदेश के 9 विश्वविद्यालयों और 60 महाविद्यालयों में संचालित है।

# बिजली कर्मियों ने प्रदेशभर में मनाया विरोध दिवस

- निजीकरण के विरोध में 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो आंदोलन की तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने शनिवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश भर में विरोध दिवस मनाया। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल व जेल भरो आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने भी हड़ताल की स्थिति से निपटने के लिए निर्देश जारी किये हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने दिनभर काली पट्टी बांध कर प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध जताया। इस दौरान निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन की तैयारी में सभी जिला व परियोजना मुख्यालयों पर स्वेच्छा से जेल जाने वाले बिजली कर्मियों ने सूची में अपने नाम लिखवाए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण की सारी प्रक्रिया भ्रष्टाचार से भरी हुई है। निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति में हितों के टकराव के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया।

# 7608 गोआश्रय स्थलों में स्थापित होंगे गोपाल वन

- मुख्यमंत्री योगी की मुहिम से जुड़ रहे हैं संत समाज व गोपालक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 6613 अस्थायी गोआश्रय स्थल, 387 वृहद गोसंरक्षण केंद्र, 305 कांजी हाउस तथा शहरी क्षेत्र में 303 कान्हा गोआश्रय स्थल सहित कुल 7608 गोआश्रय स्थल में 9 जुलाई को पौधरोपण कर गोपाल वन की स्थापना की जाएगी। इसके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान रहेगा। सरकार ने इसके अतिरिक्त निजी गोपालकों से भी अनुरोध किया है कि वे भी पौधे लगाएं।

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस मुहिम से संत समाज व गोपालक भी जुड़ गए हैं। गोसेवा आयोग ने भी पौधरोपण महाभियान में सहभागिता को लेकर तैयारी कर ली है। योगी की वन नीति न सिर्फ यूपी को संवार रही है, बल्कि राजनीति करने वालों को आईना भी दिखा रही है। जिस प्रदेश में कभी 5 करोड़ पौधे नहीं मिलते थे। उस प्रदेश में योगी सरकार ने 2025 महाभियान के तहत 52.43 करोड़ पौधे तैयार कराए हैं। इसमें से 37 करोड़ पौधे यूपी में लगाए जाएंगे।

पौधरोपण महाभियान के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि इस बार अनेक महापुरुषों के नाम पर वनों के साथ ही गोपाल वन की भी स्थापना की जाएगी। गोशालाओं में चारा व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। गोपाल वन की स्थापना में गोपालकों व संत समाज का भी सहयोग लिया जाएगा।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि पौधरोपण महाभियान में सहभागिता को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। सभी गोशालाओं में सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद आदि के पौध लगाने पर जोर दिया गया है। पूरे वर्षा काल में पौधे लगाए जाएंगे।

# प्रदेश में बड़े पैमाने पर होगा मंदिरों का जीर्णोद्धार

- भृगु और दुर्वासा ऋषि के आश्रम सहित जैन मंदिर का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए मंदिरों के बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत भृगु और दुर्वासा ऋषि के आश्रमों सहित जैन मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा।

कार्ययोजना के अनुसार, बलिया में भृगु आश्रम स्थित चित्रगुप्त मंदिर का सौंदर्यीकरण, तेंदुआ पट्टी फरसातर मौजा होलपुर में हनुमान मंदिर परिसर का पर्यटन विकास, बसंतपुर गांव में उदासीन मठ का विकास, महाराजगंज में भैरोबाबा स्थल का पर्यटन विकास, फूलपुर पवई में दुर्वासा ऋषि आश्रम का विकास, मऊ के दुआरी गांव में श्री वीरा बाबा ब्रह्म स्थान का पर्यटन विकास, आजमगढ़ के मिश्रापुर में राम जानकी मंदिर का विकास, कन्नौज के सदर में फूलमती देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा। इसके साथ ही आजमगढ़ के धन्नीपुर, सिंगपुर बांसगांव में स्वर्गीय संत परमहंस बाबा के स्थल का भी पर्यटन विकास योजना में शामिल है।

# आरटीई से निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने में श्रावस्ती रहा अव्वल

- गोंडा को दूसरा और बस्ती को तीसरा स्थान, फिरोजाबाद और बलरामपुर भी टॉप-5 में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने में श्रावस्ती जिला सबसे आगे है। गोंडा को दूसरा और बस्ती को तीसरा स्थान मिला है, जबकि फिरोजाबाद को चौथा और बलरामपुर पांचवें स्थान पर है। इसे लेकर मुख्यमंत्री स्वयं संजीदा है, जनता दर्शन में उनसे मिलने आई मुरादाबाद की एक बच्ची का सबसे बड़े निजी स्कूल में एडमिशन हुआ।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने आरटीई के तहत स्कूलों में दाखिला के लिए आए 465 आवेदन में से 460 बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला कराया है। यह औसत 98.92 प्रतिशत है। जबकि गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने 2079 बच्चों के आवेदन के सापेक्ष 1975 बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला कराया, जो 95 प्रतिशत है। इसी तरह बस्ती ने 591 लक्ष्य के सापेक्ष 553 बच्चों (93.57 प्रतिशत) का दाखिला कराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, फिरोजाबाद ने 4,358 लक्ष्य के सापेक्ष 4,060 (93.16 प्रतिशत) बच्चों का दाखिला कराकर चौथा स्थान प्राप्त किया है, जबकि पांचवें स्थान पर बलरामपुर ने 771 लक्ष्य के सापेक्ष 712 बच्चों (92.35 प्रतिशत) का दाखिला कराया।

### ऐसे होता है बच्चों का चयन

आरटीई के तहत पात्रता श्रेणी में आने वाले अभिभावकों से उनके बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन मांगे जाते हैं। फिर आवेदन पत्रों की जांच के बाद लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाता है। यह प्रक्रिया चार चरणों में होती है। इसके बाद चयनित बच्चे का दाखिला कराया जाता है। बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च सरकार वहन करती है।

# सांप्रदायिकता फैलाने वालों को सत्ता से बाहर करेगी जनता

- राज बब्बर ने कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते पूर्व सांसद राज बब्बर।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि प्रदेश की जनता सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नई रणनीति के तहत कार्य कर रही है और निरंतर आगे बढ़ी रही है। पूर्व सांसद शनिवार को प्रदेश कार्यालय में लखनऊ जिला व शहर कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ व संकल्प दिलाने के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व सांसद ने पदाधिकारियों को कांग्रेस की विचारधारा व गांधीवादी सिद्धांतों के अनुरूप निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है, संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धांतों को अपनाकर ही हमें लड़ना होगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी व डॉ. शहजाद आलम समेत बूथ स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राज बहादुर ने की। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

### 34 हजार रिश्वत लेते सहायक मंडल अभियंता गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद रेल मंडल के चंदौसी में तैनात सहायक मंडल अभियंता (एडीईएन) संजीव सक्सेना को सीबीआई ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। गाजियाबाद सीबीआई की टीम ने छापा मारकर 34 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। मौके से इंजीनियर के करीबी ट्रैकमैन को भी गिरफ्तार किया है। दोनों को शनिवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। शाहजहांपुर स्थित लाला तेली बजरिया निवासी रेलवे ठेकेदार देवेंद्र सिंह ने सीबीआई की गाजियाबाद कार्यालय में शिकायत की थी। बिल के भुगतान के लिए एडीईएन संजीव सक्सेना 34000 रुपये रिश्वत मांग रहे हैं।

## वर्ग पहेली-23

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो दिखाई न दिया हो 2. जो देखा न गया हो।
3. 1. पिशाच का,पिशाच संबंधी 2. क्रूरतापूर्ण, घोर।
5. जनता के सामने, खुले बाज़ार में, लोगों के सामने।
6. 1. पानी में रहने वाला 2. जिसमें पानी मिला हो।
7. 1. प्रकट करने वाला 2. जताने वाला 3. भेद खोलने वाला 4. समझाने-बुझाने वाला, कहने या सुनने वाला 5. डांटने-डपटने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. अधिकमास।
2. रात्रि में विचरण करने वाला, रात में निकलने वाला।
4. 1. जिसका भरोसा न किया जा सके, बात का कच्चा 2. निष्ठाहीन, विचलनशील 3. कच्ची तली या पेंदी का 4. ओछा, ढुलमुल।



### वर्ग पहेली -22 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 उ | 2 प | गि | रि | ■ |
| ■ | 3 ख़ि | ■ | र | ■ | ■ | 4 सों |
| 5 ज़ | रा | सी | म | ■ | ■ | टा |
| ■ | जी | ■ | 6 पु | लि | या | ■ |
| ■ | भू | ■ | रु | ■ | ■ | 7 टे |
| ■ | मि | ■ | ष | ■ | ■ | नि |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 पा | र | स |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष,एकादशी-22.14 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज आय के नए स्रोत निर्मित होने की संभावना है। धन से जुड़ी हुई समस्याओं का निवारण होगा। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संतान के लिए पूर्व में किए गए निवेश से लाभ प्राप्त होगा।

**वृष:** आज आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनीति में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा हो सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बढ़ते हुए खर्चों को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। महिलाओं के लिए दिन बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में क्लाइन्ट्स के साथ संबंध मजबूत होंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुकूल सफलता मिल सकती है। काम के बोझ में कमी आयेगी। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। कला जगत से जुड़े लोगों को बड़ा मंच मिल सकता है।

**कर्क:** आज आर्थिक मामलों को लेकर लापरवाही करना उचित नहीं है। आपके व्यवहार में अहंकार और अधिकार जताने की प्रवृत्ति हो सकती है। जिसके कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। अपनी मेहनत और योग्यता पर संदेह न करें। दोपहर को आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह:** आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार से हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत शुभ रहेगा। परिश्रम का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। शाम को परिजनों की चिंता हो सकती है। अनावश्यक बातों का तनाव न लें। आपकी नेतृत्व क्षमता की लोग प्रशंसा करेंगे।

**कन्या:** आज आप किसी कठिन प्रकल्प को चुन सकते हैं। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के वरिष्ठ सदस्य आपको जिम्मेदारी वाला कार्य सौंप सकते हैं। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। दैनिक कार्यों के प्रति थोड़ी अरुचि हो सकती है।

**तुला:** आज किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। आपके सौन्दर्य और व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। दूर के रिश्तेदारों से आज मुलाकात होगी। घर में उत्सव जैसा वातावरण रहेगा। वैवाहिक जीवन काफ़ी रोमान्टिक रहने वाला है। शाम को शरीर में थकावट महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज अपने करियर को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आज आपको पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। परिवार में लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। युवा करियर को लेकर थोड़े विचलित हो सकते हैं। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज परिस्थितियां आपके लिए अत्यन्त अनुकूल रहेंगी। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। काम का दबाव कम होने से मन हल्का रहेगा। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**मकर:** आज शोध कार्यों में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। आवश्यक कार्य विलम्ब के साथ पूर्ण होंगे। नए लक्ष्यों को निर्धारित व क्रियान्वित कर सकते हैं। नए विचारों के प्रभाव में आयेंगे। साझेदारी वाले कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। घर में सौभाग्य का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न होगा। धन के लेन-देन की बाधा दूर होगी। अध्ययन और अध्यापन में सफलता मिलेगी। लंबी यात्राओं के लिए समय शुभ है।

**मीन:** आज कुछ नया सीखने की योजना बना सकते हैं। किसी वादे को पूरा न कर पाने के कारण आपको अपमानित होना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के व्यवहार से आप थोड़े निराश हो सकते हैं। पैतृक कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 10.42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | | 7 | 8 |
| | 8 | | | 1 | | 2 | 4 | |
| 6 | | 2 | 3 | | | | | 1 |
| | | 6 | | 5 | | | 8 | |
| 4 | | 8 | | | | 7 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 8 | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | 6 |
| 8 | | | | 9 | | 5 | 1 | |
| | 7 | | 8 | | | | 3 | |

### सुडोकू - 29 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 |

# सेकुलर शब्द... अर्थ और अनर्थ

संविधान की उद्देशिका में सेकुलर शब्द आपातकाल में जोड़ा गया था। संविधान के मूल पाठ में भी इसका अंग्रेजी शब्दानुवाद 'सेकुलर' नहीं था। प्रो. के.टी. शाह ने संविधान सभा में इसे दो दफा जोड़ाने की कोशिश की। 15 नवंबर 1948 के दिन अनु. 1 में 'सेकुलर' शब्द जोड़ने का उनका प्रस्ताव गिर गया। फिर 25 नवंबर 1948 को एक अन्य प्रस्ताव में 'सेकुलर' शब्द का प्रस्ताव औंधे मुंह गिरा। आपातकाल (1976) में श्रीमती इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए 'सेकुलर' जोड़ा। इसका अधिकृत हिंदी पाठ धर्मनिरपेक्षता न होकर पंथनिरपेक्षता है। धर्म की धारणा पंथ, मत, रिलीजन या आस्था विश्वास से भिन्न है। धर्म हरेक वस्तु या प्राणी का स्वभाव है, आस्था नहीं। अग्नि का धर्म ताप और जल का धर्म है रस। पृथ्वी का गुण कर्म धर्म है-गुरूत्वाकर्षण। पंथ, मत, मजहब आस्था विश्वास हैं। धर्म आस्थामुक्त है। यहां कोई एक देवदूत नहीं। कोई एक आस्थाग्रंथ नहीं। भारत के लोगों की विवेकशील जीवनशैली का नाम है धर्म। धर्म यानी सनातन सत्य। इसलिए भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। पंथनिरपेक्षता भारत के धर्म का ही स्वाभाविक प्रवाह है। अवसरवादी राजनीति सेकुलर का अनुवाद धर्मनिरपेक्ष करती है और इसी बहाने देश के बहुसंख्यक समाज को अपमानित करती है।

प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। अर्थ की विकृति में अनर्थ होता है। हरेक शब्द के जन्म का एक इतिहास भी होता है। एक विशेष परिस्थिति और संस्कृति में शब्द का विकास होता है। जर्मन दार्शनिक वाल्टेयर ने इसीलिए 'तर्क से पहले शब्दों की परिभाषा' को जरूरी बताया था। सेकुलर शब्द का जन्म यूरोपीय पंथिक राज्य की तानाशाही की प्रतिक्रिया में हुआ। प्राचीन भारतीय इतिहास में पंथ/आस्था की तानाशाही वाला कोई राजा या राज्य नहीं हुआ। इस्लामी राज में बेशक औरंगजेब जैसे कई बादशाहों ने मजहब आधारित राज्यव्यवस्था चलाने के प्रयास किए, लेकिन भारत के धर्म की स्वाभाविक पंथनिरपेक्ष जीवनशैली के चलते सारे प्रयास असफल रहे। लेकिन इसी समय यूरोप में चर्च की पंथ आधारित तानाशाही चली। आमजनों के साथ-साथ राजा और राज्यव्यवस्थाएं



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**चर्च की अंध आस्थावादी तानाशाही और संसारवाद की लड़ाई में यथार्थवाद की जीत हुई। 1870 में पोप के रोम पर इटली का अधिकार हो गया। इटली की संसद (1871) ने 'ला आफ पेपर गारंटीज' पारित किया। पोप को उनका पड़ोसी क्षेत्र 'वेटिकन' देकर सर्वोच्च शासक माना गया।**

भी बिलबिला गईं। भारत धर्म क्षेत्र होकर भी धार्मिक तानाशाही से मुक्त रहा। यूरोप कथित विवेक विज्ञान से लैस होकर भी अंधआस्थावाद के जबड़ों में पिसा। यूरोपीय मध्यकाल अंधकार युग है, भारतीय मध्यकाल में मजहबी बादशाहत के बावजूद ज्ञान-विज्ञान और तर्क सम्मत धर्म विवेक का प्रवाह है।

छद्म सेकुलरवाद या कथित धर्मनिरपेक्षता सड़ागला विदेशी माल है। पश्चिम में चर्च की तानाशाही और राजा की राजशाही के बीच लंबी लड़ाई चली। पोप इन्नोसेन्ट तृतीय के समय (1198-1216) चर्च के सामने राजा की ताकत नगण्य थी। इंग्लैंड और फ्रांस के राजा उसके दबदबे में थे। इटली उसके नियंत्रण में था। पोप से फ्रांस के राजा फिलिप का विवाद हुआ। मूल प्रश्न था कि सत्ता राजा चलाएगा? या पोप की पंथिकसत्ता? फ्रांस के राजा फिलिप ने पादरी समुदाय पर भी कर लगाया। पोप ने विरोध किया। पोप ने आदेश पत्र में कहा कि राजा और राज्य भी पोप-चर्च के अधीन हैं। चर्च की संपत्ति या लोग सांसारिक राज्य के अधीन नहीं आते। यही आदेश इंग्लैंड के लिए भी था। इंग्लैंड में काफी जद्दोजेहद के बाद राजा का आदेश माना गया, पादरी झुक गए। फ्रांस में पोप के आदेश के विरुद्ध राजा ने पोप के लोगों का फ्रांस प्रवेश रोक दिया। पोप और फ्रांस के राजा के बीच की टकराहट बढ़ती गई। राजा ने देश के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर तय किया, "हम सांसारिक मामलों में किसी अन्य सत्ता के अधीन नहीं हैं।" इंग्लैंड के राजा हेनरी सप्तम और हेनरी अष्टम भी चर्च के आधिपत्य से लड़े। हेनरी अष्टम के सहायक और हाउस आफ लार्डस के सदस्य कार्डिनल वूल्जे ने बाइबिल के हवाले से कहा, "जो ईश्वर का है, उसे ईश्वर को दो और जो राजा का है वह राजा को।" सिद्धांत यह बना कि सभी सांसारिक विषयों पर सत्ता का अधिकार है और ईश आस्था से जुड़े कार्य चर्च के हैं।

चर्च की अंध आस्थावादी तानाशाही और संसारवाद की लड़ाई में यथार्थवाद की जीत हुई। 1870 में पोप के रोम पर इटली का अधिकार हो गया। इटली की संसद (1871) ने 'ला आफ पेपर गारंटीज' पारित किया। पोप को उनका पड़ोसी क्षेत्र 'वेटिकन' देकर सर्वोच्च शासक माना गया। बाकी रोम अलग हो गया। 1905 में फ्रांस ने भी कानून बनाकर भौतिक विषयों पर राज्यव्यवस्था का एकाधिकार मजबूत किया। सारांश यह कि राजकाज के संचालन में संगठित पंथ से भिन्न व्यक्ति की गरिमा ही सेकुलरवाद है। लेकिन भारतीय राजनीति के कथित सेकुलर मजहबी कट्टरपंथ और धर्मांतरणवादी ईसाइयत को सेकुलरवाद बताते हैं। वेटिकन दुनिया का सबसे छोटा देश है। पोप पंथिक राष्ट्राध्यक्ष हैं। सारी दुनिया को ईसाई बनाना उनका लक्ष्य है। कथित धर्मनिरपेक्षता अवसरवादी भारतीय राजनीति का 'फास्टफूड' है। चैम्बर्स ट्वेन्टीन्थ सेन्चुरी डिक्शनरी व अंग्रेजी लागमैन डिक्शनरी सहित पश्चिम के सभी शब्दकोषों में इसका अर्थ पंथ-मजहब से असंबद्ध, ईश्वर आस्था से पृथक भौतिक संसार है। लेकिन अल्पसंख्यकवादी भारतीय राजनीति में इसका अर्थ मजहबवाद है। यहां मजहबी आरक्षण भी सेकुलर है और इसका संवैधानिक विरोध भी साम्प्रदायिकता है। हिन्दू होना सेकुलर विरोधी होना है और मजहबी कट्टरपंथ का समर्थन धर्मनिरपेक्षता है। बड़ा हास्यास्पद और हिंसक हथियार है धर्मनिरपेक्षता। 'हम भारत के लोग' प्राचीन धर्म और संस्कृति के कारण ही सर्वपंथ आदरभाव से युक्त हैं। यहां आयातित सेकुलरवाद की कोई जरूरत नहीं है। पंथ निरपेक्षता भारत का स्वभाव है। इसका मूल अर्थ सर्वपंथ समभाव है। अथर्ववेद में माता पृथ्वी की स्तुति है। यह माता भिन्न-भिन्न विचार वाले जनों का पोषण देती है। सारे मत अंततः एक हैं। गीता भी कहती है कि जो विभक्त दिखाई पड़ने वाले संसार को अविभक्त इकाई देखता है, वही सही देखता है। छद्म 'धर्म-निरपेक्षता' राष्ट्रभाव का अपमान है। रिलीजन-मत या मजहब की आस्था और धर्म एक नहीं है। भारत में प्रत्येक आस्था को आदर मिला। आखिरकार मजहबी बहुमत वाला एक भी मुल्क पंथनिरपेक्ष क्यों नहीं है? भारत के धर्म और संस्कृति ने दयानंद, विवेकानंद, गोखले, तिलक, गांधी, पटेल, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, विपिन चन्द्र पाल, बंकिम चन्द्र जैसे प्रेरक व्यक्तित्व दिए हैं। सेकुलर का अर्थ भौतिक और सांसारिक ही होता है, धर्मनिरपेक्ष नहीं। मजहबी अल्पसंख्यकपरस्ती तो कतई नहीं। उधार का ज्ञान खतरनाक होता है। उधार के शब्द और भी खतरनाक होते हैं। निरंतर प्रयोग से शब्द भी घिसते हैं। दुरुपयोग से पिटते भी हैं। इस तरह घिसे पिटे शब्द अपनी आभा खो देते हैं। शब्दों का सम्यक ज्ञान सम्यक प्रयोग ही लोकमंगल का मार्ग है। पतंजलि ने महाभाष्य में शब्दों के सम्यक प्रयोग के ही निर्देश दिए हैं।

# नहीं रुकेगा नेपाल, चल पड़ा तरक्की की राह पर

दुनिया के बाकी देशों में जब उथल-पुथल मची हो, ऐसे में नेपाल के चौमुखी विकास की खबर सकून पहुंचाती है क्योंकि यह भारत का न केवल पड़ोसी बल्कि मित्र राष्ट्र भी है। पिछले महीने एक संस्था की वैश्विक लेवल की रिपोर्ट में नेपाल को विश्व में 76 वां शांति देश बताया गया है जो दक्षिण एशिया में (भूटान) के बाद दूसरे नंबर पर है। अब विश्व बैंक की आई रिपोर्ट में नेपाल को तरक्की वाले देशों की श्रेणी में बताया गया है।



**हमारे लिए गर्व की बात है कि आज जब दुनिया नफ़रत, हिंसा और भेदभाव की आग में जल रही है, तब नेपाल वैश्विक फलक पर प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की मिसाल साबित हो रहा है।**

रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल ने लंबे सशस्त्र संघर्ष के समाप्त होने के बाद आर्थिक, सामाजिक और मानव विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, जबकि विश्व के अनेक देशों में लगातार जारी संघर्षों और अस्थिरता के कारण ग़रीबी और खाद्य संकट भयावह रूप ले चुका है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

"नाजुक और संघर्षग्रस्त परिस्थितियांः आपस में जुड़े संकट और बहुआयामी ख़तरे" शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि माओवादी विद्रोह की समाप्ति और लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना के साथ ही नेपाल में सकारात्मक बदलावों का नया दौर शुरू हुआ। संघर्ष के दौरान प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत थी, जो शांति स्थापना के बाद 3.6 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसी अवधि में लगभग दो-तिहाई ग़रीबी भी कम हुई, मानव संसाधन विकास में सुधार आया, औसत आयु में वृद्धि हुई, शिशु मृत्यु दर घटी, और सभी शैक्षिक स्तरों पर छात्र-छात्राओं के नामांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

रिपोर्ट में नेपाल को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जो हालिया वर्षों में संघर्षों से उबरकर स्थायित्व, लोकतांत्रिक सुधार और संघीय ढांचे की ओर अग्रसर हुए है। संविधान निर्माण, प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर अधिकारों का हस्तांतरण, लोकतांत्रिक संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण नेपाल की प्रगति के प्रमुख आधार बताए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि वर्ष 2025 में 42 करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन तीन अमेरिकी डॉलर से भी कम आय में जीवन यापन कर रहे हैं। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमित गिल ने कहा कि भले ही वैश्विक ध्यान यूक्रेन और मध्य पूर्व पर केंद्रित है, लेकिन अधिकांश संघर्षग्रस्त देश पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से राजनीतिक अस्थिरता और संस्थागत कमज़ोरी का शिकार हैं। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों के लोग जैसे पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा, हृदयेश त्रिपाठी, मशहूद खां आदि का कहना है कि नेपाल में शांति स्थापना के बाद जो समृद्धि और विकास का नया अध्याय शुरू हुआ, वह केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं बल्कि जनचेतना, धर्मों के बीच सौहार्द, सामाजिक एकता, न्याय और समानता की जीवंत मिसाल है। हमारे लिए गर्व की बात है कि आज जब दुनिया नफ़रत, हिंसा और भेदभाव की आग में जल रही है, तब नेपाल वैश्विक फलक पर प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की मिसाल साबित हो रहा है।

# बिहार चुनाव और पसमांदा समुदाय

हाल ही में पटना के गांधी मैदान में अशराफवादी संगठन इमारत-ए-शरिया द्वारा 'वक्फ बचाओ-संविधान बचाओ' सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन को बिहार के विपक्षी दलों का भी समर्थन और सहयोग प्राप्त था। इन रैलियों का नैरेटिव अक्सर केवल 'धर्मनिरपेक्षता पर खतरा' या 'मुसलमानों के अधिकारों पर हमला' जैसे अमूर्त मुद्दों पर केंद्रित रहता है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या इस रैली में पसमांदा मुसलमानों की विशिष्ट चिंताओं, जैसे कि वक्फ बोर्ड में पसमांदा प्रतिनिधित्व, पसमांदा के सशक्तिकरण में वक्फ की भूमिका, पसमांदा हक़ पर सीधा डाका यानी वक्फ कुप्रबंधन, वक्फ की आय का पसमांदा हित में उपयोग, भूमिहीन पसमांदा को वक्फ भूमि का वितरण और जातिगत भेदभाव पर खुलकर बात हुई? नहीं।

यदि ये रैलियां केवल 'मुस्लिम एकजुटता' का संदेश देती हैं, लेकिन समुदाय के भीतर के गहरे जातिगत विभाजन और पसमांदा की समस्याओं को संबोधित नहीं करतीं, तो वे अशराफ मुसलमानों के वर्चस्व को ही मजबूत करती हैं और पसमांदा को हाशिये पर ढकेलती हैं। इस तथ्य को पसमांदा और विपक्षी दलों को संज्ञान में लाना ही पड़ेगा। बिहार की राजनीति में जाति और समुदाय हमेशा से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। पक्ष और विपक्ष दोनों को यह ध्यान देना होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अब देशज पसमांदा की अनदेखी जोखिम भरा हो सकता है।

भारत में 'मुस्लिम विमर्श' पर अशराफ नेतृत्व का वर्चस्व रहा है। यह विमर्श अक्सर अशराफ के हितों, पहचान और धार्मिक मुद्दों पर केंद्रित रहता है, जबकि पसमांदा मुसलमानों के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन,



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

**बिहार चुनाव 2025 पसमांदा मुसलमानों के लिए अपने अधिकारों को मुखर करने और राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।**

जातिगत भेदभाव और राजनीतिक उपेक्षा जैसे मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया जाता रहा है। इसका परिणाम यह होता है कि 'मुस्लिम समुदाय' के नाम पर मिलने वाले लाभ, प्रतिनिधित्व और कल्याणकारी योजनाओं का बड़ा हिस्सा अशराफ वर्ग के पास चला जाता है, जबकि पसमांदा समुदाय वंचित का वंचित ही रह जाता है। बिहार में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा देशज पसमांदा श्रेणी से आता है और उनकी समस्याएं गहरी हैं।

पसमांदा समाज अब केवल एक 'वोट बैंक' बनकर नहीं रहना चाहता। वे अपने अधिकारों और न्यायसंगत हिस्सेदारी के लिए आवाज उठा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों को पसमांदा समाज से जुड़ने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे जैसे कि वास्तविक राजनीतिक प्रतिनिधित्व यानी चुनाव में टिकटों का आवंटन, आने वाली सरकार में भागेदारी और पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण पद देने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि वे केवल वोट बटोरने वाले कार्यकर्ता न रहें, बल्कि नीति निर्धारण में भी उनकी आवाज हो। इसके इतर मुस्लिम और अल्पसंख्यक संगठनों में सामाजिक न्याय की बहाली, आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका के साधन, भूमिहीन पसमांदा समुदाय को भूमि अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और अशराफ आधारित भेदभाव का उन्मूलन, अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का पसमांदा समुदाय के हक़ में प्रभावी क्रियान्वयन आदि। वर्तमान बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में, विभिन्न दल पसमांदा मुसलमानों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा ने पिछले दिनों पसमांदा मुसलमानों को 'वोट बैंक की राजनीति का शिकार' बताकर और उच्च वर्ग द्वारा उनके शोषण की बात कहकर उन्हें साधने की सक्रिय कोशिश की है। वे पसमांदा सम्मेलनों का आयोजन कर रहे हैं और वक्फ प्रबंधन में सुधार की बात कर रहे हैं। हालांकि, भाजपा की हिंदुत्व विचारधारा को लेकर पसमांदा समुदाय में संशय बना हुआ है। जिस पर भाजपा को गहन, गंभीर और सकारात्मक कार्य की आवश्यकता है। जदयू का कालांतर में पसमांदा हितैषी कार्य एनडीए के लिए अति लाभकारी साबित हो सकता है।

वही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस नित महागठबंधन परंपरागत रूप से मुस्लिम समुदाय का समर्थन पाती रही हैं। वे खुद को धर्मनिरपेक्षता का पैरोकार बताती हैं। हालांकि, पसमांदा बुद्धिजीवियों का आरोप है कि इन पार्टियों ने भी पसमांदा के लिए कुछ खास नहीं किया और केवल अशराफ नेतृत्व को बढ़ावा दिया, जिससे पसमांदा की राजनीतिक उपेक्षा जारी रही। हालांकि राजद पसमांदा विमर्श को अनदेखा करने के डायरेक्ट नीति से बचता दिख रहा है। पसमांदा समाज को किसी एक पार्टी का आंख मूंदकर समर्थन करने के बजाय, सभी पार्टियों के वादों, उनके अतीत के वास्तविक कार्यों और पसमांदा के प्रति उनकी भविष्य की प्रतिबद्धता का गहन मूल्यांकन करना चाहिए। जिस पार्टी का एजेंडा पसमांदा मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए सबसे अधिक ठोस, विश्वसनीय और कार्यान्वयन योग्य लगे, उसी की तरफ पसमांदा समाज को रुख करना चाहिए। यह निर्णय केवल भावनात्मक या पारंपरिक जुड़ाव पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि विवेकपूर्ण, तथ्यात्मक और भविष्योन्मुखी होना चाहिए।

बिहार चुनाव 2025 में पसमांदा मुसलमानों का मुद्दा अब महज एक हाशिए का विषय नहीं रह सकता। यह स्पष्ट है कि परंपरागत 'मुस्लिम विमर्श' और वर्षों की राजनीतिक उपेक्षा ने पसमांदा समुदाय को गहरे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पिछड़ेपन में धकेल दिया है। यह चुनाव राजनीतिक दलों के लिए एक अग्निपरीक्षा है। उन्हें केवल 'मुस्लिम' वोट बैंक के रूप में देखने की पुरानी परिपाटी को छोड़ना होगा और पसमांदा समाज की विशिष्ट पहचान, चुनौतियों और आकांक्षाओं को स्वीकार करना होगा। पसमांदा समुदाय को भी अब अपने विवेक का इस्तेमाल करना होगा। उन्हें उन नारों और वादों से परे देखना होगा जो केवल वोट बटोरने के लिए दिए जाते हैं। एक जागरूक पसमांदा समाज अब अपनी मांगों को मजबूती से रखेगा और केवल उसी दल का समर्थन करेगा जो उनके सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और वास्तविक राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीर और ठोस कदम उठाएगा। बिहार चुनाव 2025 पसमांदा मुसलमानों के लिए अपने अधिकारों को मुखर करने और राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# धनः दुनिया का सबसे बड़ा पुरुषार्थ

बचपन में पढ़ाई के दौरान पढ़े गए हाईस्कूल में संस्कृत के एक श्लोक ने मन पर गहरा प्रभाव (आघात भी कह सकते हैं) डाला था। वह अर्थ सहित वह श्लोक-यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः स पण्डितः स श्रुतवान् गुणज्ञः।/ स एव वक्ता स च दर्शनीयः सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति॥

अर्थात जो धनाढ्य है वही सुसभ्य है, ज्ञानी है, अच्छा श्रोता है, गुणी है, वही श्रेष्ठ वक्ता भी है और सुदर्शनीय है। क्योंकि सभी गुण स्वर्णाश्रित हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

जाहिर है यह आत्मानुभूत पीड़ा से उत्पन्न एक कटाक्ष है जो इंगित करता है कि भारत भूमि में विद्वान अन्य अध्यवसायों या कार्यक्षेत्रों के लोगों से सदा हेय/उपेक्षित ही रहा है। असली सर्वगुण संपन्न तो संपत्तिवान/धनवान ही है। और यही विद्वानों की सर्वकालिक पीड़ा रही है जो प्रायः व्यंजना में अभिव्यक्त होती रही है। महाभारत में ऐसे कई दृष्टांत हैं। द्रोणाचार्य की विपन्नता से उनकी पत्नी क्षुब्ध है, बच्चे घास की रोटी पर पलते हैं। भीष्म जैसा पुरुषार्थी युधिष्ठिर के बजाय दुर्योधन का पक्षधर है। वे एक जगह कहते भी हैं कि अर्थस्य पुरुषो दासः।

धन संपत्ति की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी के द्वारा अपनी चिरकालिक उपेक्षा देखकर/भोगकर ही विद्वतजनों ने उन्हें वाहन के रुप में निरे उल्लू को एलाट कर दिया। प्रकारांतर से जिन पर लक्ष्मी की कृपा है वे उल्लू हुए। रोचक बात यह है कि विद्वानों को यह पता था कि उल्लू वास्तव में एक सजग और चपल पक्षी है मगर उसे मूर्खता के अर्थ में रुढ़ बनाने की व्यंजना गढ़ ली गई। हलांकि उल्लू का रात्रिचर होना, मांसाहारी होना आदि सभी आसुरी शक्तियों ने भी लक्ष्मी के वाहन के रुप में इसे चुने जाने के लिए उपयुक्त बनाया। और वहीं सरस्वती को विद्वानों ने ऐसा पक्षी वाहन के रुप में चुना जिसमें नीर क्षीर विवेक हो, और वह मानसरोवर का मोती ही चुंगता हो। हंस हर दृष्टि से सात्विक जबकि उल्लू हर दृष्टि से तामसी और पातकी।

स्थिति आज भी वैसी ही है बल्कि और गहन हो गई है। समाज में तूती उसी की बोलती दिखती है जो धनपशु है। हां अब पद और पावर के सामने भी बहुजन सिर नवाते हैं। मगर पद और पावर के पीछे भी कहीं लक्ष्मी का रोल है। यह एक दुष्चक्र है। एक विद्वान इन स्थितियों को निर्मिमेष देखता है मगर मौन है, उसके वश में कुछ है भी नहीं। उसकी सर्वसमाज सुनता नहीं। वह आज भी उपेक्षित है। सच है और शाश्वत है कि 'सर्वगुणाः कांचन माश्रयंते।

# बच्चों को क्या सिखा रहे हैं



क्या हम बच्चों को सीखने दे रहे हैं, या उन्हें सिर्फ ढाल रहे हैं? क्या हम उन्हें वो बनने दे रहे हैं, जो वे हैं-या बना रहे हैं वो, जो हम चाहते हैं? शायद ये सवाल इतने सीधे हैं कि हमारी शिक्षा व्यवस्था के सारे खोखलेपन को नंगा कर देते हैं। आज के समाज और अधिकांश विद्यालयों में ज्ञान नहीं, आज्ञाकारिता सिखाई जा रही है। रचनात्मकता नहीं, अनुशासन के नाम पर नियंत्रण थोपा जा रहा है। बच्चों की आवाज़ नहीं सुनी जा रही, उन्हें एक तय ढांचे में चुपचाप बैठा देने और ढाल देने की होड़ मची है।

ज्यादातर कक्षाएं आज भी उसी फैक्ट्री मॉडल पर चल रही हैं जो औद्योगिक क्रांति के जमाने में बनाई गई थीं-जहां हर बच्चा एक 'यूनिट' है, जिसे एक जैसे पाठ्यक्रम, एक जैसे मूल्यांकन और एक जैसे व्यवहार में ढाला जाना है। वह बच्चा जो सवाल पूछता है, वह 'व्यवधान' है। वह जो गाता है, नाचता है, चित्र बनाता है-वह 'कमज़ोर छात्र' माना जाता है। और जो चुपचाप रट लेता है, वह 'प्रतिभाशाली' घोषित हो जाता है। क्या इसे शिक्षा कहा जा सकता है? हमने मान लिया है कि अच्छा विद्यार्थी वही है जो हमसे सहमत हो, विरोध न करे, जो किताब में दिए उत्तर को हूबहू दोहराए। सोचने की छूट नहीं, चुनने की अनुमति नहीं, गलती करने की स्वतंत्रता नहीं। आखिर कब तक हम बच्चों से उम्मीद करते रहेंगे कि वे अपनी आंखें बंद कर हमारी कल्पनाओं को जीएं?



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

कभी गौर कीजिए-जब एक बच्चा चित्र बनाता है, वह सिर्फ रंग नहीं भरता, वह अपनी आत्मा का हिस्सा उस पन्ने पर उकेरता है। जब वह मिट्टी से कुछ गढ़ता है, वह अपने हाथों से एक विचार को जन्म देता है। लेकिन हमारी व्यवस्था उस विचार को महत्व नहीं देती, क्योंकि वह पाठ्यक्रम में नहीं है, बोर्ड की परीक्षा में नहीं आएगा, प्रतियोगिता में नंबर नहीं दिलाएगा। क्या यह अन्याय नहीं है? और सबसे बड़ा पाखंड तो तब होता है जब हम एक जैसे ढांचे में ढले बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे दुनिया में कुछ नया करें, नवाचार करें, नेतृत्व करें। कैसे करेंगे? जब हमने उनकी सोचने, समझने, महसूस करने और बनने की सभी स्वतंत्रताओं को बचपन में ही छीन लिया?

समस्या केवल नीति की नहीं है, सामाजिक सोच की भी है। जब तक हम इस सोच से बाहर नहीं निकलते कि 'हमें बच्चों को नियंत्रित करना है,' तब तक शिक्षा एक आज्ञाकारी समाज की फैक्ट्री ही बनी रहेगी-न कि एक बेहतर, विविधतापूर्ण, सजीव और स्वतंत्र समाज की प्रयोगशाला।

हमें यह मानना होगा कि हर बच्चा अपने साथ एक ब्रह्मांड लेकर आता है। उसे समझने, जानने, और फलने-फूलने के लिए एक ऐसे माहौल की ज़रूरत है जहां उसे बनने दिया जाए-न कि ढाला जाए। जो बच्चा पंछी बनना चाहता है, उसे उड़ने देना चाहिए-न कि यह सिखाना कि मछलियों की तरह कैसे तैरा जाता है। शिक्षा का उद्देश्य यह नहीं होना चाहिए कि हर बच्चा एक जैसी परीक्षा पास कर ले। उद्देश्य यह होना चाहिए कि हर बच्चा अपने भीतर छिपे 'स्व' को खोजे, पहचाने, और उस राह पर चले जहां उसका मन है, न कि हमारा आदेश। शायद तब हम यह कह सकेंगे कि हमने बच्चों को सिर्फ सिखाया नहीं, उन्हें सीखने दिया। और यही शिक्षा का असली अर्थ है।

# शैक्षिक परिवेश को आहत करती रैगिंग

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा रैगिंग जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर अनेक शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। खास बात यह है कि ये कोई ऐरे गैरे संस्थान नहीं हैं बल्कि इन शैक्षणिक संस्थानों में आईआईटी, आईआईएम एवं एम्स जैसे उच्च स्तरीय संस्थान शामिल हैं। यूजीसी ने चार आईआईटी, तीन आईआईएम, एम्स, इग्नू एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय समेत देश के 89 संस्थानों को अपनी डिफाल्टर सूची में शामिल किया है। कारण यह है कि ये सभी संस्थान रैगिंग की कुप्रथा को रोकने में नाकाम रहे हैं। यूजीसी के अनुसार आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी पलक्कड़, एम्स रायबरेली, आईआईएम रोहतक, आईआईएम बॉम्बे, आईआईएम तिरुचिरापल्ली, एएमयू, नालंदा विश्वविद्यालय, इग्नू एवं कोलकाता स्थित भारतीय संख्यिकी संस्थान जैसे 89 शिक्षण संस्थानों के द्वारा एंटी रैगिंग दिशानिर्देशों का समुचित पालन नहीं किया गया।

इन संस्थानों के द्वारा रैगिंग विरोधी विनियम 2009 के अंतर्गत एंटी रैगिंग घोषणाओं को अभी तक जमा नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा इन सभी संस्थानों को रैगिंग विरोधी मानदंडों के अनुपालन का अनिवार्य आश्वासन प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रैगिंग विरोधी कानून के अनुसार प्रत्येक छात्र को किसी संस्थान में प्रवेश लेते समय प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के आरंभ में एंटी



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

**रैगिंग के नाम पर अश्लील हरकतें, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, अनावश्यक हास परिहास इत्यादि को अंजाम दिया जाता है। ये सभी घटनाएं संवेदनशील विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर गिरने में कोई कसर नहीं छोड़ती।**

रैगिंग अंडरटेकिंग जमा करनी होती है। इसके साथ ही संस्थान के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी छात्रों से यह घोषणाएं ले ली गई हैं एवं रिकॉर्ड में दर्ज हैं। एक बेहद चिंताजनक सवाल यह उठता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं आईआईएम, जोकि भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में अपनी एक अद्वितीय पहचान रखते हैं, रैगिंग जैसे दुष्कृत्य की चपेट में कैसे आ रहे हैं। रैगिंग को लेकर यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अनेक बार रैगिंग एवं उसके भयावह दुष्परिणाम प्रकाश में आ चुके हैं। इंजीनियरिंग से लेकर मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों तक में रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न की सीमा को लांघने की घटनाएं आए दिन घटती ही रहती हैं। अनेक स्थितियों में तो ऐसा भी हुआ है कि रैगिंग का शिकार हुए विद्यार्थियों ने शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर आत्मघाती कदम तक उठा लिए। हाल ही में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में डिजिटल रैगिंग का मामला सामने आया है। मेडिकल के सीनियर छात्रों के द्वारा टेलीग्राम पर एंटी रैगिंग स्क्वायड नाम से फर्जी ऐप बनाकर जूनियर छात्रों को वीडियो कॉल की गई। वीडियो कॉल पर ही उनसे कपड़े उतरवा लिए गए एवं अनेक ऐसी हरकतें करने को कहा गया जो पूर्णतया अनपेक्षित हैं। सवाल यह उठता है कि हमारा शैक्षिक परिदृश्य किस दिशा में भटकता चला जा रहा है।

इंटरमीडिएट की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरांत उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी अपने मन मस्तिष्क में भविष्य को लेकर विभिन्न उज्ज्वल स्वप्न संजोकर प्रवेश लेते हैं। यहां पर एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि प्रतिभा का किसी क्षेत्र अथवा परिवेश से कोई खास लेना देना नहीं होता। प्रतिभावान विद्यार्थी शहरों में भी होते हैं और गांवों में भी। हां, परिवेश के कारण इतना अंतर अवश्य आ जाता है कि शहर के विद्यार्थी व्यक्तित्व विकास एवं उन्मुक्तता के पैमाने पर गांव के विद्यार्थियों से कहीं आगे होते हैं। बहिर्मुखी एवं अंतर्मुखी स्वभाव के पीछे कहीं न कहीं वह परिवेश ही उत्तरदायी होता है जहां विद्यार्थी रहते एवं शिक्षा दीक्षा ग्रहण करते हैं। अंतर्मुखी स्वभाव के प्रतिभावान विद्यार्थी जब उच्च शिक्षण संस्थानों में कदम रखते हैं तो निस्संदेह उन्हें एक परिवर्तित परिवेश का सामना करना पड़ता है एवं उस समय उनके पास स्वयं को उस परिवेश में ढालने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं होता क्योंकि उनकी शिक्षा, भविष्य एवं कैरियर प्राथमिकता के रूप में उनके सामने खड़ा होता है। वरिष्ठ छात्रों के द्वारा परिचय की आड़ लेकर जूनियर विद्यार्थियों को रैगिंग के पाश में फंसाना उन विद्यार्थियों पर विशेष रूप से भारी पड़ जाता है जोकि नवीन वातावरण में स्वयं को ढालने के साथ-साथ अपने परिवार की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कठिन मानसिक संघर्ष की स्थिति से गुजर रहे होते हैं।

रैगिंग के नाम पर अश्लील हरकतें, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, अनावश्यक हास परिहास इत्यादि को अंजाम दिया जाता है। ये सभी घटनाएं संवेदनशील विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर गिरने में कोई कसर नहीं छोड़ती। दुष्परिणाम यह होता है कि विद्यार्थी पढ़ाई छोड़कर घर वापस आ जाने जैसे कदम उठाने को विवश हो जाते हैं। कुछ विद्यार्थी तो इस हद तक आहत हो जाते हैं कि वह आत्महत्या का रास्ता चुन लेते हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर चिंता का विषय है इस मुद्दे पर अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों, प्रशासन एवं सरकार, प्रत्येक स्तर पर जागरूकता, सतर्कता एवं सख्ती की महती आवश्यकता है। अभिभावकों को प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थी के साथ खड़े रहना चाहिए। उच्च शिक्षण संस्थानो को संयुक्त रूप से एक ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें रैगिंग को कठोरता के साथ दंडनीय बताते हुए विद्यार्थियों में इसके परिणाम को लेकर भय की भावना उत्पन्न करने का प्रयत्न किया जाए। उल्लंघन करने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ संस्था से निष्कासन जैसे सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ ने भी तोड़ा दम

## हाईवे पर हुए हादसे में हुई थी तीन लोगों की मौत, अपनों की मौत से आक्रोशित परिजनों की गूंजतीं रहीं चीखें

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम बेकाबू ट्रक की चेचिस की लोडर में टक्कर मारकर पलटने से अलग-अलग बाइक से जा रहे तीन फैक्ट्री मजदूरों की मौत हुई। हादसे में गंभीर घायल हुए एक अधेड़ में भी देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार को चारों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान आक्रोशित परिजनों की भारी भीड़ को देखते हुए कई थानों की पुलिस व क्यूआरटी को तैनात किया गया। शवों के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में शव उनके घरों को भेजे गए। वहीं प्रशासन की मध्यस्थता के बीच दिवंगत मजदूरों के आश्रितों को फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की बात तय हुई। जिससे परिजनों का आक्रोश शांत हुआ।



मौके पर मौजूद परिजनों की भीड़, सदर कोतवाल व पुलिस। अमृत विचार

बता दे कि सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम शेखपुर नरी गांव के मोड़ पर कानपुर जा रही ट्रक की चेचिस के आगे चल रही बस के कट मारने से चेचिस चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और चेचिस डिवाइडर फांद कर दूसरी में खड़े लोडर से टकरा कर पलट गई। इसकी चपेट में आकर बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री में काम कर बाइक से लौट रहे चार श्रमिक व पिता के साथ जा रही युवती चपेट में आकर गंभीर घायल हुई थी। अस्पताल पहुंचने तक फैक्ट्री श्रमिक रमेश सोनकर, मो. असगर व रंजीत की मौत हो गई थी। वहीं हादसे में दही थाना क्षेत्र के सराय कटियांन गांव के मूल निवासी बाबूराम (55) पुत्र स्व. जोधा हाल पता पीडीनगर सदर कोतवाली व पिता श्रीकृष्ण के साथ जा रही बेटी मोहिनी निवासी फतेहपुर गंगाघाट को कानपुर रेफर किया गया था। जहां कानपुर हैलट अस्पताल पहुंचने से पहले बाबूराम की भी सांसे थम गई। इसपर शव लेकर घर लौट परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पति की मौत से पत्नी सुमन बेटे आशीष, अंकित रो-रोकर बेहाल रहे। चारों शवों के शनिवार को पोस्टमार्टम हुए। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस सुबह से अलर्ट रही। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह सहित महिला थाना की एसओ रेखा सिंह, दही थाना के एसओ संजीव कुशवाहा, क्यूआरटी व महिला सिपाहियों को लगाया गया। एक-एक कर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की टुकड़ियों ने शवों को उनके घर तक पहुंचाया। वहीं हादसे के बाद चेचिस ड्राइवर मौके से भाग निकला है। कोतवाली प्रभारी ने बतायाकि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**2-2 लाख की आर्थिक सहायता पर बनी सहमतिः** सड़क हादसे में जान गंवाने वाले चारों व्यक्ति एक फैक्ट्री के मजदूर थे। उनकी मौत पर मुआवजे को लेकर आक्रोशित परिजनों द्वारा कोई हंगामा न हो इसके लिए सतर्क पुलिस ने पहले से व्यवस्था की थी। फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता के लिए परिजनों के दो-दो आश्रितों को फैक्ट्री ले जाकर प्रबंधन से वार्ता कराई गई। थोड़े गतिरोध के बाद 2-2 लाख रुपये आर्थिक सहायता के रूप में दिए जाने पर दोनों पक्ष रही हो गए।

### घटना की सूचना पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने बंधाया ढांढस

**उन्नाव, अमृत विचार :** हृदय विदारक घटना की सूचना पर शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद साक्षी माहराज के प्रतिनिधि अमितेश नंदू, भाजपा नेता विमल द्विवेदी, सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रतिनिध प्रदीप सिंह मोर्चरी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा दुख की घड़ी में हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वाशन दिया।



परिजनों को ढांढस बंधाते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** झांसी जिले की नई पाली पहाड़ी निवासी लक्ष्मी (31) ने एक महीने पहले बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आसत मोहिनुद्दीनपुर गांव निवासी मो. अली से कोर्ट मैरिज की थी। बताते है कि करीब एक सप्ताह पूर्व लक्ष्मी की हालत अचानक बिगड़ गई। इसपर उसे लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव लेकर घर लौट पति ने मौत का सही कारण पता चले इसलिए पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। चर्चा है कि लक्ष्मी का पहले पति से संबंध विच्छेद हो गया था। इसपर उसने मो. अली से दूसरी शादी की थी। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव मोर्चरी भेजने के साथ मायके वालों को सूचना दी है।

# लखीमपुर के मजदूर की अचानक बिगड़ी तबियत, मौत

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

▶▶ पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में निर्माण कार्य के दौरान हालत बिगड़ी

**अमृत विचारः** फतेहपुर चौरासी थाना अंतर्गत शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य में लगे मजदूर की शुक्रवार शाम अचानक हालत बिगड़ गई। साथी मजदूरों ने उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस शव मोर्चरी भेजा और शनिवार को परिजनों के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया।



श्रवण की फाइल फोटो।

बता दे कि वेंसा कंपनी पीटीसी में निर्माण कार्य करा रही है। मजदूर रंजीत ने बताया कि उसके साथ लखीमपुर खीरी जिला के पलिया कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी श्रवण कुमार (32) पुत्र स्व. प्यारेलाल भी मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम करीब छह अचानक उसकी हालत बिगड़ी। इसपर उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चर्चा रही कि श्रवण शराब का लती था। वह कई दिनों से बीमार था लेकिन वह लगातार शराब पी रहा था। पहले वह मुंबई में मजदूरी करता था। 20 जून को यहां काम करने आया था। उसकी मौत की खबर मिलने पर पहुंचे भाई धनीराम ने बताया वह चार भाई थे। दो भाइयों की पहले मौत हो गई थी। पति की मौत से पत्नी सुनीता, मां शांति देवी सहित अन्य परिजन बेहाल है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल के मेमो पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

## सार-संक्षेप

### कीटनाशक निगल कर महिला ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बारासगवर थानाक्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी विपिन कुमार की करीब 13 साल पहले प्रीती (35) से अंतरजातीय शादी हुई थी। शादी के बाद उसके तीन बच्चे हुए लेकिन घर में पुस्तैनी सामान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। पति ने बताया कि वह मुंबई में नौकरी करता था, लेकिन चार महीने पहले गांव लौटा था तब से वह यहीं रहता था। शुक्रवार को घरेलू कलह से ऊबकर प्रीती ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उल्टियां होना शुरू हुई तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इसपर वह उसे एक निजी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति के मुताबिक ऐसा कोई विवाद भी नहीं हुआ था। जिसके चलते प्रीती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। बेटी की मौत की सूचना पर पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पासाखेड़ा गांव निवासी पिता शिवशंकर सहित अन्य मायके पक्ष के लोग पहुंचे और बेटी की उन्होंने पुलिस को ससुरालीजनों पर बेटी को प्रताड़ित कर आए दिन मारने-पीटने और जान से मारने की धमकी देने की आरोप लगाते हुए प्रार्थनापत्र दिया। घटना के समय घर में ससुर श्रीराम, सास बिट्टी और दो बेटियां खुशी, गुनगुन और बेटा सुमित था। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। जिसमें जहर के लक्षण मिलने पर विसरा सुरक्षित किया गया। एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्र में बताया कि पिता द्वारा उत्पीड़न की तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीकर लौट रहे अधेड़ की गड्ढे में गिरने से हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थाना क्षेत्र के कोलुहागाढ़ा गांव में शुक्रवार शाम ठेके से शराब पीकर लौट रहा अधेड़ नशे की हालत में गड्ढे में गिर कर घायल हो गया। जानकारी पर परिजन उसे अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ पुलिस मामले की जांच कर रही है। अचलगंज थानाक्षेत्र के कोलुहागाड़ा गांव निवासी गजराज (52) पुत्र हीरालाल मजदूरी कर अपना परिवार पालता था। वह शराब का लती था। बेटे विनोद कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार शाम को उसके पिता गांव के बाहर स्थित ठेके पर शराब पीने गए थे। जहां से लौटने पर अचानक उनका पैर फिसल गया और सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से उनके सिर पर गंभीर चोट लग गई। जानकारी पर परिजन उसे लोहचा सीएचसी लाए। जहां इलाज के दौरान गजराज की मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर चौकी इंचार्ज जयप्रकाश भारती ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पति की मौत से पत्नी गुड्डी, बेटी प्रीती, विनीता, बेटा मनोज और विनोद बेहाल हैं। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शराब ठेके में लगे सीसीटीवी फुटेज दिखवाए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तकनीकी खराबी से रेलवे पुल पर खड़ी हुई मालगाड़ी

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मालगाड़ी तकनीकी खराबी के चलते रेलवे पुल पर खड़ी हो गई। जानकारी के अनुसार, रात लगभग 12 :54 बजे कानपुर से उन्नाव की ओर जा रही मालगाड़ी के इंजन में पॉवर प्रेशर ड्रॉप हो गया, जिससे वह आगे नहीं बढ़ सकी। लोको पायलट ने कई बार प्रयास किया पर जब प्रेशर नहीं बना, तो स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ हरकत में आया। करीब 24 मिनट के बाद, रात 01 :18 बजे इंजन का प्रेशर पुन: सामान्य हुआ और मालगाड़ी रवाना हो सकी। ड्राइवर की सूझबूझ और स्टेशन स्टाफ की तत्परता से स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। मालगाड़ी डाउन लाइन पर खड़ी होने से कानपुर से गंगाघाट की ओर कोई ट्रेन रवाना नहीं की गई, जिससे यात्री ट्रेनों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

# जनरल से एसी तक के कोच में लगेंगे सीसीटीवी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन लगातार यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर ध्यान दे रहा है। रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों में यात्री सुरक्षा को लेकर पहले ही कोच में सीसीटीवी को लगाया जा चुका है, लेकिन अब महिलाओं वृद्धों की समस्या को देखते हुए कोच के अंदर भी अब सीसीटीवी लगाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

ट्रेनों के कोच में सीसीटीवी लगाने का कार्य एनईआर यानी नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे द्वारा शुरू किया जाना है। एनईआर से संचालित होने वाली ट्रेनों में एसी से लेकर



स्लीपर और जनरल कोच में सीसीटीवी लगाया जाना है। एनईआर द्वारा पहले चरण में कुल 2000 कोच में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। एनईआर रेलवे जोन के अंतर्गत वाराणसी लखनऊ जंक्शन इज्जतनगर डिवीजन आते हैं। इन डिविजन के अंतर्गत संचालित होने वाली ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे कोच के अंदर लगाए जाएंगे।

### हरदोई से होकर एनईआर जोन की ये ट्रेनें गुजरती हैं

**हरदोई।** एनईआर द्वारा अपने डिवीजन से संचालित होने वाली ट्रेनों के एसी व स्लीपर में 4 सीसीटीवी कोच के अंदर लगाए जाएंगे, जबकि जनरल कोच में 6 सीसीटीवी लगाए जाने प्रस्तावित है। हरदोई से होकर जाने वाली बनारस देहरादून बनारस 15119-20 जनता एक्सप्रेस, 15011-12 लखनऊ जंक्शन चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, 15127-28 वाराणसी नई दिल्ली वाराणसी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 15074-75 सिंगरौली टनकपुर शक्ति नगर त्रिवेणी एक्सप्रेस के स्लीपर से लेकर एसी और जनरल कोच में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। अब तक सीसीटीवी कैमरे एसी कोच में गेट पर लगे होते थे लेकिन अब गेट के साथ सीट के आसपास भी सीसीटीवी लगाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरो को लगाए जाने के पीछे रेल प्रशासन का उद्देश्य है कि ट्रेन में अकेले यात्रा कर रही महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों को अधिक सुरक्षा के साथ यात्रा कराई जाए साथ ही महिलाओं को अकेले यात्रा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि ट्रेन के कोच में लगने वाले सीसीटीवी को राष्ट्रीय डेटाबेस से भी जोड़ा जाएगा जिससे पुराने या वांछित अपराधियों की पहचान भी आसानी से हो सकेगी। फिलहाल एनईआर जोन में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ चुनिंदा ट्रेनों में इसकी शुरुआत कर दी गई है ट्रायल सफल रहते ही सभी ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरो को इंस्टॉल कर दिया जाएगा।

# जेठानी से झगड़ कर देवरानी ने दे दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों के बीच हुई लड़ाई से ऐसी बात बिगड़ी कि देवरानी-जेठानी के बीच झगड़ा होने लगा। उसी बीच देवरानी ने कीट नाशक दवा पी ली, मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। लोनार थाने के फदनापुर मजरा नस्यौली गोपाल निवासी मुकुल बिहारी दीक्षित की पत्नी वंदना दीक्षित (35) ने शनिवार को घर में रखा कीट नाशक पी लिया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते हैं कि वंदना और उसकी जेठानी के बच्चों में खेलकूद के दौरान लड़ाई हो गई। इसी को लेकर जेठानी व देवरानी के बीच भी विवाद हुआ था।

# वंदेभारत के हरदोई में ठहराव की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** मेरठ से चलकर लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार रेल प्रशासन द्वारा बनारस तक कर दिया गया है। मेरठ से चलकर लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस कि ज्यादातर सीट खाली जा रही थी। ऐसे में ट्रेन के विस्तार को लेकर चर्चाएं चल रही थी। प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था जिस पर अब रेलवे बोर्ड ने अपनी स्वीकृति दे दी है। हालांकि हरदोई के लोगों को उम्मीद थी कि ट्रेन के विस्तार के साथ ही ट्रेन के ठहराव भी बढ़ाए जाएंगे। ऐसे में हरदोई में भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव हो जाएगा लेकिन हरदोई के यात्रियों के उम्मीद पर पानी फिरता हुआ नजर आया है।27 अगस्त से मेरठ से चलकर लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी तक जाएगी लेकिन इस ट्रेन के ठहराव में रेलवे बोर्ड और रेल प्रशासन द्वारा कोई भी बढ़ोतरी नहीं की है।हरदोई के लोग लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं। इन ठहराव में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की भी मांग रेल प्रशासन से की गई है। हरदोई के लोगों ने देहरादून लखनऊ और मेरठ लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग हरदोई में की है लेकिन अब तक इस पर मंडल रेल कार्यालय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है।

मेरठ से चलकर लखनऊ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव यदि हरदोई रेलवे स्टेशन पर होता तो काफी रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलती। वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर होने से वाराणसी मेरठ मुरादाबाद बरेली जाने वाले लोगों को काफ़ी सुविधा हो जाती। अब तक मेरठ जाने के लिए रेल यात्रियों को लखनऊ मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस का ही सहारा है जबकि प्रयागराज से चलकर मेरठ सिटी के रास्ते सहारनपुर जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को सीट नहीं उपलब्ध मिल पाती हैं।

# आशा-मन्नापुरवा लाइन का कंडक्टर टूटने से विद्युत आपूर्ति रही प्रभावित

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** देर रात 11 बजे से गायब हुई पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया। बगैर पूर्व सूचना के आपूर्ति बंद होने से लोग अभियंताओं से संपर्क साधने में जुट रहे। परंतु कोई जानकारी नहीं दी गई। शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे इटौली विद्युत उपकेंद्र के भड़ायल, अहिरोरी, टड़ियावां और परसनी के फीडर बगैर पूर्व सूचना दिए ऑफ हो गए। इसके चलते उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया। लोग बिजली के इंतजार में जागते रहे, लेकिन आपूर्ति बंद होने का कोई कारण नहीं मिल सका। फीडर के लाइनमैनों ने उपभोक्ताओं की फोन कॉल जाते ही स्विच ऑफ कर लिया। वहीं उप खंड अधिकारी ने आपूर्ति के बारे में पता करने की बात तो कहीं, लेकिन काफी देर बाद आपूर्ति बहाल न होने की स्थित में लोग विवश होकर जेई के सीयूजी फोन कॉल से अधिशाषी अभियंता और अधीक्षण अभियंता को फोन लगाते रहे। परंतु जिम्मेदारों ने जवाब देना तो फोन कॉल उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। आपूर्ति न मिलने से थक हार चुके उपभोक्ताओं ने मामले की शिकायत ऊर्जा मंत्री के कैंप कार्यालय में दर्ज कराई गई। जिसके बाद आशा व मन्ना पुरवा की मैन लाइन में कंडक्टर टूट जाने से आपूर्ति बाधित रही है। फिलहाल शनिवार की दोपहर तक आपूर्ति बहाल करते हुए निर्बाध रूप से देने की बात कही गई है।

# भाई के घर पर रह रही बहन ने लगाई फांसी

**हरदोई, अमृत विचार।** पति की मौत के बाद महिला अपने बेटे के साथ मायके आ गई और वहीं भाई के घर में रहने लगी। शुक्रवार को वह लापता हो गई। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। शाहजहांपुर जिले के नेवादा थाना मिर्जापुर निवासी लाल सिंह की कुछ साल पहले मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी महारानी (50) अपने बेटे मुरली के साथ मायके सवायजपुर आ गई और भाई कुनेंद्र के घर में रहने लगी। मुरली ने बताया कि शुक्रवार को अचानक मां लापता हो गई। उनकी तलाश की जा रही थी, उसी बीच शनिवार की सुबह मां का शव गांव के बाहर एक पेड़ में फांसी पर लटका देखा गया।

# घर लौट रहे युवक की रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लकड़ी बेंच कर घर रहा युवक अपने गांव के पास रेलवे ट्रैक के पास अचानक रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के भूड़पुरवा कोढ़वा मजरा अब्दुलपुर निवासी 40 वर्षीय प्रताप पुत्र बाबूराम शुक्रवार को लकड़ी बेंचने लाल पालपुर गया था,देर रात में वहीं से घर लौट रहा था,बताते है कि प्रताप जैसे ही भूड़पुरवा



रेलवे ट्रैक के पास पहुंचा,उसी बीच रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां काफी लोग पहुंच गए,कोतवाली देहात पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। प्रताप अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था,उसकी दो बहनें सुशीला और मालती है,दोनों की शादी हो चुकी है। प्रताप की पत्नी रेनू की करीब 15 साल पहले इसी तरह ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी,उसके एक बेटा लल्लन और बेटी लल्ली है। हादसे से मां कुसुमलता और पिता बाबूराम का रोते-रोते बुरा हाल है।

### पत्नी की भी ट्रेन से कटकर हुई थी मौत

ट्रेन की चपेट में जान गंवाने वाले प्रताप की पत्नी रेनू की करीब 15 साल पहले गांव के बगल से निकले रेलवे ट्रैक के किनारे जा रही थी, उसी बीच ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। घर वालों का कहना है कि उसी तरह ठीक उसी जगह पर उसके पति प्रताप की भी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई।

# युवती का शव लटका मिला शव, हत्या करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** युवती की संदिग्ध हालत में मौत होने के मामले में उसकी मां ने पुलिस को दी तहरीर में पति और सास-ससुर के खिलाफ हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। साण्डी थाने के रसूलपुर गोवा निवासी विजय की 27 वर्षीय पत्नी शिवानी शनिवार की सुबह छत से नीचे उतरी,उसने साफ-सफाई की और उसके बाद अपनी साड़ी से बरामदे में फांसी लगा ली,उसी बीच पति विजय अपने बेटे हर्षित को ले कर छत से नीचे आया, पत्नी शिवानी को लटका हुआ देख कर शोर मचाने लगा,उसकी आवाज़ सुन कर आस-पड़ोसी आ गए। आनन-फानन में शिवानी को फंदे से उतार कर झोलाछाप के पास ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। शिवानी की मां सावित्री पत्नी सर्वेश निवासी तिथिगांव थाना हरपालपुर ने आरोप लगाया कि करीब 7 साल पहले बेटी की शादी की थी। पति विजय, ससुर रघुवीर और सास सीता उसे लगातार प्रताड़ित करने लगे, आरोप है कि पति व सास-ससुर ने उसकी बेटी की हत्या कर शव लटका दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।



अतीत के पन्ने

## मरहूम सैयद हामिद अली के इमामबाड़े में रखे हैं 200 साल से भी ज्यादा पुराने ताजिए

# मोहर्रम पर लोग देख सकेंगे सोने-चांदी के बने ताजिए

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे में मोहर्रम के महीने में आम लोगों के लिए सोने और चांदी के ताजियों के दर्शन बेहद खास है। मरहूम सैयद हामिद अली के इमामबाड़े में 200 साल से भी ज्यादा पुराने सोने और चांदी के बने हुए ताजिए नवी मोहर्रम को आम लोगों के दर्शन के लिए खोले जाते हैं। आसपास के जिलों से ही नहीं विदेश से भी लोग इन ताजियों के दर्शन के लिए पिहानी आते रहे हैं। बेशकमीती ताजियों की ज़ियारत के लिए हर साल मोहर्रम पर काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ताजियों की बनावट में ईरानी हुनर नजर आता है। इनको ईरान से बुलाए गए खास कारीगरों ने बनाया था।



इमामबाड़े में 200 साल से अधिक पुराने सोने-चांदी के ताजिए।

पिहानी के पूर्व चेयरमैन अली वहाब जैदी के खानदानी इमामबाड़ों में से एक इमामबाड़ा जाकिया बेगम इमामबाड़ा के नाम से जाना जाता है। नवाब हामिद अली की कोठी में स्थित ताजियों के बारे में जानकार बताते हैं कि इसे उनके खानदान की ही जाकिया बेगम ने अब से 200 साल पहले इरान से कारीगर बुलवाकर बनवाए थे।

### कर्बला वालों की याद दिलाता है मोहर्रम में उठने वाला तख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** गोपामऊ नगर के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा स्थित इमामबाड़े से हर साल की तरह इस बार भी आठवीं मोहर्रम का दो दिवसीय तख्त और दुल्दुल का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। तख्त पर लोगों ने अपनी मन्नतों के अनुसार चादर और शिरीनी पेश की, दुल्दुल को रोटी का मलीदा जलेबी खिलाई गई। जुलूस पूरे नगर में भ्रमण करता हुआ तयशुदा मार्गों से गुजरा जगह-जगह अकीदतमंदों ने इस्तकबाल किया। आयोजक बन्ने खां, राशिद खां ने बताया कि यह परम्परागत जुलूस सौ वर्ष पूर्व से निकलता चला आ रहा है। मरहूम याबर मियां भी इसके आयोजक रहे। अकीदतमन्दों ने कह कि तख्त



नौ मोहर्रम का दुलदुल ले जाते बन्ने खां राशिद।

हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है और दुलदुल को उनके घोड़े (ज़ुल्जनाह) की निशानी के रूप मानते है। जुलूस में बच्चे, बुज़ुर्ग और नौजवान शामिल रहे। माहौल आस्था से भरा रहा। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रही।

# सदर तहसील के बगल में पड़ा है मृत मवेशी, दुर्गंध से लोग परेशान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई को स्मार्ट सिटी बनाए जाने की कवायद को भले ही पंख लग चुके है,लेकिन हकीकत कुछ और ही है। शहर में गंदगी का क्या हाल है,इसका अंदाज़ा बस एक तस्वीर से बखूबी लगाया जा सकता है।सदर तहसील के पास बनें कूड़ाघर के बाहर एक मरा हुआ मवेशी सड़क के किनारे पड़ा सड़ रहा है,उधर से निकलने वालों को नाक तक देना मुश्किल हो रहा है,लेकिन फिर भी ज़िम्मेदार अपनी ज़िम्मेदारी से बिल्कुल बरी लग रहें हैं।

अटल चौक के बिल्कुल बगल में सदर तहसील है और उससे पहले सूचना विभाग का दफ्तर है। वहीं बनाए गए कूड़ाघर के बाहर एक मरा हुआ मवेशी कई दिनों से पड़ा सड़ रहा है,लेकिन बड़ी हैरत की बात है कि ज़िम्मेदार उसी रास्ते.से निकलते-बैठते है,लेकिन किसी की उस तरफ नज़र नहीं गई। शनिवार की सुबह देखा गया कि सड़क के बिल्कुल किनारे मरा हुआ मवेशी देख कर न सिर्फ बच्चे डर रहे थे, बल्कि बड़े तक उधर की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।



सड़क किनारे पड़ा मृत मवेशी व नाक बंदकर गुजरते राहगीर। अमृत विचार

# दुष्कर्म के दोषी को मिली 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▶▶ कोर्ट ने 36 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**अमृत विचार:** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषी युवक को 20 साल की सजा सुनाने के साथ उसपर साथ 36 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बता दे कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 22 फरवरी-2022 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी मवेशियों के लिए चारा काटने खेत गई थी। तभी गांव के श्यामू लोध उर्फ श्याम कुमार उर्फ कालिया पुत्र पप्पू ने आकर बेटी को झाड़ियों में खींच कर उससे दुष्कर्म किया। बेटी के चीखने पर युवक उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए युवक की तलाश शुरू की और उसे पकड़ कर जेल भेजा था। तत्कालीन सीओ हसनगंज राजकुमार शुक्ला ने पीड़िता किशोरी का मेडिकल करा न्यायालय में उसका कलमबंद बयान दर्ज कराया था। आईओ ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए कोर्ट में 25 मई-2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था। तभी से केस की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट-12 में विचाराधीन थी। शनिवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलीलों और साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने आरोपी श्यामू लोध उर्फ श्याम कुमार उर्फ कालिया को दुष्कर्म के आरोप में दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष की सजा सुनाई।

**साक्ष्य के अभाव में एससी, एसटी एक्ट से हुआ बरी:** पीड़ित परिवार ने तहरीर में खुद को दलित होने का जिक्र किया था। इसपर पुलिस ने एससी, एसटी एक्ट की धारा भी लगाई थी। सुनवाई के दौरान साक्ष्य के तौर पर परिवार दलित होने के प्रमाण नहीं दे सका। इस पर न्यायालय ने आदेश में आरोपी को एससी एसटी एक्ट में दोषमुक्त करार दिया है।

# 8 करोड़ से मरहला चौराहा से नया खेड़ा तक बनेगी सर्विस लेन

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** बैराज मार्ग से मरहला चौराहा होते हुए नया खेड़ा मोड़ तक बनाए जा रहे रेलवे ओवरब्रिज परियोजना के अंतर्गत अब ब्रिज से गुजरने वाले वाहन चालकों की सुविधा के लिए दोनों ओर 5.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन बनाई जाएगी। इस परियोजना पर लगभग 8 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शनिवार को लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने निर्माण क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अखिल गंगवार और विद्युत विभाग के अवर अभियंता कमल किशोर राठौर ने ब्रिज के दोनों ओर प्रस्तावित सर्विस लेन की जद में आने वाले बिजली के पोलों का सर्वे किया। विद्युत विभाग के जेई ने बताया कि मरहला चौराहा से लगभग एक किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर लगे करीब 40 बिजली पोलों को हटाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी सर्वे के आधार पर पोल शिफ्टिंग का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। वहीं पीडब्ल्यूडी के जेई अखिल गंगवार ने जानकारी दी कि मरहला चौराहा से 500 मीटर आगे तक दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण किया जाएगा, ताकि पुल के नीचे से भी स्थानीय यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सके। इस परियोजना से ब्रिज के ऊपर और नीचे दोनों तरफ यातायात को सुगमता मिलेगी। साथ ही आसपास के इलाकों में भी ट्रैफिक कम होगा। अधिकारियों के अनुसार, निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।

**बिजली लाइनों का होगा स्थानांतरण:** बैराज से लेकर मरहला चौराहा तक 33 केवी, 11 केवी और एलटी लाइनों को हटाया जाएगा। इसके लिए भूमिगत और ओवरहेड लाइन शिफ्टिंग का कार्य होगा।

### भुगतान की प्रक्रिया पूरी

पीडब्ल्यूडी द्वारा बिजली लाइन शिफ्टिंग के लिए 5 .32 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इससे कार्य में किसी प्रकार की देरी की संभावना नहीं है।

### सर्विस लेन से बढ़ेगी सुविधा

ब्रिज के दोनों ओर सर्विस लेन बनने से स्थानीय आवागमन आसान होगा। ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी घटेगी।

▶▶ पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के अधिकारियों ने किया सर्वे



सर्विस लेन और बिजली पोल को हटाने के लिए सर्वे करते अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### छह चोरी के मोबाइलों समेत दो शातिर गिरफ्तार

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक शातिर चोर और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसपी के निर्देश पर चलाए गए वांछित एवं संदिग्ध तलाश अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सीताराम कॉलोनी निवासी शातिर अपराधी शुभम धानुक और उसके साथी शिवम पासी को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से चोरी किए गए लगभग छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुभम् धानुक के खिलाफ गंगाघाट कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और चोरी समेत कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की संभावना है।

### आज परियर व आसीवन की बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सफीपुर (उन्नाव):** ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत लाइनों की मरम्मत व रखरखाव के चलते आगामी रविवार, 6 जुलाई को परियर और आसीवन फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ एजाज अहमद ने बताया कि 11 केवी लाइनों से संपर्क में आने वाले पेड़ों व शाखाओं की कटाई-छंटाई के साथ तकनीकी जांच व मरम्मत का कार्य किया जाएगा। यह कार्य सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान परियर और आसीवन फीडर से जुड़ी सभी आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी असुविधा के लिए पूर्व सूचना के तहत सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### प्रधान प्रतिनिधि की गाड़ी के हमलावरों ने तोड़े शीशे

**औरास (उन्नाव):** औरास थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में शनिवार रात अज्ञात हमलावरों ने प्रधानप्रतिनिधि अरविंद सिंह की चार पहिया गाड़ी पर हमला कर शीशे तोड़ दिए। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 11 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति बाइक से आए और घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर लाठी-डंडों से हमला कर शीशे तोड़ दिए। ग्रामीणों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी 112 डायल पुलिस को दी गई। रविवार सुबह अरविंद सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गौशाला भूमि पर अवैध कब्जे की हुई जांच

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव:** नगर पंचायत ऊगू की मांग पर उप जिलाधिकारी सफीपुर द्वारा गठित राजस्व टीम ने शनिवार को गौशाला और आसपास की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच व नापजोख की। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार दिनेश कुमार ने किया। जांच के दौरान भूमि के सीमांकन और कब्जे की स्थिति को परखा गया। एक सप्ताह पूर्व इसी भूमि को लेकर विवाद में वर्तमान चेयरमैन अनुज दीक्षित के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी रिपोर्ट पूर्व चेयरमैन द्वारा दर्ज कराई गई थी।

# फरियादियों की जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस: 196 शिकायतों में महज 28 का ही हो सका निस्तारण, कई फरियादी मायूस होकर लौटे

संवाददाता, बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में किया गया। दरअसल, इस जनसुनवाई की अध्यक्षता लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब को करनी थी, लेकिन उनके न आने के कारण जिलाधिकारी ने स्वयं जन समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में विधायक श्रीकांत कटियार भी मौजूद रहे, जिससे आम जनता की उपस्थिति और उत्साह दोनों अधिक देखने को मिले।

जनसुनवाई के दौरान नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी एक विधवा महिला ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि मोहल्ले के सभासद द्वारा उससे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए 20 हजार रुपये की सुविधा शुल्क मांगा गया था। पैसे न देने पर उसे अब तक आवास नहीं मिला। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, ग्राम मेला आलमशाह स्थित राम जानकी मंदिर के पुजारी बाबा रामखेलावन दास ने बताया कि मंदिर की करीब पांच बीघा जमीन दबंगों द्वारा कब्जा कर ली गई है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी वृद्धा सरला देवी ने अपनी वृद्धावस्था पेंशन अकारण बंद किए जाने की शिकायत की। वहीं, संडीला मार्ग स्थित मिश्रा मार्केट के व्यापारियों में कमलेश चंद्र, सुरेन्द्र गुप्ता, शशांक पटेल व लक्ष्मी नारायण ने दुकानों के सामने ऑटो और ई-रिक्शा के खड़े रहने से उत्पन्न जाम और व्यवसाय पर असर की समस्या उठाई।

**बच्चों ने दी जागरूकता की मिसाल:** नगर के मोहल्ला सरोजिनी नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय की ओर से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्टॉल लगाकर पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से शिक्षा के प्रचार-प्रसार की पहल की गई। बच्चों ने अभियान को जनमानस तक पहुंचाने में उत्साह दिखाया। वहीं समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील परिसर में वाटर कूलर और आरओ प्लांट का लोकार्पण कर पौधरोपण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, एडीएम (राजस्व व वित्त) सुशील कुमार, उपजिलाधिकारी शुभम यादव, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, बेहटा थाना प्रभारी मुन्ना कुमार, खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

### सदर तहसील व सफीपुर में भी समाधान दिवस का आयोजन

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर तहसील में उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 143 मामले आए। जिसमें राजस्व के 78, पुलिस विभाग के 24, विकास विभाग के 21, नगर पालिका के 6, अन्य विभागों के 14 मामले आए। जिन्हें एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने की निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार सुरभि गौतम, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। वहीं सफीपुर में उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 51 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जबकि पुलिस विभाग की 15, विद्युत विभाग की 5, पूर्ति विभाग की 3, विकास की 2 और शिक्षा विभाग से 1 शिकायत प्राप्त हुई। अन्य 15 शिकायतें विभिन्न विभागों से जुड़ी रहीं।

### महिला समूह की प्रदर्शनी और लाभार्थियों को सौंपे गए चेक

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लॉक बांगरमऊ के राधारानी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समाधान दिवस पर तीन दिव्यांगजनों दिनेश कुमार, विनय कुमार और एक अन्य को ट्राई साइकिल, किसानों में पंकज, बलीराम, केदारनाथ व बेचेलाल को बीज किट, जबकि कन्या सुमंगला योजना के तहत अंबिका गुप्ता, बुशरा और वैष्णवी को 7-7 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत काजल, सिमरन, सुनैना और शिवानी के अभिभावकों को ढाई-ढाई हजार रुपये के चेक सौंपे गए।

### विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं

तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 196 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 28 का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग में सर्वाधिक 96 शिकायतें आईं, जिनमें 16 निस्तारित की गईं। समाज कल्याण विभाग में 19 में से 6, शेष विभागों में कोई निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी गौरांग राठी ने की। जनसुनवाई में भारी भीड़ रही और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। वहीं कई फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर वे लोग मायूस होकर वापस लौट आए।

## सार-संक्षेप

### ब्लॉक प्रमुख ने सीएम से की मुलाकात, समस्याओं पर की चर्चा



मुख्यमंत्री से भेंट करती ब्लॉक प्रमुख सुनीता दिवाकर व अन्य। अमृत विचार

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** ब्लॉक प्रमुख सुनीता दिवाकर ने अपने पति एवं भाजपा नेता अर्जुन लाल दिवाकर तथा पूर्व सांसद स्व. चौधरी राघवेन्द्र सिंह के पुत्र चौधरी प्रमेश कुमार सिंह के साथ शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर व क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। ब्लॉक प्रमुख सुनीता दिवाकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि नगर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की अत्यधिक भीड़ के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को भारी परेशानी होती है। उन्होंने जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड के निर्माण की मांग रखी। वहीं भाजपा नेता अर्जुन लाल दिवाकर ने नानामऊ गंगा तट पर पक्का घाट बनाए जाने और ग्राम माढ़ापुर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज स्थापित कराने की मांग उठाई। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पौधरोपण महाअभियान शुरू, वितरित किए गए पौधे

**संवाददता नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार:** विकासखंड परिसर में शनिवार को पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने पर्यावरण गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' राष्ट्रहित में सराहनीय कदम है। डॉ. मौर्य ने कहा कि पर्यावरण संतुलन और ऑक्सीजन स्तर बनाए रखने के लिए पौधरोपण बेहद आवश्यक है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने संजय शुक्ला पौधों की देखभाल पर जोर दिया। वहीं डॉ. मौर्य ने वाणीकांत द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, जगतपाल सिंह, नीलम साहू, शिवानी श्रीवास्तव, पूनम, निर्लेश दीक्षित, आलोक जयसवाल, मुन्ना द्विवेदी को आंवला का पौधा भेंट कर उन्हें संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी ने किया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** सेंट लॉरेंस स्कूल पीडी नगर, उन्नाव में चल रही आईसीएसई अंडर-14 जोनल लेवल फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को चार मुकाबले खेले गए। पहला मैच सेठ अनंतराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर और यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें जयपुरिया स्कूल ने 2-0 से जीत दर्ज की। अध्ययन और अरिहान ने एक-एक गोल कर टीम को विजय दिलाई। दूसरे मैच में सर सैयद पब्लिक स्कूल, उन्नाव का मुकाबला वीरेंद्र स्वरूप कैंट स्कूल से हुआ। इस मैच में वीरेंद्र स्वरूप ने 3-1 से शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में वीरेंद्र स्वरूप ने यूनाइटेड पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराया। इस मैच में तनिष्क ने दोनों गोल किए। चौथा मैच सेंट लॉरेंस स्कूल, उन्नाव और सर सैयद स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें सेंट अलोयसियस स्कूल ने 1-0 से जीत दर्ज कर अपने पूल में पहला स्थान प्राप्त किया। सेंट लॉरेंस स्कूल के खेल प्रशिक्षक कपिल पांडे ने बताया कि वीरेंद्र स्वरूप स्कूल, सेठ अनंतराम जयपुरिया स्कूल, सेंट अलोयसियस स्कूल और सेंट लॉरेंस स्कूल सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। रविवार सुबह 8 बजे सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान कानपुर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अजीत सिंह और जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्रवाल रहे।

### समाज सेवा करने में मनोज श्रीवास्तव सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** सांस्कृतिक संस्था आचमन द्वारा समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने पर प्रो. मनोज श्रीवास्तव का अभिनंदन उनके निवास मोहल्ला कल्याणी देवी में किया गया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र (भानू), पूर्व प्रतिनिधि प्रशांत कटियार, संस्था के महामंत्री आर.पी. वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनरेश, व चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. मुकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में रामसकल सिंह, कमलेश, अशोक यादव, अनुपम, कैलाश नाथ द्विवेदी, एड. प्रीति सिंह, उमानिवास बाजपेई, डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र, मोहनीशंकर पाण्डेय, डी.के. मिश्रा, एड. गुलाब सिंह, सुशील तिवारी (सभासद) व विनय त्रिपाठी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसकल सिंह ने की तथा संचालन विनय त्रिपाठी ने किया।

### बास्केटबॉल में जेएन. शाह विद्यालय ने रचा इतिहास

**उन्नाव, अमृत विचार:** आई.एस.सी. नार्थ जोन अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल प्रतियोगिता हडर्ड स्कूल कानपुर में आयोजित की गई। जिसमें 17 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें फाइनल में जेएनशाह विद्यालय उन्नाव की टीम विजेता घोषित की गई। मनन ने बताया कि मैनेजर रोहिताश्व सिंह चौहान और कोच शुभ सिंह के नेतृत्व में जेएन शाह टीम ने अपनी शानदार खेल के दम पर शिलिंग हाउस को 14-1 से पराजित कर बास्केटबॉल अंडर 17 चैंपियनशिप ट्रॉफी उठाई। इस प्रतियोगिता का प्रारंभ 4 जुलाई से हुआ। सर्वप्रथम जेएन शाह ने यूनाइटेड पब्लिक स्कूल को 26-8 से पराजित कर दूसरा मैच 16-0 से हडर्ड स्कूल के उसके घरेलू मैदान पर हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाया। 5 जुलाई को प्रात: 9:30 बजे जेएन शाह ने सेंट मेरी कॉन्वेंट को 22-2 से धराशाई कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच शिलिंग हाउस को 14-01 से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी उठाई।

### डॉक्टर के तबादले से पीएचसी की ओपीडी पर असर

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** राजधानी मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी पर डॉक्टरों के तबादले का सीधा असर दिखाई दे रहा है। हाल ही में डॉ. अल्तमश खान का तबादला चंपापुरवा नगरीय स्वास्थ्य केंद्र किए जाने के बाद ओपीडी में मरीजों की संख्या घटकर 200-250 के बीच रह गई है। डॉ. अल्तमश खान को 22 अक्टूबर 2024 को पीएचसी की ओपीडी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनके कार्यकाल में मरीजों की संख्या प्रतिदिन 300 से 325 तक पहुंच गई थी। उनकी कुशल चिकित्सा सेवा से मरीज संतुष्ट रहते थे। लेकिन 16 जून को हुए तबादले के बाद से मरीजों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। वहीं कुछ मरीज अब अर्बन हेल्थ सेंटर का रुख कर रहे हैं।

### पेंशनर्स की बिक्री की रिकवरी 10 साल में किए जाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की जनपद शाखा की मासिक बैठक जिला कोषागार कार्यालय के पेंशनर्स कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यतीन्द्रनाथ मिश्र ने की, जबकि महामंत्री कैलाशनाथ द्विवेदी ने पेंशनरों की समस्याएं सुनीं। बैठक में पेंशन की बिक्री कटौती अवधि को 15 वर्षों से घटाकर 10 वर्ष करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में विद्यारत्न मिश्र, अमर पाल सिंह, विजय बहादुर सिंह, राम सकल सिंह, जी.एन. शुक्ला, विनोद अवस्थी, उमाशंकर शुक्ल, प्रमोद मिश्र, महेश गुप्ता, सुरेश मिश्रा सहित 35 पेंशनर्स मौजूद रहे।

### वार्ड 5 में चला सफाई अभियान हुआ एंटी लार्वा छिड़काव

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को वार्ड संख्या 5 द्विवेदी नगर में वृहद स्तर पर साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग की गई। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मियों की टीम सुबह से ही वार्ड में पहुंची और नालियों की सिल्ट की सफाई की।

# गंगा की धारा से हो रहे कटान रोकने को शुरू हुआ कार्य, ग्रामीणों ने जताई संतुष्टि

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**अमृत विचार:** क्षेत्र में गंगा नदी की धारा से हो रहे कटान को देखते हुए प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है।

बीते बुधवार को एडीएम उन्नाव सुशील कुमार ने हिंदूपुर गांव पहुंचकर जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी थीं और गंगा कटान वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग को कटने से बचाने की मांग की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के क्रम में शनिवार को परक्यूपाइन विधि से कटान रोकने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के जेई दीपांशु ने बताया कि परक्यूपाइन पद्धति से कटान रोका जाएगा और कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्ग को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए एक टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्राम प्रधान विजय शंकर यादव, रोशन, सोहन, लक्ष्मी नारायण, रामबाबू, रामशंकर और सुशील बाजपेयी सहित अन्य ग्रामीणों ने कटान रोकने के लिए शुरू हुए प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया है।



कटान रोकने के लिये लगाया जाता परक्यूपाइन। अमृत विचार

### प्रशासन हुआ सक्रिय

**गंगा के जलस्तर में उतार-चढ़ाव, 24 घंटे में 21 सेमी की कमी दर्ज, शुक्लागंज (उन्नाव):** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के कारण बीते दिनों गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा, लेकिन शनिवार को बैराज से पानी न छोड़े जाने के चलते गंगा के जलस्तर में कमी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में जलस्तर में लगभग 21 सेमी की गिरावट देखी गई है। केन्द्रीय जल आयोग के मुताबिक, शुक्रवार शाम 6 बजे जलस्तर 110.700 मीटर था, जो शनिवार सुबह 8 बजे घटकर 110.620 मीटर और शाम 6 बजे 110.490 मीटर रह गया। वहीं गिरावट से घाटों पर भरे पानी में हालांकि कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। ऊपरी इलाकों में बारिश के चलते पश्चिमी बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे बैराज बांध के भी कई गेट खोले गए थे। इससे गंगा का जलस्तर पहले 108 मीटर से बढ़कर 110 मीटर तक पहुंचा था। हालांकि नरौरा बांध से छोड़ा गया पानी अभी नहीं पहुंचा है।

# झमाझम बारिश से बढ़ी परेशानी गली-मोहल्लों में जलभराव



कंचन नगर बी गली में बारिश का भरा पानी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था ने भारी मुसीबत खड़ी कर दी। बारिश के कारण कई मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गए और घरों तक गंदा पानी घुस गया।

दोपहर में हल्की रिमझिम के बाद शाम करीब पौने पांच बजे तेज बारिश शुरू हुई, जो लंबे समय तक जारी रही। इससे सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर बी और आदर्श नगर जैसे इलाकों में गली-मोहल्ले तालाब बन गए। कई घरों में सीवर का गंदा पानी भर गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कत हुई। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी और अंबिकापुरम में भी पानी भरने से आवागमन ठप हो गया। पोनी रोड के मुख्य मार्ग पर जलभराव से वाहन चालकों को खासा संघर्ष करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रह्म नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और राम नगर में गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। स्थानीय लोगों ने जलनिकासी की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई और पालिका से जल्द समाधान की मांग की। हालांकि तेज बारिश ने मौसम में ठंडक भर दी और उमस से राहत मिली, लेकिन जलभराव से आमजन की दिनचर्या प्रभावित रही।

## अभियान

मोहर्रम के मद्देनजर सफाई कर्मियों ने मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, मदनी नगर के अलावा सभी मस्जिदों के आसपास की साफ-सफाई

# मुस्लिम क्षेत्रों में चला सफाई अभियान, यातायात के लिए रहेगा डायवर्जन

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** मोहर्रम के मद्देनज़र नगर पालिका गंगाघाट ने शनिवार को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मियों की टीम मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, मदनी नगर के अलावा नगर के सभी मस्जिदों के बाहर पहुंची।

यहां गलियों में झाड़ू लगाने के साथ-साथ नालियों की सफाई और चूने का छिड़काव कराया गया। साथ ही, सुअरों की आवाजाही रोकने हेतु सुअर पालकों को निर्देशित किया गया ताकि जुलूस के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। मोहर्रम जुलूस के चलते नगर में यातायात बाधित न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन किया गया है। उन्नाव से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों को सहजनी की ओर डायवर्ट कर कानपुर भेजा जाएगा, जिससे शुक्लागंज में प्रवेश रोका जा सके। यदि कोई वाहन मरहला चौराहे तक पहुंचता है तो उसे हाईवे की ओर मोड़ दिया जाएगा। जिससे राहगीरों को दिक्कत न हो।



जामा मस्जिद के बाहर साफ-सफाई करतीं पालिका कर्मी। अमृत विचार

### मोहर्रम जुलूस को लेकर फोरलेन पर दुकानों पर रोक, पालिका ने की मुनादी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** नगर में रविवार को निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस को लेकर प्रशासन और पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जुलूस के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा न हो, इसे देखते हुए शनिवार को नगर पालिका द्वारा मुनादी कराकर फोरलेन और अन्य संबंधित मार्गों पर दुकानों और ठेलों पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए। फोरलेन के दोनों ओर सब्जी मंडी, ठेला-खुंचा और अस्थाई दुकानों के कारण सड़कों पर अतिक्रमण फैला हुआ है, जिससे जुलूस के सुचारु संचालन में रुकावट आने की संभावना थी। इसको ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सख्ती बरतते हुए साफ किया गया कि जुलूस के दिन किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पालिका ने सभी दुकानदारों और नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। यदि आवश्यक हुआ, तो अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर नगर कर्मियों की तैनाती भी की जाएगी।

### राठ के चिल्ली गांव में वारदात, आक्रोशित ग्रामीणों ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे किया जाम

# नलकूप पर सोते समय किसान को फावड़े से काट डाला, भड़का गुस्सा


बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार


जाम लगाए ग्रामीणों को समझाते राठ सीओ राजीव प्रताप सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव में खेत में ट्यूबवेल पर सो रहे 60 वर्षीय किसान की फावड़े से काटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार और सीओ ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण किसी भी कीमत पर जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना है कि चिल्ली गांव में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की लचर कार्य प्रणाली से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव का निवासी (60) विजय बहादुर उर्फ बौरा पुत्र स्वामी प्रसाद अपने खेत में लगे ट्यूबवेल के कमरे में सो रहा था। तभी अज्ञात आरोपियों ने हावड़ा से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक विजय बहादुर के पास लगभग 20 बीघा कृषि भूमि थी। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को जाम कर दिया। साथ ही पुलिस को शव ले जाने से मना कर दिया। सूचना पर पहुंचे उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार और सीओ राजीव प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि हत्याकांड का शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा।


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

# 7 घंटे देरी से कंचौसी स्टेशन पहुंची फरक्का एक्सप्रेस

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

- ऊंचाहार एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें भी रहीं लेट, परेशान हुए यात्री

**अमृत विचार।** फरक्का एक्सप्रेस शनिवार को 7 घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची, जिससे ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फरक्का एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 4 बजे के बजाय तीन घंटे की देरी से सुबह 9 बजे के बाद रेलवे स्टेशन पहुंची।

कानपुर, अयोध्या, जौनपुर, लखनऊ, उन्नाव, बनारस, सुल्तानपुर, अकबरपुर, शाहगंज, आजमगढ़ आदि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को ट्रेन लेट होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन लेट होने के चलते यात्रियों को घंटों ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। भटिंडा से मालदा टाउन होकर बालुरघाट तक जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि आए दिन ट्रेन के देरी से पहुंचने के कारण परेशानी हो रही है। यात्रियों को ट्रेन के समय की एडवांस सूचना भी दी जानी चाहिए। वहीं, चंडीगढ़ से प्रयागराज संगम तक जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। जिससे कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, प्रयागराज संगम तक जाने वाले यात्री परेशान रहे।

### आलमपुर में बीए के छात्र ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र आलमपुर में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर निवासी अभिषेक राठौर 24 वर्ष पुत्र ब्रजेंद्र राठौर बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। बताया गया कि अभिषेक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी, जब उसकी की मां सूरजमुखी ने कमरे का दरवाज़ा अंदर से बंद पाया तो उन्होंने कई बार आवाज़ दी, लेकिन अन्दर से कोई आहट नहीं मिली। इसके बाद जब उन्होंने अंदर झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुत्र को फंदे पर लटका देखा उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। तभी आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप

### रिश्वतखोरी में कानूनगो को डीएम ने किया निलंबित

**सरीला (हमीरपुर)।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान में एक किसान ने जिलाधिकारी के सामने कानूनगो द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो दिखाने पर हड़कंप मच गया। मामले में जिलाधिकारी ने संबंधित कानूनगो को निलंबित करने के आदेश दिए है। कस्का निवासी आदर्श कुमार विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि बटवारे को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय में वाद दाखिल किया था। लेकिन पैमाइश के दौरान उसका रकबा कम कर दिया गया। जिस पर उसने दोबारा पैमाइश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन कानूनगो मिथलेश कुमार व लेखपाल बीरेंद्र टालते रहे। बाद में फोन से कानूनगो ने 20 हजार रुपये देने पर पैमाइश करने की बात कही। जिस पर किसान ने कानूनगो को रुपये देते हुए वीडियो बना लिया। साथ ही इसे वायरल कर दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को भी वीडियो दिखाते हुए शिकायत की है। मामले में एसडीएम बलराम गुप्ता ने बताया कि कानूनगो का रुपये लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कानूनगो को निलंबित कर दिया गया है।

### उरई में युवक दे दी जान,मचा कोहराम

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के हदरुख में अधेड़ ने घर से कुछ ही दूरी पर खड़े नीम के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीकर घर आया था इससे घर में झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह चला गया था। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हदरुख निवासी प्रकाश सिंह 45 वर्ष राजस्थान में पानी पूड़ी का काम करता था। बताया गया कि शुक्रवार सुबह वह कई महीनों बाद अपने गांव लौटा था। घर आने के बाद शराब पीने को लेकर उसका परिवार में झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह अंधेरा होने पर घर से चुपचाप निकल गया। देर रात घर से कुछ ही दूरी पर जाकर नीम के पेड़ से साफी के सहारे लटककर अपनी जान दे दी। शनिवार सुबह गांव के लोग जब उधर से गुजरे तो उन्होंने उसका शव लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत से उसकी पत्नी अनीता व दो पुत्र दीपेश व अंशु सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार, पांच घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसा होने पर कार पर सवार पांच लोग घायल हो गए। । कानपुर के इंदिरा नगर निवासी दीपक शुक्ला पुत्र प्रेमनरायण शुक्ला, अपनी पत्नी माधुरी, पुत्रियों प्राची व तान्या के साथ कार से दिल्ली से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए कानपुर जा रहे थे। कार नौबस्ता के हनुमंत बिहार निवासी विजय तिवारी पुत्र कमलेश चला रहा था। जैसे ही कार ठठिया थाना क्षेत्र के 206 किलोमीटर पर पहुंची तो अनियंत्रित होते हुए डिवाइडर से टकरा गई। कार टकराते ही सवार लोगों में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने गंभीर घायल माधुरी, प्राची, तान्या को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

### भाई से मारपीट कर बहन से की छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के कुछ लोग युवक को जबरदस्ती बाग में ले गए जहां पिटाई कर घायल कर दिया। युवक की बहन जब शिकायत करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे उसके गांव के ही पांच लोग भाई को जबरन बाग में ले गए। जहां उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी पर वह पहुंची तो आरोपियों ने छेड़छाड़ कर उसके कपड़े फाड़ दिए।

# दूधिये ने डिब्बे में थूककर दिया दूध सीसी फुटेज में कैद हुई हरकत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित विनय खंड-4 में शनिवार को एक घिनौती हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि दूधिए ने डिब्बे में थूककर दूध एक घर में दे दिया। आरोपी की यह हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गयी।

विनयखंड निवासी सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव शुक्ला ने बताया कि मल्हौर निवासी पप्पू उर्फ मो. शरीफ कई सालों से उनके घर और मोहल्ले के अन्य घरों में दूध दे रहा था। लव ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे शरीफ दूध लेकर घर आया। गेट बंद था उसने घंटी बजाई। जब तक घर से कोई निकलता शरीफ ने दूध का डिब्बा खोला और उसे अपने मुंह के पास ले जाकर थूक दिया।इसके बाद डिब्बा बंदकर हिलाने के बाद घर पर दूध देकर चला गया। वीडियो में दूध वाले की यह हरकत देख लव व घरवाले चौंक गए। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि लव शुक्ला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मो. शरीफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। हिन्दू संगठनों ने आक्रोश जताया है। अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी भी थाने पहुंचे थे। उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### 43 सेकेंड के वीडियो में दिखी घिनौनी हरकत

इंस्पेक्टर ने बताया कि वीडियो करीब 43 सेकेंड का है। वीडियो वायरल होने के बाद मोहल्लेवालों में आक्रोश है। स्थानीय लोग अपने घरों में लगे सीसी कैमरों के फुटेज चेक कर रहे हैं। पीड़ित लव शुक्ला ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद कई रिश्तेदारों व परिचितों ने कॉल कर परिवार का ध्यान रखने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पैकेट वाला या डेरी पर जाकर दूध ले लेंगे लेकिन घर पर आने वाले दूधिए से नहीं लेंगे।

### छोटे बच्चों का निवाला किया दूषित

पीड़ित लव शुक्ला ने बताया कि सीसी कैमरे में आरोपी दूधिए शरीफ की हरकत देख वे भागकर बाहर आए तब तक वह दूध देकर जा चुका था। उनका कहना है कि आरोपी न जाने कितने सालों से उनके और अन्य घरों में थूक कर दूध दे रहा होगा।

- आरोपी दूधिया मोहम्मद शरीफ को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- शनिवार सुबह हुई घटना, सोशल मीडिया पर वायरल

## नवाब सिंह को हाईकोर्ट से गैंगस्टर में मिली जमानत

**कन्नौज।** किशोरी से रेप के चर्चित प्रकरण के मुख्य आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख व सपा नेता रहे नवाब सिंह को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है।

शुक्रवार को हुए आदेश में गैंगस्टर मामले में सशर्त जमानत दे दी गई है। पॉक्सो एक्ट के मामले में कन्नौज के संबंधित कोर्ट से पहले ही जमानत हो चुकी है। बताते चलें कि गत वर्ष 11/12अगस्त की रात नवाब को उनके ही कालेज से किशोरी से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण में पॉक्सो कोर्ट से 18 जनवरी को नवाब को जमानत मिल गई थी लेकिन गैंगस्टर में जेल में ही रहना पड़ा। उनके वकील ने हाईकोर्ट प्रयागराज में अपील की थी। । शुक्रवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकल पीठ ने मुख्य आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर कर दी।

## ग्रीन हाइड्रोजन के लिए जापान जाएगा प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल इस माह के अंत तक ग्रीन हाइड्रोजन के लिए जापान जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी समेत अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए 17 कंपनियों ने राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया है। इससे तकरीबन 1.15 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग ऐसे उद्योगों में किया जाएगा, जो प्रदूषण की एक बड़ी वजह हैं। इनमें फर्टिलाइजर, रिफाइनरी और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। राज्य में नाइट्रोजन उर्वरकों व रिफाइनरी उद्योगों में ग्रीन हाइड्रोजन का इस्तेमाल होगा।

# जेपीएनआईसी बर्बाद करने वाले बिहार में किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि जयप्रकाश नारायण ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ देश भर में सम्पूर्ण क्रांति का बहुत बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया था। उसी आंदोलन का नतीजा रहा कि नई पार्टी बनी और दिल्ली में सरकार बदल गयी। जेपी का आंदोलन बिहार से शुरू हुआ था। जिन लोगों ने जयप्रकाश नारायण इंटर नेशनल केन्द्र(जेपीएनआईसी) बर्बाद किया और खत्म किया वे बिहार में किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि जेपी समाजवादी आंदोलन के बहुत बड़े नाम है। सपा सरकार में उनके नाम पर इन्टर नेशनल सेंटर बनाया गया था, इसके शिलान्यास अवसर पर देश भर से बड़े-बड़े समाजवादी नेता जार्ज फर्नाडीज, मोहन सिंह, बृजभूषण तिवारी सब एकत्र हुए थे। जेपी और जेपीएनआईसी से हम समाजवादियों का वैचारिक और भावनात्मक लगाव है।

इस बिल्डिंग में अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस कोर्ट, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, बड़ा सेमिनार हाल, पार्किंग, कैफेटेरिया समेत तमाम सुविधाएं है। यह विश्वस्तरीय स्ट्रक्चर है। भाजपा सरकार ने नौ सालों में इसे बर्बाद कर दिया है। सपा चाहती है कि यह अब और न बर्बाद हो अगर सरकार इसे बेचना चाहती हैं तो हम समाजवादी लोग चंदा एकत्र करके खरीदने को तैयार है।

### जनता की कमाई से बना जेपीएनआईसी, अखिलेश की संपत्ति नहीं: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि आपने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था, जबकि यह जनता की गाढ़ी कमाई से बना केंद्र था। हमारी सरकार ने कैबिनेट से प्रस्ताव पास कर इसे एलडीए को सौंप दिया, ताकि यह संपत्ति आम लोगों की सेवा में लगे। यह आपकी निजी संपत्ति नहीं थी। कहा कि 2012 से 2017 तक की सपा सरकार ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जंगल कब्जा, खनन घोटाले और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को संस्थागत रूप से बढ़ावा दिया।

**महोत्सव** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को राजधानी में आम महोत्सव को संबोधित कर रहे थे

# आम महोत्सव किसानों के नवाचार का उत्सव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री।

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आम महोत्सव किसानों के परिश्रम और नवाचार का उत्सव है। उप मुख्यमंत्री शनिवार को राजधानी में आयोजित आम महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत की। इस मौके पर बच्चों की प्रतियोगिता व तकनीकी सत्र आयोजित हुए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की उर्वर भूमि में उपजा आम अब केवल स्वाद का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और वैश्विक पहचान का वाहक बन चुका है। राज्य सरकार के प्रयासों से फलों का यह 'राजा' अब दोहा, सिंगापुर, बेल्जियम, इटली, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया और ओमान जैसे देशों की रसोइयों तक पहुंच चुका है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आम को सड़ने से बचाने के लिए दीर्घकालिक समाधान खोजने का आग्रह किया, ताकि आम के स्वाद का आनंद पूरे वर्ष लिया जा सके। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने महोत्सव में 800 से अधिक देशी, कलमी, संकर, प्रसंस्कृत और विदेशी प्रजातियों के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, आम उत्पादक लखीमपुर के हरप्रीत सिंह व बदायूं के अमरपाल सिंह को शॉल, प्रशस्ति पत्र और पौधे भेंट कर सम्मानित किया।उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जल्द ही जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू होगा, जिससे निर्यात लागत में भारी कमी आएगी।

**आम महोत्सव में लगी प्रदर्शनी देखने पहुंचे ऊर्जा मंत्री:** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार की शाम राजधानी स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित आम महोत्सव में पहुंचे और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में आम की विभिन्न व दुर्लभ किस्मों को देखकर उन्होंने आम उत्पादकों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन्नति तकनीक के साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रौतापुर खुर्द वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक 01 मेमों/पं0 रा0वि0आ0/ पन्द्रहवों वि0/मनरेगा / निविदा 2025–26 दिनांक 05/07/2025

**निर्माण हेतू अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रौतापुर खुर्द विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स व ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहों वित्त आयोग व मनरेगा योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने व सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 11/07/2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 11/07/2025 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/07/2025 से दिनांक 10/07/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर आर सी. सेन्टर के पास साईड डेवलपमेन्ट का कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 1.99 | 15 दिन |
| 2 | गौशाला में गेट खडण्जा व पुलिया निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 1.25 | 15 दिन |
| 3 | ई– रिक्शा व कूडागाडी | प्राक्कलन के अनुसार | 1.65 | 15 दिन |

नियम व शर्तेः–

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे ।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक दिनांक 10/07/2025 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 11/07/2025 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।

6 बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ़ सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रौतापुर खुर्द
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रौतापुर खुर्द
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कासामऊ वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर।

पत्रांक 01 मेमों/पं0 रा0वि0आ0/ पन्द्रहवीं वि0/मनरेगा / निविदा 2025–26 दिनांक 05/07/2025

**निर्माण हेतू अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कासामऊ विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स व ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोग एव पन्द्रहवों वित्त आयोग व मनरेगा योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने व सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 11/07/2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 11/07/2025 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/07/2025 से दिनांक 10/07/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 1.75 | 15 दिन |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में इण्टरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2.49 | 15 दिन |
| 3 | ई– रिक्शा व कूडागाडी | प्राक्कलन के अनुसार | 1.65 | 15 दिन |
| 4 | मेन रोड से सोसाईटी तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 1.99 | 15 दिन |

नियम व शर्तेः–

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक दिनांक 10/07/2025 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 11/07/2025 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।

6–बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ़ सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कासामऊ
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कासामऊ
वि0 ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर

# अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है भारत

## राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा- कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो देश हित में नहीं थे

बेंगलुरू, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत समयसीमा के तहत नहीं, बल्कि अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है। उन्होंने कांग्रेस पर संप्रग सरकार के दौरान ऐसे समझौतों पर बातचीत और हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया, जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे। गोयल ने राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर यह बात कही।


बेंगलुरु में कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर प्रधानमंत्री मोदी पर दावा किया कि प्रधानमंत्री ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क समयसीमा के आगे विनम्रतापूर्वक झुकेंगे। गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत-अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा, जब यह अंतिम रूप ले लेगा और राष्ट्रीय हित में होगा। गोयल ने कहा, भारत समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद, हमने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और पिछले महीने ब्रिटेन के साथ भी समझौता किया गया। उनके अनुसार भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, पेरू और चिली सहित अन्य विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस और संप्रग के समय की तरह कमजोर भारत नहीं है, जिसने ऐसे समझौते किए जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे।

वहीं, बेंगलुरु में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के 'संगम 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी। गोयल ने कहा, आपका विज्ञान, आपकी प्रौद्योगिकी, इस जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के साथ मिलकर भारत के भविष्य की विकास गाथा को आकार देंगे।

### ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने झुक जाएंगे प्रधानमंत्री मोदीः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीयूष गोयल की टिप्पणी को लेकर शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने प्रधानमंत्री मोदी आसानी से झुक जाएंगे। गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब अंतिम रूप ले लेगा और राष्ट्रहित में होगा। राहुल गांधी ने उनके इस बयान पर एक्स पर कहा, पीयूष गोयल जितना चाहें छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे।

# बिहार में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या मुख्यमंत्री नीतीश ने बुलाई समीक्षा बैठक

पटना, एजेंसी

बिहार के व्यवसायी गोपाल खेमका की यहां उनके आवास के पास बाइक सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सात साल पहले हाजीपुर में बदमाशों ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात 11.40 बजे गांधी मैदान इलाके में खेमका की हत्या हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की और उस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। एसपी (पटना मध्य) दीक्षा ने कहा, स्थानीय थाने के अधिकारी एवं गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गोपाल खेमका को बाइक सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने व्यवसायी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।


गोपाल खेमका

- सीएम ने गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच का दिया निर्देश

गोपाल खेमका के परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी घटना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंचे। हालांकि, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस आरोप से इनकार किया। कुमार ने कहा, घटना की जानकारी शुक्रवार देर रात 12.30 बजे पुलिस तक पहुंची। शुक्रवार रात 11.40 बजे गोलीबारी के बाद परिजन खेमका को कंकड़बाग में निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल के अधिकारियों ने ही पुलिस को सूचना दी। वरिष्ठ अधिकारी रात 12.40 बजे मौके पर पहुंचे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि व्यवसायी की हत्या की जांच की निगरानी के लिए एसआईटी का गठन हुआ है, जिसमें विशेष कार्य बल और मध्य पुलिस जिले के अधिकारी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश से इनकार नहीं किया जा सकता। खेमका के बेटे की भी 2018 में हाजीपुर में जमीन से जुड़े विवाद के कारण हत्या हुई थी। इसके मद्देनजर गोपाल को सुरक्षा दी गई थी। अप्रैल 2024 में इसे वापस ले लिया गया और उसके बाद उन्होंने कभी सुरक्षा की मांग नहीं की।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक माओवादी का शव और हथियार बरामद किया है।

### तेलंगाना विस्फोटः मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 40

**हैदराबाद।** तेलंगना के संगारेड्डी जिले में अस्पताल में उपचाराधीन घायल व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। इसी के साथ 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा विनिर्माण संयंत्र में विस्फोट की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति 30 जून को हुए विस्फोट में 70 प्रतिशत से अधिक झुलस गया था और शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### आतंकवादी गतिविधियों से अर्जित संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शनिवार को आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी कमाई से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया। पुलिस के अनुसार, खानयार पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में यूएपीए के तहत कुर्की की गई। इस संपत्ती की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ है। यह संपत्ति मोहम्मद यूसुफ शाह के नाम पर पंजीकृत है।

# भाई-भतीजावाद को समाप्त करेगा सहकारी विवि : शाह

आणंद, एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि गुजरात में सहकारी क्षेत्र के लिए बनने वाला देश का पहला राष्ट्रीय विवि भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का काम करेगा क्योंकि इस क्षेत्र में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही नौकरी मिलेगी। शाह आणंद कृषि विवि के परिसर में जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान के परिसर में त्रिभुवन सहकारी विवि (टीएसयू) की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। विवि का नाम दिवंगत त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जो भारत में सहकारी आंदोलन के प्रमुखों में से थे और जिन्होंने अमूल की नींव रखने में भूमिका निभाई थी।



# भाषा विवाद : कार्यालय पर हमले के बाद निवेशक केडिया ने मांगी माफी, 5 मनसे समर्थक हिरासत में

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के 5 समर्थकों को शनिवार को निवेशक सुशील केडिया के वर्ली स्थित कार्यालय पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। इसके पहले केडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मराठी न सीखने के बारे में लिखा और राज ठाकरे को चेतवावनी दी कि क्या करना है बोल?, जिसके बाद यह हमला किया गया।

हमले के कुछ घंटों बाद केडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्होंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। केडिया ने ठाकरे की सराहना भी की। केडिया ने कहा कि उन्होंने दबाव और तनाव से गलत पोस्ट अपलोड किया था और एहसास होने पर वे गलती सुधारना चाहते थे। वहीं, राज्य के स्कूलों में त्रिभाषा नीति को थोपने से जुड़े विवाद पर मराठी का उपयोग न करने पर लोगों की पिटाई की घटनाओं के बाद, केडिया ने ठाकरे पर निशाना साधा था।



# हिमाचल में बारिश से 260 सड़कें बंद, कई राज्यों में चेतावनी जारी

शिमला/रांची/ जयपुर, एजेंसी

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, वहीं, हिमाचल में भारी बारिश से 260 से अधिक सड़कें बंद हैं। झारखंड में भारी बारिश के साथ ही राजस्थान में कम होने का अनुमान जताया है।

हिमाचल के मौसम विभाग ने रविवार को कांगड़ा, सिरमौर व मंडी जिलों के कुछ स्थानों पर अत्याधिक बारिश की आशंका जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसके अलावा कुछ हिस्सों में अधिक भारी बारिश की आशंका पर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग ने झारखंड के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में रविवार को बहुत भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। राजस्थान में दक्षिण पश्चिमी मानसून की सक्रियता जारी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में रविवार से बारिश की गतिविधियां कम हो सकती हैं।

# नेशनल हेराल्ड : एजेएल को फिर से सक्रिय करने को प्रयासरत कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के वकील चीमा ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश की दलील

नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता आरएस चीमा ने शनिवार को दलील दी कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्ति बेचने की कोशिश नहीं कर रही है, बल्कि उसको बचाने का प्रयास कर रही है, जो स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा थी। चीमा ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष अपनी दलील पेश की।

ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया, उनके बेटे राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा व ऑस्कर फर्नांडीस, साथ ही सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर, नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण करने की साजिश और धन शोधन करने का आरोप लगाया है। चीमा ने सवाल किया, क्या मेरे मित्र (ईडी के वकील) मुझे बता सकते हैं कि वे एजेएल के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) को रखने में क्यों झिझक रहे थे? एजेएल की स्थापना 1937 में जवाहरलाल नेहरू, जे. बी. कृपलानी, रफी अहमद किदवई और अन्य लोगों द्वारा की गई थी।

### आग से तबाह हुए मार्ट से दो शव बरामद

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के करोल बाग में विशाल मेगा मार्ट में शुक्रवार शाम लगी आग में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप (25) का शव लिफ्ट में मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत दम घुटने से हुई। दूसरे व्यक्ति का झुलसा हुआ शव इमारत में आग बुझाने के दौरान मिला। दिल्ली पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6.44 बजे पदम सिंह रोड स्थित चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। यह विशाल मेगा मार्ट का आउटलेट है। आग दूसरी मंजिल तक सीमित रही।

# ओडिशा : भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा शुरू

पुरी, एजेंसी

मौसी के घर श्री गुंडिचा मंदिर गए भगवान जगन्नाथ शनिवार को बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ वापसी के लिए 'बहुड़ा यात्रा' पर रवाना हुए। वापसी यात्रा में हजारों भक्तों ने पोहंडी के बाद बलभद्र के तलध्वज के रथ को खींचा और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने छेरा पोहरा (बुहारना) अनुष्ठान किया।

रथ खींचने की शुरुआत शाम चार बजे होनी थी, लेकिन यह तय समय से पहले अपराह्न 2.45 बजे जय जगन्नाथ, हरिबोल के जयघोष और झांझ-मंजीरों के बीच शुरू हुई। सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ बलभद्र के तालध्वज के पीछे चलेंगे। इससे पहले, बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के विग्रहों को क्रमशः तालध्वज, दर्पदलन और नंदीघोष रथों पर ले जाया गया, जिसे पोहंडी कहा जाता है। पोहंडी शब्द संस्कृत शब्द पदमुंडनम से आया है, जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से चलना। पोहंडी की शुरुआत चक्रराज सुदर्शन से हुई, उसके बाद बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की 'पोहंडी' की रस्म हुई।


बहुदा यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ।

## कारोबार/कृषि

# जीएम आयात से कृषि निर्यात होगा प्रभावित

## जीटीआरआई ने अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित कृषि उत्पादों के आयात पर किया आगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को आगाह किया कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को अनुमति देने से भारत पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे क्षेत्रों में देश के कृषि निर्यात पर असर पड़ सकता है।



- आर्थिक शोध संस्थान ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर रख अपना नजरिया

भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी घोषणा नौ जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। जीटीआरआई ने कहा कि पशु आहार के लिए सोयाबीन भोजन और डिस्टिलर्स सूखे अनाज के साथ घुलनशील (डीडीजीएस) जैसे जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने से ईयू को भारत के कृषि निर्यात प्रभावित होंगे, जो भारतीय निर्यातकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। डीडीजीएस एथनॉल उत्पादन के दौरान बनाया गया एक उप-उत्पाद है, जो आमतौर पर मकई या अन्य अनाज से बनता है। यूरोपीय संघ में जीएम लेबलिंग के सख्त नियम हैं और जीएम से जुड़े उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं में सख्त प्रतिरोध है। भले ही जीएम फ़ीड की अनुमति है, लेकिन यूरोपीय खरीदार पूरी तरह से जीएम-मुक्त आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्राथमिकता देते हैं।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की खंडित कृषि-लॉजिस्टिक्स और पृथक्करण बुनियादी ढांचे की कमी क्रॉस-संदूषण की संभावना को बढ़ाती है, जिससे निर्यात खेपों में जीएम की मौजूदगी का खतरा है। उन्होंने कहा, इससे निर्यात रद्द हो सकता है, जांच की लागत बढ़ सकती है और भारत की जीएमओ-मुक्त छवि को नुकसान पहुंच सकता है, खास तौर पर चावल, चाय, शहद, मसाले और जैविक खाद्य पदार्थों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। मजबूत 'ट्रेसेबिलिटी' और 'लेबलिंग सिस्टम' के बिना जीएम फ़ीड आयात ईयू में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, पौधे के डीएनए में विशिष्ट जीनों को सम्मिलित करके बनाई जाती हैं, जो अक्सर बैक्टीरिया, विषाणु, अन्य पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं, ताकि नए गुण, जैसे कीट प्रतिरोध या शाकनाशी सहिष्णुता, उत्पन्न किए जा सकें। उदाहरण के लिए, बैसिलस थुरिंजिएंसिस नामक जीवाणु से प्राप्त बीटी जीन पौधे को कुछ कीटों के लिए विषैला प्रोटीन बनाने में सक्षम बनाता है। मिट्टी के जीवाणुओं सहित अन्य जीनों का उपयोग फसलों को शाकनाशियों के प्रति प्रतिरोधी बनाने के लिए किया गया है। जीएम फसलें पौधों पर आधारित हैं, तथ्य यह है कि उनमें से कुछ में पशु मूल के जीन होते हैं, वे उनको स्वीकार्य नहीं हो सकते हैं जो शाकाहार का पालन करते हैं।

### नवीन ऊर्जा व एआई से रिलायंस का बाजार 50 अरब डॉलर बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** नवीन ऊर्जा व कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निवेश से कंपनी के बाजार मूल्य में अनुमानित 50 अरब डॉलर की वृद्धि होगी। वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

मुकेश अंबानी द्वारा संचालित तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र की यह कंपनी मूल्य सृजन के अगले चरण के लिए कमर कस रही है। वर्तमान में 240 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की रिलायंस की वृद्धि इसके विविध कार्यक्षेत्रों, विशेष रूप से नवीन ऊर्जा और एआई के विस्तार पर निर्भर करती है। सृजन से जुड़ी (जेन) एआई रिलायंस के लिए अगला मोर्चा है क्योंकि यह जामनगर ऊर्जा परिसर को ऊर्जा उत्पादन का मौद्रिकरण करने के लिए फिर से तैयार कर रहा है, जो जनरल एआई रैंप के लिए वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख बाधा है।

# बिटकॉइनः डिजिटल संपत्ति में निवेश

बात काम की

बिटकॉइन डिजिटल मुद्रा है, जिसे किसी सरकार या बैंक के बजाय ब्लॉकचेन तकनीक से नियंत्रित किया जाता है। यह विकेंद्रीकृत प्रणाली पर आधारित है और ऑनलाइन लेनदेन के लिए प्रयोग होता है। निवेशक बिटकॉइन को डिजिटल संपत्ति मानकर इसमें निवेश करते हैं। इसके मूल्य में तेजी से उतार-चढ़ाव होता है, जिससे उच्च लाभ की संभावना तो होती है, पर जोखिम भी अधिक रहता है। निवेश से पहले तकनीकी समझ, सुरक्षा उपाय और बाज़ार की जानकारी आवश्यक है। यह निवेश पारंपरिक निवेश से भिन्न है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है।



### बिटकॉइन क्या है

बिटकॉइन एक क्रिप्टोकरेंसी है, जिसे 2009 में अज्ञात समूह ने सातोशी नाकामोटो नाम से बनाया था। इसका उपयोग वस्तुओं, सेवाओं की खरीद और निवेश में होता है।

### कैसे करें निवेश

बिटकॉइन में निवेश करने के लिए आपको किसी क्रिप्टो एक्सचेंज प्लेटफॉर्म (जैसे वज़ीरएक्स, कॉइनडीसीएक्स, बाइनेंस आदि) पर खाता बनाना होता है। फिर केवाईसी पूरा कर आप बिटकॉइन खरीद सकते हैं। इसे डिजिटल वॉलेट में स्टोर किया जाता है। लॉन्ग टर्म या शॉर्ट टर्म दोनों तरह से निवेश संभव है।

### निवेश के लाभ

बिटकॉइन में मूल्य वृद्धि की संभावना अधिक होती है, जिससे कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है। यह वैश्विक संपत्ति है, जिससे किसी देश की आर्थिक स्थिति का इस पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ता।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **अत्यधिक अस्थिरता :** कीमतें बहुत तेजी से ऊपर-नीचे होती हैं।
- **कानूनी अनिश्चितता :** कई देशों में इसके नियम स्पष्ट नहीं हैं।
- हैकिंग और साइबर चोरी का खतरा रहता है। अगर पासवर्ड या प्राइवेट की खो जाए तो बिटकॉइन रिकवर नहीं किया जा सकता।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले क्रिप्टो मार्केट की पूरी जानकारी लें।
- छोटी राशि से शुरुआत करें और विविधता बनाए रखें।
- मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें।

# घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं पर कार्रवाई करे राज्य सरकार : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने राज्यों से दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। शनिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देश भर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने की अपील करते हैं।



विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के विनिर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। विभाग ने कहा, भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं, इसलिए सवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है। घटिया हेलमेट की बिक्री सुरक्षा से समझौता करती है। 2021 से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू है, जिसके तहत सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई-चिह्नित हेलमेट अनिवार्य है। जून 2025 तक, देश में 176 विनिर्माता हैं, जिनके पास बीआईएस लाइसेंस हैं। विभाग ने पाया है कि सड़क किनारे बेचे जाने वाले हेलमेट में बीआईएस प्रमाणन का अभाव है, जिससे उपभोक्ताओं को जोखिम होता है और सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौत हो जाती है।

# संक्षिप्त सैन्य संघर्ष के बावजूद भारत-पाक व्यापार रहा जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तीसरे देश के माध्यम से जारी

पाकिस्तान-भारत में संक्षिप्त सैन्य संघर्ष व सीमाओं के बंद होने के बावजूद दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मई में, मुख्य रूप से तीसरे देश के माध्यम से जारी रहा।

समाचार पत्र डॉन ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत से आयात 2024-25 के जुलाई-मई के दौरान 3 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। गत वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में भारत से आयात कुल 21.15 करोड़ डॉलर रहा, जो 2023-24 में 20.7 करोड़ डॉलर और 2022-23 में 19 करोड़ डॉलर से अधिक था। अकेले मई में जब चार दिवसीय संघर्ष छिड़ा था तब आयात 1.5 करोड़ डॉलर रहा, जो पिछले साल 1.7 करोड़ डॉलर से थोड़ा कम था। भारत को पाकिस्तान का निर्यात नगण्य रहा। 2023-24 और 2022-23 में निर्यात क्रमशः 34.4 व 3.3 लाख डॉलर रहा, जो द्विपक्षीय व्यापार की एकतरफा प्रकृति को उजागर करता है।

# एफएमसीजी पर मौसम की मार, राजस्व पर असर

नई दिल्ली, एजेंसी

रोजमर्रा की जरूरत का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों का अनुमान है कि जून तिमाही में उनकी राजस्व वृद्धि प्रभावित होगी। उनका कहना है कि बेमौसम बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना और प्रमुख कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण ऐसा हो सकता है।



- बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना व कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव मुख्य कारण

हालांकि, एफएमसीजी उद्योग ने तिमाही के दौरान मांग में क्रमिक सुधार देखा, जिसमें विशेष रूप से शहरी बाजारों में मात्रा के लिहाज से बिक्री तेजी से बढ़ी। मैरिको, डाबर और गोदरेज कंज्यूमर जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों का मार्जिन मानक स्तर से नीचे रहा, और उनका अनुमान है कि अप्रैल-जून में मात्रा के लिहाज से कम एक अंकों की वृद्धि होगी। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को उम्मीद है कि जून तिमाही में भारत के कारोबार से उसका मार्जिन 'मानक सीमा' से नीचे रहेगा, लेकिन मात्रा के लिहाज से बिक्री बढ़ने से उच्च एक अंकों की मूल्य वृद्धि हो सकती है।

दूसरी ओर डाबर के एकीकृत राजस्व में पेय पदार्थों की बिक्री उम्मीद से कम रहने से एक अंकों की वृद्धि का अनुमान है। पेय पदार्थों की बिक्री बेमौसम बारिश और छोटी गर्मी से प्रभावित हुई। डाबर को घर और निजी देखभाल खंड में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। मैरिको को जून तिमाही में मामूली परिचालन लाभ की उम्मीद है, क्योंकि उसके कुछ प्रमुख कच्चे माल जैसे कि कोपरा में क्रमिक मुद्रास्फीति देखने को मिली। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में ग्रामीण बाजार से सुधार के साथ लगातार मांग के रुझान देखे गए।

## एक नजर


जसप्रीत बुमराह अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ शनिवार को इंग्लैंड के बर्मिंघम के एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल से पहले तस्वीर में इस तरह दिखाई दिए। ● एजेंसी

### चेल्सी क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में

**फिलाडेल्फिया :** चेल्सी ने मालो गुस्टो के 83वें मिनट में लगाए गए शॉट पर आत्मघाती गोल होने से पाल्मेरास को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोल पामर ने शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में 16वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिला दी, लेकिन 18 वर्षीय एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। शॉर्ट कॉर्नर किक के बाद गुस्टो का शॉट डिफेंडर अगस्टिन गिया और गोलकीपर वेवर्टन से टकराकर गोल में चला गया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। फीफा ने इसे वेवर्टन का आत्मघाती गोल करार दिया। चेल्सी सेमीफाइनल में मंगलवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में फ्लूमिनेंस का सामना करेगा। स्थानापन्न खिलाड़ी हरक्यूलिस ने 70वें मिनट में गोल करके शुक्रवार के पहले क्वार्टरफाइनल में फ्लूमिनेंस को अल हिलाल पर 2-1 से जीत दिलाई।

### शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जर्मनी में कट से चूके

**म्यूनिख :** भारत के शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत यहां गोल्फ क्लब म्यूनिख ईचेनरीड में बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन में कट से चूक गए। शर्मा ने दो राउंड में 74-68 के साथ कुल दो अंडर का स्कोर बनाया, लेकिन एक शॉट से कट में जगह नहीं बना पाए। अहलावत ने भी इतना ही स्कोर बनाया और वह भी एक शॉट से कट से चूक गए। यह लगातार सातवां टूर्नामेंट है जिसमें शर्मा कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। अहलावत पिछले छह टूर्नामेंट में तीसरी बार कट में जगह नहीं बना पाए। इस बीच डेविस ब्रायंट ने 63 का शानदार नौ अंडर पार स्कोर बनाकर दो शॉट की बढ़त बना ली।

### भारत ए के कप्तान संजय ने कहा यूरोप दौरे से बेंच स्ट्रेंथ तैयार होगी

**बेंगलुरु :** भारत ए पुरुष हॉकी टीम के कप्तान संजय का मानना है कि यूरोप के आगामी दौरे में खिलाड़ियों को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत ए' पुरुष टीम आठ से 20 जुलाई तक होने वाले दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड के आइंडहोवन के लिए रवाना हुई। संजय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इस दौरे से हमें अपने मजबूत और कमजोर पक्षों को समझने का मौका मिलेगा। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। इससे हमें यह आकलन करने का मौका मिलेगा कि हमारे खिलाड़ी किस स्थिति में हैं। उन्होंने कहा इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अनुभव से हमें टीम को मजबूत बनाने और सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी।

### श्रीकांत शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

**कैलगरी :** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां कनाडा



ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोऊ टिएन चेन पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने शुक्रवार रात को 43 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को 21-18, 21-9 से हराया। वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत का फाइनल में जगह बनाने के लिए अब जापान के तीसरे वरीय केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा।

# गिल की ऐतिहासिक पारी से भारत जीत के करीब

## चौथा दिन : भारत ने 427 रन पर दूसरी पारी घोषित की, इंग्लैंड ने 72 रन पर गंवाए तीन विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल (161 रन) के दूसरे शतक की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का अंसभव लक्ष्य दिया। पर पांचवें दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज मुश्किल में होंगे क्योंकि टीम ने दूसरी पारी में स्टंप तक 72 रन तक तीन विकेट गंवा दिए जिसमें दो विकेट आकाशदीप और एक विकेट मोहम्मद सिराज ने झटका। आकाशदीप ने खतरनाक बेन डकेट और जो रूट के विकेट झटके जबकि सिराज ने जाक क्राउले को आउटस्विंगर पर बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच कराया।

गिल ने चार पारियों में तीसरा शतक जड़कर रन बनाने का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे। उनके अलावा दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा (नाबाद 69), ऋषभ पंत (65) और केएल राहुल (55) ने अर्धशतक जड़कर योगदान दिया। भारत ने चाय के एक घंटे बाद दूसरी पारी घोषित की। हालांकि पारी घोषित करने के समय पर विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने सवाल उठाए जिसमें चेतेश्वर पुजारा ने 'ऑन एयर' कहा कि भारत को कम से कम आधे घंटे पहले पारी घोषित कर देनी चाहिए थी। जब गिल के आउट होने के बावजूद पारी घोषित नहीं की गई तो 'होलीज स्टैंड' में इंग्लैंड के प्रशंसकों ने 'बोरिंग बोरिंग' के नारे लगाए। इसके तुरंत बाद हूटिंग शुरू हो गई। चाय से तुरंत पहले शतक तक पहुंचने वाले गिल ने शोएब बशीर और कामचलाऊ जो रूट की स्पिन जोड़ी के खिलाफ अपना आक्रामक रुख अपनाते हुए डीप स्क्वायर और मिड-विकेट पर स्वीप शॉट लगाए। गिल की 162 गेंद की पारी में 13 चौके और आठ छक्के शामिल थे जिससे उन्होंने मैच में 430 रन बनाए।

गिल और जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 175 रन की भागीदारी निभाई। इस प्रक्रिया में गिल ने किसी भी भारतीय के एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन जुटाने के मामले में महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में 344 रन बनाए थे। वह गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में 200 और 100 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय भी बने। विकेट अभी तक सपाट रहे जिससे रनों का पहाड़ बना। लेकिन भारत ने अभी तक दौरे में सात शतक बना लिए हैं जो किसी विदेशी श्रृंखला में अभूतपूर्व है। हालांकि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की रणनीति ड्रॉ नहीं बल्कि नतीजों से प्रेरित है। बैजबॉल युग में एकमात्र ड्रॉ एशेज 2023 में ओल्ड ट्रैफर्ड मैच में बारिश के कारण हुआ था। गिल ने लंच ब्रेक के बाद गियर बदलते हुए 'स्कोरिंग' गति बढ़ाई और फिर चाय से तुरंत पहले मैच का अपना दूसरा शतक पूरा किया। गिल ने चाय के ब्रेक से पहले शोएब बशीर के ओवर में एक रन लेकर एक मैच में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले गिल ने दूसरी पारी में शतक जड़ने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाया क्योंकि उनकी निगाहें श्रृंखला बराबरी करने पर लगी हैं।


बेन डकेट को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय गेंदबाज आकाश दीप। ● एजेंसी

### भारत दूसरी पारी

**427/6** (पारी घोषित) (83 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल पगबाधा टंग | 28 |
| लोकेश राहुल बो टंग | 55 |
| करुण नायर का स्मिथ बो कार्स | 26 |
| शुभमन गिल का एवं बो बशीर | 161 |
| ऋषभ पंत का डकेट बो बशीर | 65 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 69 |
| नीतिश रेड्डी का क्राउले बो रूट | 01 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 12 |

गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 14-3-61-0, ब्राइडन कार्स 12-2-56-1, जोश टंग 15-2-93-2, शोएब बशीर 26-1-119-2, जो रूट 9-1-65-1

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी : 407/10**

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**72/3** (16 ओवर)

| | |
|---|---|
| बेन डकेट बो आकाशदीप | 25 |
| जाक क्राउली का सब बो सिराज | 00 |
| ओली पोप खेल रहे हैं | 24 |
| जो रूट बो आकाशदीप | 06 |
| हैरी ब्रुक खेल रहे हैं | 15 |

**गेंदबाजी :** आकाशदीप 8-1-36-2, मोहम्मद सिराज 5-1-29-1, प्रसिद्ध कृष्णा 3-0-6-0

**161** रन
**162** गेंद
**13** चौके
**8** छक्के


कप्तान शुभमन गिल।

### विराट कोहली ने शुभमन गिल की उपलब्धि को सराहा

**बर्मिंघम :** भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की गई उपलब्धि के लिए शुभमन गिल की सराहना करते हुए कहा कि वह इस सब के हकदार हैं। गिल ने शनिवार को पांच मैचों की सीरीज की चौथी पारी में कुल 500 से ज्यादा रन बनाते हुए करते हुए इंग्लैंड के मौजूदा दौरे का अपना लगातार दूसरा और तीसरा शतक बनाया। इस 25 वर्षीय कप्तान ने 162 गेंद में 13 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 161 रन बनाए। उन्होंने मैच की पहली पारी में 269 रन बनाए थे जिससे वह महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। कोहली ने लिखा बहुत बढ़िया खेले 'स्टार बॉय'। इतिहास में नाम लिखवाना शानदार है। आप इस सब के हकदार हैं। कोहली ने इंग्लैंड दौरे से एक महीने पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और अब लंदन में बस गए हैं।

# सिराज ने छह विकेट लेने का श्रेय आकाशदीप को दिया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इसका श्रेय साथी तेज गेंदबाज आकाशदीप को दिया और बंगाल के इस तेज गेंदबाज को घोड़े की संज्ञा देते हुए कहा कि वह केवल मौके का इंतजार कर रहा था।

सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट जबकि आकाशदीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों ने एक दूसरे का अच्छी तरह से साथ दिया जिससे भारत ने इंग्लैंड को 407 रन पर आउट करके पहली पारी में 180 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए थे। सिराज ने बीसीसीआई.टीवी से कहा आकाशदीप घोड़े की तरह है। वह मौके का इंतजार कर रहा था और जब उसे मौका मिला तो उसने दिखा दिया कि वह कितना बेताब था।

ईमानदारी से कहूं तो मुझे उसके साथ गेंदबाजी करने में काफी मजा आया। उन्होंने कहा मुझे जब जिम्मेदारी दी जाती है तो मैं खुश रहता हूं। मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी तरफ से रन नहीं देना था। मैंने हरसंभव नियंत्रण के साथ गेंदबाजी करने और बल्लेबाजों को दबाव में रखने की कोशिश की। जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले आकाशदीप ने भी सिराज को श्रेय दिया।


मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### दूसरे टेस्ट मैच में मैं शतक बनाने के लिए बेताब था : हैरी ब्रूक

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि वह भारत के खिलाफ यहां चल रहे दूसरे टेस्ट में शतक बनाने के लिए बेताब थे, क्योंकि लीड्स में पहले मैच में अपनी टीम की पांच विकेट की जीत के दौरान वह दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे। दूसरे टेस्ट मैच में भारत के पहली पारी के 587 रन के जवाब में जब इंग्लैंड की टीम 84 रन पर पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, तब ब्रूक (158) और जेमी स्मिथ (184) ने 303 रन की साझेदारी करके उसे संकट से उबारा। ब्रूक ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैं पहले टेस्ट की दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाया था और इसलिए मैं अच्छी शुरुआत करना चाहता था। इंग्लैंड का यह युवा बल्लेबाज पहले टेस्ट की पहली पारी में 99 रन पर आउट होने के बाद शतक से चूक गया था।

### भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा सितंबर 2026 तक स्थगित

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आपसी सहमति से बांग्लादेश और भारत के बीच अगस्त 2025 में प्रस्तावित सफेद गेंद की सीरज को सितंबर 2026 तक स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय टीम को चटगांव और ढाका में 17 से 31 अगस्त तक तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को खेलना था। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा दोनों बोर्डों के बीच चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसमें दोनों टीमों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बीसीबी ने कहा कि शृंखला का नया कार्यक्रम 'उचित समय पर' घोषित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है बीसीबी इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए सितंबर 2026 में भारत का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। दौरे के लिए संशोधित तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। दोनों बोर्डों ने शृंखला को टालने का कारण कार्यक्रम में असुविधाओं को कारण बताया लेकिन 'पीटीआई' ने चार जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि बीसीसीआई बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर आशंकित है और इस शृंखला के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करना चाहता है।

# वैभव की शतकीय पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को हराया

**वॉर्सेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी (143) और विहान मल्होत्रा (129) की शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने शनिवार को चौथे यूथ एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 55 रनों से हरा दिया।

364 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को बीजे डॉवकिंस और जोसेफ मूर्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 104 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 45.3 ओवर में 308 रन पर सिमट गई। भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से नमन पुष्पक ने तीन विकेट लिये। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट कप्तान आयुष म्हात्रे (पांच) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विहान मल्होत्रा ने वैभव सूर्यवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 219 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।


वैभव सूर्यवंशी।

### महिला टीम का विजय अभियान रुका

**लंदन :** भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई, जिससे इंग्लैंड ने तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से करीबी जीत दर्ज करके पांच मैच की शृंखला को जीवंत रखा। किया ओवल में शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में इंग्लैंड बल्लेबाजी के पतन और खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने और शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने से रोकने में सफल रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बनाए। इसके जवाब में भारत एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदान का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। भारत को 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन पर रोक दिया। भारत को अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बेल की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गई।


बेंगलुरु : विजेता भारत के नीरज चोपड़ा (बीच में), उपविजेता केन्या के जूलियस येगो (बाएं) और दूसरे उपविजेता श्रीलंका के रुमेश पथिराज।

# चोपड़ा बने एनसी क्लासिक के पहले सत्र के चैंपियन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी और उसमें प्रतिस्पर्धा करने के अपने सपने को साकार करते हुए 'एनसी क्लासिक' का खिताब जीत लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के चोपड़ा ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में श्री कांतीरवा स्टेडियम में अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा का यह लगातार तीसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले पेरिस डायमंड लीग (20 जून) और पोलैंड के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक (24 जून) में खिताब जीता था। कीनिया के 2025 विश्व चैंपियन जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे (84.34 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा ने बाद में कहा कि वह थ्रो की दूरी से खुश नहीं थे लेकिन हवा भरे हालात को देखते हुए वह संतुष्ट थे। उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की दूरी हासिल की थी।

> निश्चित रूप से मैं जीतना चाहता था। मेरा लक्ष्य सफलतापूर्वक टूर्नामेंट पूरा करना था। यह आसानी से हो गया। –नीरज चोपड़ा

# सबालेंका, अल्काराज और नोरी चौथे दौर में

**लंदन, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को, स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एम्मा राडुकानू को तथा कैमरून नोरी ने माटेओ बेलुची को हराकर विंबलडन टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बना ली हैं। तीसरे दौर के शुक्रवार रात खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज ने 12 में से पांच ब्रेक पॉइंट को भुनाकर 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 55 में से 34 पॉइंट जीते जो कि उनकी जीत का मुख्य कारण रहा। अल्काराज का अगला मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव से होगा।

रूस के आंद्रेई रुब्लेव ने एड्रियन मानारिनो को 7-5, 6-2, 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई है। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 6-4, 6-3, 6-7 (5), 6-1 से जीत हासिल की। थॉम्पसन ने तीसरे दौर में इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। महिलाओं के ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को 7-6 (6), 6-4 से हरा दिया।


शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका (बाएं) ने ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को हरा दिया। ● एजेंसी

### बालाजी और रेयेस-वारेला की जोड़ी विंबलडन से बाहर

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला ने शनिवार को विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे सेटों में हार गए। स्पेन-अर्जेंटीना की जोड़ी ने गैर वरीयता प्राप्त बालाजी और रेयेस-वारेला को एक घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। हालांकि ग्रास कोर्ट मेजर में भारतीय चुनौती अभी बरकरार है जिसमें युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे। इस बीच लड़कों के एकल में कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमस्टैट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए।

## अमरनाथ यात्रा



जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को अमरनाथ की पवित्र गुफा की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए तीर्थयात्री। एजेंसी

# बरगर डिजीज का बढ़ रहा जोखिम

कुछ हट के

सिगरेट पीना या तंबाकू खाना सिर्फ फेफड़ों और मुंह को नुकसान नहीं पहुंचाते, इसकी वजह से कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं। स्मोकिंग से एक ऐसी रेयर डिजीज भी हो सकती है, जिसकी वजह से हाथ-पैर काटने तक की नौबत आ सकती है। इस बीमारी का नाम बर्गर डिजीज है। इसे थ्रॉम्बोएंजाइटिस ओब्लिटेरेंस भी कहते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर 1 लाख में 12-20 लोगों को यह बीमारी होती है। हालांकि, भारत में अमेरिका और यूरोप के मुकाबले इसके ज्यादा केस सामने आते है। भारत में पेरिफेरल आर्टरी डिजीज (पीएडी) के 45-60% पेशेंट्स को बरगर डिजीज हो जाती है। पीएडी यानी ऐसी बीमारी, जिसमें आर्टरीज के सिकुड़ने से हाथ और पैर में ब्लड फ्लो कम हो जाता है। दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू सेवन के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 25.3 करोड़ लोग स्मोकिंग करते हैं। इसलिए बरगर डिजीज का जोखिम भी भारत के लोगों को अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा है। इसमें पैरों, हाथों और उंगलियों की ब्लड वेसल्स में सूजन हो जाती है। इससे ब्लड फ्लो कम हो जाता है। इसके कारण ब्लड वेसल्स में क्लॉटिंग भी हो सकती है।



### इन बातों को रखें ध्यान

- बॉडी एक्टिव रखें और ब्लड सर्कुलेशन सुधारने के लिए एक्सरसाइज करें।
- डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को कंट्रोल में रखें।
- पैरों और हाथों को ठंड से बचाएं और अच्छे जूते पहनें।
- स्मोकिंग और तंबाकू का सेवन पूरी तरह छोड़ दें।

### इसके लक्षण और कारण

- बरगर डिजीज की शुरुआत में हाथों और पैरों में तेज दर्द होता है। खासतौर पर जब आप आराम करते हैं या सोने जाते हैं तो यह दर्द बढ़ जाता है। इसके लक्षण धीरे-धीरे डेवलप होते हैं। अभी तक बरगर डिजीज की सही वजह नहीं पता चली है। हालांकि, ज्यादातर मामलों में यह बीमारी तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वाले लोगों को होती है। तंबाकू में मौजूद केमिकल्स ब्लड वेसल्स के किनारों (वॉल) को कमजोर कर देते हैं। इससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ने लगती हैं और ब्लड फ्लो कम हो जाता है। इसके अलावा जेनेटिक कारणों से या किसी ऑटोइम्यून डिजीज के कारण भी बरगर डिजीज हो सकती है।

### डिजीज का इलाज

- बरगर डिजीज का कोई स्थाई इलाज नहीं है। इसके ट्रीटमेंट में लक्षणों को कम करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। वेसोडायलेटर्स दिए जाते हैं, ये ब्लड वेसल्स को चौड़ा करके ब्लड फ्लो बेहतर करते हैं। एंटी इंफ्लेमेटरी दवाएं दी जाती हैं, ये ब्लड वेसल्स में सूजन कम करके ब्लड फ्लो बेहतर करती हैं। एनाल्जेसिक यानी दर्द निवारक दी जाती हैं, ये दर्द कम करके घाव भरने में मदद करती हैं। एंटीकॉएगुलेंट्स दी जाती हैं, ये ब्लड क्लॉटिंग होने से रोकती हैं।एंटीबायोटिक्स दी जाती हैं, ये घाव में संक्रमण को रोकती और कम करती हैं। इसके इलाज में सिर्फ लक्षणों को कंट्रोल करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। चूंकि, ज्यादातर मामलों में स्मोकर्स को यह बीमारी होती है, इसलिए इलाज के दौरान स्मोकिंग से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय की हत्या के दोषी किशोर की सजा की समीक्षा की जाएगी

**लंदन।** ब्रिटेन में 80 वर्षीय भीम सेन कोहली की हत्या के मामले में दोषी करार दिये गये 15 वर्षीय किशोर की सात साल की जेल की सजा की ब्रिटेन की अत्यधिक उदार सजा योजना के तहत समीक्षा की जाएगी। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि किशोर की सजा की समीक्षा अपीलीय न्यायालय द्वारा की जाएगी। नाबालिग होने की वजह से किशोर के नाम का खुलासा नहीं किया। यह निर्णय ब्रिटेन के सॉलिसिटर जनरल द्वारा मामले की विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है, ताकि यह आंका जा सके कि क्या यह मामला पुनर्समीक्षा की निर्धारित सीमा को पूरा करता है।

### श्रीनगर में अशांति भड़काने में कई पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मुहर्रम जुलूस के दौरान अशांति भड़काने तथा सार्वजनिक व्यवस्था और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में कई व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, शुक्रवार को एमए रोड पर मुहर्रम जुलूस के दौरान कुछ व्यक्तियों ने निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर व गैरकानूनी कृत्य किए।

### अभिनेता जूलियन मैकमोहन का निधन

**लॉस एंजिलिस।** फैंटास्टिक फोर फिल्म में प्रसिद्ध मार्वल सुपरविलेन डॉ. डूम का किरदार निभाने वाले ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता जूलियन मैकमोहन का कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनकी पत्नी केली मैकमोहन ने अमेरिकी मनोरंजन पोर्टल 'डेडलाइन' को दिए एक बयान में बताया कि जूलियन का निधन बुधवार को फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर में हुआ। केली ने बयान में कहा, मैं दुनिया को बताना चाहती हूं कि मेरे प्रिय पति जूलियन मैकमोहन का इस सप्ताह निधन हो गया।

### अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ के बाद 23 लड़कियां लापता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में दक्षिण-मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ के बाद एक 'समर कैंप' से कम से कम 23 लड़कियां शुक्रवार को लापता हो गईं। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि टेक्सास हिल कंट्री में बारिश के कारण शुक्रवार को कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए।

# भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए त्रिनिदाद व टोबैगो ने दिया पूर्ण समर्थन

## प्रधानमंत्री मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद के बीच वार्ता, 6 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

भारत व त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद बिसेसर के बीच वार्ता के बाद बुनियादी ढांचे और औषधि समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल परिवर्तन, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), क्षमता निर्माण और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा की।

शनिवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत को अपना पूर्ण समर्थन देने की पुष्टि की है। वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मोदी और बिसेसर ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है ताकि वर्तमान वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक संघर्षों को स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं ने बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ने का रास्ता बताया। इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत 2027-28 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा तथा यह द्वीपीय राष्ट्र 2028-29 की अवधि के लिए नयी दिल्ली की दावेदारी का समर्थन करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा मिला है। मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुपवार को पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों के प्रति त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मजबूत समर्थन व एकजुटता की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भी मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की अपनी समकक्ष कमला प्रसाद से मुलाकात करते हुए।

### प्रधानमंत्री ने अर्जेंटीना में सैन मार्टिन स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

**ब्यूनस आयर्स।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक माने जाने वाले जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर यहां पुष्पांजलि अर्पित की। जोस फ्रांसिस्को डी सैन मार्टिन वाई मटोरस को दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। मोदी शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचे। इस दौरान वह शीर्ष नेतृत्व से जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। यह 57 वर्षों में अर्जेंटीना में प्रधानमंत्री स्तर की पहली भारतीय द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की दूसरी अर्जेंटीना यात्रा है, उन्होंने 2018 में जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए यहां का दौरा किया था। मोदी रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति मिलेई के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# रूस ने यूक्रेन पर किया भीषण हवाई हमला

- हमले के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर की बातचीत

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन ने शनिवार को रूस के एक प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा किया। वहीं, रूस ने शुक्रवार रातभर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन दागे। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में स्थित बोरिसोग्लबस्क एयरबेस पर हमला किया है, जिसे रूस के एसयू-34, एसयू35एस और एसयू-30एसएम लड़ाकू विमानों का प्रमुख अड्डा माना जाता है।

जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर कहा कि सेना ने एक एयरबेस को निशाना बनाया, जहां स्थित डिपो में ग्लाइड बम, एक प्रशिक्षण विमान और संभवतः अन्य विमान भी थे। रूसी अधिकारियों ने हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक रूस ने यूक्रेन पर 322 ड्रोन छोड़े। इनमें से ज्यादातर ड्रोन को यूक्रेन की रक्षा प्रणाली ने रोक दिया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, इस हमले का मुख्य लक्ष्य यूक्रेन का पश्चिमी क्षेत्र खमेलनित्स्की था, जहां कोई नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। रूस ने शुक्रवार की रात को यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 26 अन्य घायल हो गए। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। जेलेंस्की के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने, संभावित संयुक्त हथियार निर्माण और युद्ध समाप्ति के प्रयासों पर चर्चा की।

### रूस के प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा

**कीव।** यूक्रेन ने शनिवार को रूस के एक प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा किया। वहीं, रूस ने शुक्रवार रातभर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन दागे। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में स्थित बोरिसोग्लबस्क एयरबेस पर हमला किया है, जिसे रूस के एसयू-34, एसयू35एस और एसयू-30एसएम लड़ाकू विमानों का प्रमुख अड्डा माना जाता है।

# पोप ने बाल दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का दिया संकेत

- कैथोलिक ईसाई पंथ के सर्वोच्च नेता ने की अपील

**रोम, एजेंसी**



कैथोलिक ईसाई पंथ के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने शनिवार को फ्रांस के बिशप थिबॉल्ट वर्नी को वेटिकन के बाल संरक्षण सलाहकार आयोग का प्रमुख नियुक्त करके पादरियों द्वारा बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता का संकेत दिया। वर्नी (59)ने बोस्टन के सेवानिवृत्त आर्कबिशप अमेरिकी कार्डिनल सीन ओमैली की जगह ली है।

ओमैली नाबालिगों की सुरक्षा के लिए पोंटिफिकल कमीशन के संस्थापक अध्यक्ष थे, जो पोप फ्रांसिस द्वारा 2014 में स्थापित एक सलाहकार समूह है। इसका उद्देश्य चर्च को दुर्व्यवहार से लड़ने और बच्चों की सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम तरीकों पर सलाह देना है। पोप के तौर पर फ्रांसिस के 12 साल कार्यकाल के दौरान जब बाल उत्पीड़न के मामले वैश्विक स्तर पर आने लगे तो आयोग ने शुरू में अपना प्रभाव खो दिया और इसकी सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश आरोपी पादरियों को बचाने वाले बिशप की सुनवाईके लिए एक न्यायाधिकरण गठित करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्षों के सुधार व नए सदस्यों के बाद, यह एक ऐसा स्थान बन गया है जहां पीड़ितों की सुनवाई हो सकती है और बिशप दुर्व्यवहार से लड़ने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने पर सलाह ले सकते हैं।

# कर्नाटक में पांच बाघों की मौत, दो अधिकारी किए गए निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांडरे ने माले महादेश्वर (एमएम) पहाड़ियों में पांच बाघों की अप्राकृतिक मौत के संबंध में लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में चूक के लिए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने इस मामले में उप वन संरक्षक (डीसीएफ) वाई चक्रपाणि को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। एमएम हिल्स के हुग्याम रेंज में 26 जून को एक मादा बाघिन और उसके चार शावक मृत पाए गए थे। खांडरे ने चक्रपाणि के आचरण की विभागीय जांच की भी सिफारिश की। घटना के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। खांडरे का यह निर्णय अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) कुमार पुष्कर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आया।

# जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं: बिलावल

- कहा- नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नयी दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने शुक्रवार को अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

डॉन अखबार में प्रकाशित खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बिलावल ने यह टिप्पणी की। बिलावल ने कहा,पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है।

बिलावल ने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाकिस्तान से संबंधित थे, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा, भारत कुछ बुनियादी चीजों का पालन करने से इनकार कर रहा है जिसकी दोषसिद्धि के लिए आवश्यकता होती है।

# झारखंड में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से चार की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध खनन के दौरान बंद पड़ी कोयला खदान का एक हिस्सा ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना जिले के कुजू चौकी के कर्मा इलाके में तड़के घटी।

रामगढ़ के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने कहा,'दुर्घटना स्थल से चार शव बरामद कर लिये गए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हालांकि, पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण तीन शव वहां से ले गये। प्रशासनिक टीम सुबह से ही राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह घटना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक बंद पड़ी कोयला खदान में हुई।

# सैफ व उनके परिवार को 15,000 करोड़ की पैतृक संपत्ति मामले में झटका, फिर से सुनवाई का आदेश

- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने दो दशक पहले दिए गए अधीनस्थ अदालत के फैसले को किया खारिज

**जबलपुर, एजेंसी**



अभिनेता सैफ अली खान व उनके परिवार को झटका देते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने संपत्ति मामले में दो दशक पहले दिए गए अधीनस्थ अदालत के फैसले को खारिज कर दिया और मामले में फिर से सुनवाई का आदेश दिया है। सैफ अली और उनके परिवार को भोपाल के पूर्व शासकों की 15,000 करोड़ की संपत्ति विरासत में मिली थी।

30 जून को दिये अपने आदेश में, न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकल पीठ ने अधीनस्थ अदालत के फैसले और डिक्री को खारिज कर दिया, जिसमें पटौदी (सैफ अली खान, उनकी मां शर्मिला टैगोर और उनकी दो बहनों सोहा और सबा) को संपत्तियों का मालिक माना गया था। इसने निचली अदालत को एक साल के भीतर मामले की सुनवाई पूरी करने और फैसला देने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया। नवाब हमीदुल्लाह भोपाल रियासत के अंतिम शासक नवाब थे। उनकी और उनकी पत्नी मैमूना सुल्तान की तीन बेटियां - आबिदा, साजिदा और राबिया - थीं। साजिदा ने इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी की और भोपाल की नवाब बेगम बन गईं। उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी ने शर्मिला टैगोर से शादी की। मंसूर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे। नवाब हमीदुल्लाह की सबसे बड़ी बेटी आबिदा के पाकिस्तान चले जाने के बाद, साजिदा इन संपत्तियों की मालिक बन गईं। बाद में, उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी इन संपत्तियों के उत्तराधिकारी बन गए।

इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत लगभग 15,000 करोड़ रुपये है, जो सैफ अली और उनके परिवार को विरासत में मिली। दो अपीलें - एक बेगम सुरैया राशिद एवं अन्य द्वारा और दूसरी नवाब मेहर ताज साजिदा सुल्तान एवं अन्य द्वारा दायर की गईं, जो सभी दिवंगत नवाब हमीदुल्लाह के उत्तराधिकारी हैं। इन अपील में कहा गया कि निचली अदालत ने शाही संपत्ति के अनुचित विभाजन के खिलाफ उनके मुकदमों को खारिज कर दिया।

**कार्यक्रम** दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर जारी अफवाहों पर लगाया विराम

# मुझे उम्मीद है मैं 30-40 साल और जीवित रहूंगा : दलाई लामा

**धर्मशाला, एजेंसी**

दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर जारी अफवाहों पर एक प्रकार से विराम लगाते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह लोगों की सेवा के लिए 30-40 साल और जीवित रहेंगे। मैकलोडगंज में मुख्य दलाई लामा मंदिर त्सुगलागखांग में रविवार को आयोजित होने वाले जन्मदिवस कार्यक्रम से पूर्व दीर्घायु प्रार्थना समारोह में तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि उन्हें स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद उनके साथ है।

तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु ने कहा कि आपकी प्रार्थनाएं अब तक फलदायी रही हैं। बचपन से ही उन्हें लगता था कि उनका अवलोकितेश्वर से गहरा नाता है। उन्होंने कहा, मैं अब तक बुद्ध धर्म और तिब्बत के लोगों की अच्छी तरह से सेवा कर पाया हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं 130 साल से ज्यादा जीऊंगा। निर्वासित तिब्बती सरकार ने 14वें दलाई लामा का जन्मदिन मनाने के लिए यहां एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। समारोह के हिस्से के रूप में मुख्य मंदिर में दीर्घायु प्रार्थना समारोह आयोजित किया गया जिसमें 15,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रवक्ता तेनजिन लेक्षय के अनुसार, मंदिर में श्रद्धालुओं, तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधियों, विभिन्न मठों के वरिष्ठ लामाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दलाई लामा ने कहा कि हालांकि तिब्बती लोग अपना देश खो चुके हैं और भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन वह प्राणियों को काफी लाभ पहुंचाने में सक्षम रहे हैं।



मैकलोडगंज में अपने जन्मदिवस के अवसर पर दलाई लाला।

### धर्म गुरु बोले- हर कोई खुशी पाने का प्रयास करता है

दलाई लामा ने चीनी नेता माओत्से तुंग से मुलाकात को भी याद किया, जिन्होंने कहा था, धर्म जहर है। दलाई लामा ने कहा, लेकिन मैंने उनकी बात का जवाब नहीं दिया, उन्होंने वास्तव में बहुत बुरी नजर डाली, लेकिन मैंने जवाब नहीं दिया। मुझे दया आई, फिर बाद में मैं नेहरू से मिला। अपने पूरे जीवन में मैं ऐसे लोगों से मिला हूं जिनकी धर्म में रुचि है और ऐसे लोगों से भी मिला जिनकी धर्म में रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मग्रंथों में लोगों की अलग-अलग मानसिक प्रवृत्तियों और स्वभाव की बात कही गई है लेकिन इसके बावजूद हर कोई खुशी पाने का प्रयास करता है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी की घोषणा की अफवाहें उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले से ही उठ रही थीं, लेकिन चीन के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर इन अफवाहों का खंडन किया गया। सेंट्रल तिब्बती प्रशासन के अध्यक्ष पेंपा शीरिंग ने ऐसी अफवाहों को खारिज किया है।